रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 28 सितम्बर 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-39 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बिक्रमादित्य ने कांग्रेस आलाकमान को दी सफाई



**नई दिल्ली।** कांग्रेस में हिमाचल प्रदेश के शहरी विकास मंत्री बिक्रमादित्य सिंह के बयान को लेकर गहरी नाराजगी का माहौल है और आलाकमान के कहने पर यहां पहुंचे सिंह पिछले दो दिन से पार्टी नेतृत्व को अपने बयान को लेकर सफाई दे रहे हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार बिक्रमादित्य और उनकी मां एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह पिछले दो दिनों से पार्टी हाईकमान के समन पर राष्ट्रीय राजधानी में डेरा डाले हैं और आज उन्होंने पार्टी के कई प्रमुख नेताओं से मुलाकात की। आलाकमान के रुख को देखते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि विवाद खड़ा करना उनका मकसद नहीं था।

### प्रौद्योगिकी संचालित युद्ध में त्वरित निर्णय लेने में सक्षम रणनीतिकारों की जरूरत : जनरल चौहान



**नई दिल्ली ।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि प्रौद्योगिकी संचालित युद्धक्षेत्र में ऐसे रणनीतिकारों की जरूरत होगी जो त्वरित निर्णय लेने में सक्षम हों। जनरल चौहान ने तीनों सेनाओं के 'फ्यूचर वारफेयर कोर्स' में समापन भाषण देते हुए जोर देकर कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, स्टील्थ टेक्नोलॉजी और हाइपरसोनिक्स में प्रगति तथा रोबोटिक्स भविष्य के युद्धों का स्वरूप तय करेंगे। उन्होंने कहा कि विशिष्ट प्रौद्योगिकियों के प्रसार, युद्ध के बदलते स्वरूप और हाल के संघर्षों से सीखे गए सबक से पता चलता है कि सुरक्षित माहौल के लिए भविष्य में ऐसे रणनीतिकारों की आवश्यकता है जो आधुनिक युद्ध की बारीकियों को समझने में सक्षम हों। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए यह कोर्स भविष्य के रुझान, वायु और अंतरिक्ष युद्ध, समुद्री संचालन और बहु-डोमेन संचालन जैसे भविष्य के युद्ध से संबंधित प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित था।

### शिक्षक भर्ती मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट का आदेश किया खारिज



**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय ने स्वैच्छिक शिक्षकों की भर्ती पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक आदेश को खारिज करते हुए कहा कि उच्च न्यायालय सिर्फ कुछ पत्रों के आधार पर बिना कारण बताए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच का आदेश देने की अपनी शक्ति का प्रयोग नहीं कर सकता। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की खंडपीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया।

# मुख्यमंत्री साय ने दुर्ग नगर में किए 23 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < दुर्ग
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुर्ग नगर के वार्ड नंबर 03 में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में 22 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरूण साव, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव और रिकेश सेन, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि और प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने जिन कार्यों का भूमिपूजन किया उनमें 1 करोड़ 98 लाख 39 हजार रूपए की लागत से उरला में खेल मैदान का विकास कार्य, 88 लाख 47 हजार रूपए लागत से सड़क सुरक्षा हेतु राजेन्द्र पार्क चौक में विकास कार्य, 1 करोड़ 66 लाख 02 हजार रूपए लागत से विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण कार्य, 1 करोड़ 35 लाख 41 हजार रूपए लागत से विभिन्न वार्डों में 8 स्थानों पर डामरीकरण व 1 स्थान पर पेवर ब्लॉक, 1 करोड़ 99 लाख 43 हजार रूपए लागत से गया नगर 33 के.वी. पावर स्टेशन के पास डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सर्वसमाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य, 49 लाख 98 हजार रूपए लागत से वार्ड क्रमांक 15 सतनाम भवन आयुर्वेदिक अस्पताल के पीछे सांस्कृतिक भवन निर्माण कार्य, 8 करोड़ 33 लाख रूपए लागत से शहर के विभिन्न वार्डों में कुल 59 कार्य (सड़क, नाली पुलिया निर्माण), 2 करोड़ 72 लाख 37 हजार रूपए लागत से वार्ड क्रमांक 32 शिक्षक नगर में वाटर सप्लाई पार्ट ए एवं बी, 25 लाख रूपए की लागत से राजेन्द्र पार्क चौक पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापना, 50 लाख रूपए की लागत से गोंडवाना भवन के प्रथम तल में अतिरिक्त हॉल निर्माण कार्य, 2 करोड़ 14 लाख रूपए लागत से विधायक निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य तथा 65 लाख रूपए लागत से प्रभारी मंत्री निधि अंतर्गत विभिन्न विकास कार्य का भूमिपूजन शामिल है।

## मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियां दुर्घटनाग्रस्त



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के काफिले की 2 गाड़ियां गाय को बचाने के चक्कर में आपस में टकरा गई है। हादसे में मुख्यमंत्री की गाड़ी बाल बाल बची है। मिली जानकारी के अनुसार, गाय को बचाने के चक्कर में कारकेट की गाड़ियां आपस में भिड़ गई और डिवाइडर से भी टकराई। इस दौरान सीएम साय की गाड़ी बाल-बाल बच गई। हादसा जिला अस्पताल दुर्ग के सामने हुआ है, वहीं घटना के बाद भी काफिला नहीं रुका, सीधे प्रथम बटालियन के लिए निकला। हादसे में दोनों ही गाड़ियां छतिग्रस्त हुई है।

# भाजपा सरकार जनता को सुरक्षा देने में नाकामयाब : बैज

## आदमी जिंदा जलाये जा रहे हैं, एसपी-कलेक्टर कार्यालय में आग लगा दी जा रही है



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कांग्रेस की 6 दिवसीय छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का शुभारम्भ गिरौदपुरी धाम से पूजा अर्चना के साथ हुआ। यात्रा की शुरुआत के पहले पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने शिवरी नारायण में भगवान श्री राम एवं माता शबरी के मंदिर का दर्शन किया। उसके बाद सोनाखान में शहीद वीर नारायण सिंह की जन्मस्थली जा कर नमन करने के बाद बाबा गुरु घासीदास की तपोभूमि गिरौदपुरी में गुरु-गद्दी का दर्शन कर प्रदेश में शांति की बहाली सभी के सुख, शांति की कामना किया। प्रथम दिन की यात्रा की शुरुआत में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, राष्ट्रीय प्रभारी सचिव गण एस सम्पत, जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष मोहन मरकाम, सांसद ज्योत्सना महंत, डॉ शिव कुमार डहरिया, कवासी लखमा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के विधायक, पदाधिकारी और हजारों की संख्या में जन सामान्य उपस्थित थे। यात्रा की शुरुआत के पहले प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा यह यात्रा राज्य के बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था के खिलाफ है। प्रदेश की भाजपा सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुई है। प्रदेश में महिलायें, युवतियाँ सुरक्षित नहीं है। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनाओं से प्रदेश चिंतित है। राज्य में आदमी जिंदा जलाये जा रहे है। एसपी, कलेक्टर कार्यालय में आग लगाई जा रही, पुलिस और सरकार आम आदमी को सुरक्षा दे पाने में नाकाम साबित हुए है। दुर्भाग्यजनक है कि सरकार आपराधिक घटनाओं को रोकने के बजाय उसमें लीपापोती और पर्दा डालने में लगी है। बलौदाबाजार में निर्दोष लोगों की गिरफ्तारी की गयी। कवर्धा के लोहारीडीह में पुलिस के सामने एक व्यक्ति को घर में जला दिया गया। एक की पुलिस प्रताड़ना से मौत हो गयी। भाजपा सरकार ने पुलिस को उसके मूल काम से हटा कर षड्यंत्र में लगा रखा है। हमारे यात्रा का उद्देश्य जनता की तकलीफ को आवाज देना है, हम गूंगी बहरी निकम्मी सरकार को जगाना चाहते है। जब तक छत्तीसगढ़ का एक भी नागरिक असुरक्षित है हम चुप नहीं बैठेंगे। पहले दिन की यात्रा में प्रमुख रूप से पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, फूलोदेवी नेताम, पूर्व मंत्री प्रेम साय सिंह टेकाम, जयसिंह अग्रवाल, कवासी लखमा, पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, प्रभारी महामंत्री मलकीत गैदू, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम टेकाम, विधायकगण कविता प्राण लहरे, रामकुमार यादव, अटल श्रीवास्तव, संदीप साहू, हर्षिता बघेल, जनक ध्रुव, भोला राम साहू, चातुरी नंद, शेषराज हरवंश, विक्रम मंडावी, उत्तरी जांगड़े शामिल हुए। पहले दिन की यात्रा कुल 20.7 किमी चलेगी। पहले आमोदी में दोपहर भोजन के साथ हुआ। रात्रि विश्राम कसडोल में होगा। दूसरे दिन की यात्रा लवन से शुरू होगी।

## जीएसटी नहीं 'गब्बर सिंह टैक्स' : राहुल गांधी

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) को अत्यधिक जटिल बनाकर रखा है जिसने अर्थव्यवस्था की जान छोटे और लघु उद्योगों की क्षमता को कुचल कर रख दिया है, इसलिए कांग्रेस की सरकार बनने पर जीएसटी को सरल बनाया जाएगा। गांधी ने जीएसटी को विचित्र 'गब्बर सिंह टैक्स' करार देते हुए कहा है कि यह एमएसएमई की लाभप्रदता और उत्पादन क्षमता को कुचल रहा है। उन्होंने कहा, इससे अधिक परेशान करने वाली और क्या बात हो सकती है। संघर्षरत छोटे व्यवसाय मालिकों की वाजिब समस्याओं को हल करने की बजाय भाजपा नेता और मंत्री अहंकार और अनादर का सहारा लेते हैं।

## स्टालिन ने मोदी से की मुलाकात

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में मुलाकात की और चेन्नई मेट्रो रेल के लिए मंजूरी और समग्र शिक्षा योजना (एसएस) के तहत फंड जारी करने के अलावा मछुआरों के पारंपरिक मछली पकड़ने के अधिकारों के संरक्षण को लेकर स्थायी समाधान खोजने की मांग की। स्टालिन ने प्रधानमंत्री को राज्य से संबंधित इन तीन मुद्दों पर एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने केंद्र और तमिलनाडु सरकारों के बीच 50-50 इक्विटी शेयरिंग के आधार पर चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना (द्वितीय चरण) के लिए मंजूरी मांगी।

# ड्राइवर सप्लाई करने वाली कंपनी संभाल रही डायल 112 का कंट्रोल रूम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

डायल 112 के संचालन में ड्राइवर सप्लाई करने वाली कंपनी वर्तमान में पूरे प्रोजेक्ट का संचालन अकेले कर रही है। जिसे न तो आईटी सपोर्ट सिस्टम की जानकारी है न ही कॉल सेंटर का कोई अनुभव है। इस पूरे प्रोजेक्ट की बात करें तो डायल 112 एक्के नंबर सब्बो बर का संचालन तीन कंपनियों द्वारा मिलकर किया जाना था। यानी यह काम तीन भागों में बंटा हुआ था जिसकी जिम्मेदारी तीन अलग-अलग कंपनियों के पास थी। मगर वर्तमान में ऐसा न होकर 112 प्रोजेक्ट की स्टेयरिंग ड्राइवर सप्लाई करने वाली कंपनी संभाल रही है। डायल 112 का संचालन टाटा कंपनी के हाथों में था और उसके पास आईटी सपोर्ट व मेंटेनेंस, डिस्ट्रिक्ट कंट्रोल रूम, कॉल सेंटर, गाडियों की रिपेयरिंग व फ्यूलिंग जैसे कामों की जवाबदारी थी। टाटा के साथ एक सहयोगी कंपनी थी रोल्टा, जो पूरे प्रोजेक्ट के आईटी सपोर्ट का काम करती थी। प्रोजेक्ट के बीच यह कंपनी बैंक करप्ट हो गई और आईटी सपोर्ट का काम टाटा कंपनी करने लगी। साथ ही रोल्टा के सारे कर्मचारियों को टाटा ने अपने आईटी प्रोग्राम के लिए टेकओवर कर लिया। अब आती है इस प्रोजेक्ट के तीसरी कंपनी एबीपी की बात, जिसका मुख्य काम था ड्राइवर सप्लाई करना। यानी प्रदेशभर में डायल 112 की गाड़ियों के संचालन के लिए ड्राइवर उपलब्ध कराना इस कंपनी का काम था। इस प्रोजेक्ट का टेंडर 30 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुका था। उस दौरान प्रदेश में विधानसभा चुनाव सर पर थे तो इस प्रोजेक्ट को 6 महीने के लिए एक्सटेंशन दिया गया। इन 6 महीनों के लिए एबीपी कंपनी को मेंटेनेंस का काम सौंपा गया और टाटा कंपनी गाड़ियों में फ्यूलिंग करती रही। अब फरवरी 2024 में टाटा ने फ्यूलिंग का काम बंद कर दिया और यह काम भी एबीपी को मिल गया। इसके बाद अगस्त 2024 तक टाटा काम समेटते हुए कॉल सेंटर भी सुपुर्द कर दिया तो एक सितंबर को इसकी कमान भी एबीपी संभालने लगी। अब टाटा ने आईटी सपोर्ट देना बंद कर दिया तो आनन-फानन में यह काम भी एबीपी को ही दे दिया गया। यानी अब एक ड्राइवर सप्लाई करने वाली कंपनी के हाथ लगभग पूरे प्रदेश के डायल 112 के संचालन की जिम्मेदारी है, जिसके पास इन सब का कोई अनुभव नहीं हैं। डायल 112 की 400 गाड़ियां प्रदेशभर में दौड़ रही हैं और हर माह चार करोड़ रुपयों का भुगतान कंपनी को किया जा रहा है। डायल 112 'एक्के नंबर सब्बो बर' का संचालन करने छत्तीसगढ़ सरकार आउटसोसिंग करती है और देश के प्रतिष्ठित कंपनियों को इसकी कमान सौंपती है। वर्तमान में एबीपी के हाथ में पूरा प्रोजेक्ट है, जिसके खिलाफ 2021 में गृह मंत्री को शिकायत की गई है। इस कंपनी ने महतारी एक्सप्रेस 102 एम्बुलेंस के संचालन का टेंडर पाने पुलिस विभाग का जाली प्रमाण पत्र पेश किया था। वहीं, पूरे प्रोजेक्ट को संभाल रही एबीपी कंपनी अब अनुभव लेकर खुद टेंडर डालने की तैयारी कर रही है।

## सदनों में सहमति-असहमति पर मर्यादित बहस से लोकतंत्र मजबूत होता है : बिरला



**मिज़ोरम (वार्ता)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विधायी कार्यों में जनता की आशाओं और अपेक्षाओं को प्रमुखता देने पर जोर देते हुए कहा है कि सदनों में सहमति-असहमति पर मर्यादित बहस से लोकतंत्र मजबूत होता है। ओम बिरला ने मिज़ोरम विधान सभा में आयोजित राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन -3 के 21वें सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदुहोमा, राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, नागालैंड विधानसभा के अध्यक्ष और सीपीए इंडिया क्षेत्र, जोन - 3 के अध्यक्ष शेरिंगेन लोंगकुमेर, मिजोरम विधानसभा के अध्यक्ष लालबियाकजामा और मिजोरम विधानसभा के उपाध्यक्ष लालफामकिमा उपस्थित रहे। मिजोरम विधानसभा के सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मलेन के मुख्य विषय, 'लोकतान्त्रिक शुचिता, पारदर्शिता, जवाबदेही और लोकतंत्र से परिणाम' पर बोलते हुए बिरला ने कहा कि विधायी शुचिता और पारदर्शिता लोकतंत्र को सशक्त करने में सहायक सिद्ध होती है। उन्होंने कहा कि विधायिका की शुचिता बनाए रखना पीठासीन अधिकारियों का विशेष दायित्व है और इस दिशा में उन्हें सदैव सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदस्यों के गरिमामयी आचरण से पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

# हरियाणा त्याग, बलिदान की धरती है : अमित शाह



वार्ता < चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के रेवाड़ी में आयोजित जन आशीर्वाद रैली में कहा कि हरियाणा की धरती त्याग, बलिदान, शौर्य, ज्ञान, आध्यात्म और गीता की धरती है। उन्होंने कहा कि यदि आज देश की सीमायें सुरक्षित हैं तो इसमें हरियाणा की माताओं का अहम योगदान है, जो हरियाणा का हर दसवां सैनिक सेना में सेवा करने के लिये भेजती हैं। शाह ने जनसभा में याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव के प्रचार की शुरुआत हरियाणा से ही की थी। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तक कांग्रेस सरकार ने 40 सालों तक हरियाणा के सैनिकों की 'वन रैंक वन पेंशन' की मांग को पूरा नहीं किया, लेकिन मोदी ने 2015 में वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा कर दिया। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुये कहा कि कांग्रेस ने हमेशा सेना का अपमान किया है। कांग्रेस ही सेना अध्यक्ष को गुंडा कहने का दुस्साहस कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आजकल यह भ्रांति फैली रही है कि अग्निवीर बनकर सेना से वापस आये युवाओं को उनके हाल पर छोड़ दिया जायेगा, लेकिन आज वह वादा करके जाते हैं कि हरियाणा में हर अग्निवीर जवान को पेंशन वाली नौकरी दी जायेगी।

## सामुदायिक पर्यटन मॉडल और एडवेंचर पर्यटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित

# विश्व पर्यटन दिवस पर बस्तर के चित्रकोट और दूढमारस गांवों को मिला विशेष सम्मान

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ को पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए भारत सरकार ने सम्मानित किया है। बस्तर के चित्रकोट और ढूढमारस गांवों को भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित बेस्ट टूरिज्म विलेज प्रतियोगिता 2024 में विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में दिया गया। चित्रकोट को सामुदायिक पर्यटन मॉडल के लिए और ढूढमारस को एडवेंचर पर्यटन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए यह सम्मान दिया गया है। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय द्वारा दिए गए इस पुरस्कार को प्राप्त करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के सचिव अन्बलगन पी., छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य, और जंगल सफारी और जू रायपुर के निदेशक गणवीर धम्मशील उपस्थित थे। इसके साथ ही अनएक्सप्लोर्ड बस्तर के संस्थापक जीत सिंह आर्य, और स्थानीय समुदाय के प्रतिनिधि मंसिंग बघेल व सोनाधर बघेल (ढूढमारस), तथा खगेश्वर मौर्य व सुकमन कश्यप (चित्रकोट) भी इस सम्मान को प्राप्त करने के लिए मौजूद थे। इस सम्मान के साथ, छत्तीसगढ़ राज्य के पर्यटन को एक नई दिशा मिलेगी, और यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य की पहचान को सशक्त करेगा। गौरतलब है कि इन दोनों स्थानों पर पर्यटन को बढ़ावा देने में स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। ढूढमारस गांव अपनी रोमांचक एडवेंचर गतिविधियों के लिए पर्यटकों को आकर्षित करता है, जबकि चित्रकोट का जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर के कारण विश्वप्रसिद्ध है। इस सम्मान से इन दोनों पर्यटन स्थलों की पहचान और भी व्यापक हो गई है।

### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए दी बधाई

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने चित्रकोट और ढूढमारस ग्राम के लोगों और पर्यटन विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान छत्तीसगढ़ को एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूती देता है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि से राज्य के पर्यटन उद्योग को और गति मिलेगी। इसके लिए राज्य में वेलनेस टूरिज्म, एडवेंचर टूरिज्म और सांस्कृतिक धरोहर को बढ़ावा देने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# महाकाल मंदिर के पास दीवार गिरी, दो की मौत, कई घायल



पायनियर संवाददाता < उज्जैन
www.dailypioneer.com

उज्जैन में तेज बारिश के बीच महाकाल मंदिर के गेट नंबर चार के पास एक दीवार ढह गई। जिसके मलबे में दबने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, पांच लोग घायल हो गए। इनमें से एक महिला और 3 साल की मासूम को इंदौर रेफर किया गया है। बारिश के कारण प्रसाद बेचने वाले दीवार के पास आसरा लेकर अपने परिवार के छोटे-छोटे बच्चों के साथ बरसाती में बैठे हुए थे। दीवार एकाएक गिर गई, जिसमें प्रसाद बेचने वाले का परिवार मलबे में दब गया। हालांकि जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल बचाव अभियान चलाते हुए उन्हें जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया।

# प्रोफेशनल्स भी पॉलिटिक्स में आएं, भाजपा एकमात्र बेहतर विकल्प है : जेपी नड्डा

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com




भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने नालंदा परिसर में पहुंचकर छात्रों से भाजपा की सदस्यता की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत का जो सपना देखा है, उसे पूर्ण करने में युवाओं की भूमिका अहम होगी। प्रधानमंत्री स्वयं चाहते हैं कि प्रोफेशनल्स पॉलिटिक्स में नई सोच के साथ आएं। इससे राष्ट्र को नई दिशा मिलेगी। इसलिए युवाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि प्रोफेशनल के पॉलिटिक्स में आने से शुचिता की सोच को और बेहतर स्थान मिलेगा। हमारी लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत होंगी। इसलिए अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को राजनीति में आना चाहिए। नड्डा ने कहा कि देश में कुछ दल युवाओं को भ्रमित कर राजनीति करते रहे हैं। वह दल किसी से छिपा नहीं है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने युवाओं से भाजपा की सदस्यता की अपील की। छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण श्रद्धेय भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। उनके सपनों को पूर्ण करने प्रदेश में भाजपा की सरकार कार्य करती रही है। छत्तीसगढ़ राज्य अपना उदय के 25वें बसंत की ओर है। विकसित छत्तीसगढ़ का सपना हम सबका सपना है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा रायपुर पहुंचने के बाद विमानतल से सीधे केनाल रोड पहुंचे और वहां स्थित रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद नड्डा भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल व्यास के विधायक कॉलोनी स्थित निवास पहुंचे जहां उन्होंने व्यास व परिजनों से सौजन्य भेंट की व व्यास के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने व्यास को भाजपा की सदस्यता प्रदान की। लगभग आधा घंटा नड्डा व्यास निवास पर रुके।

## दिल से, दल से, जुड़े कमल से : जे.पी. नड्डा

भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने प्रदेश कार्यालय में सदस्यता अभियान की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समुचे राष्ट्र से संगठन के महापर्व में जुड़ने का अपील कर रहे हैं। यह महापर्व हम सब के लिए सदैव अविस्मरणीय हो। हम सबको प्रधानमंत्री के इस सूत्र वाक्य को अंतिम व्यक्ति तक ले जाने की जरूरत है। दिल से, दल से, जुड़े कमल से। पूरे देश के साथ छत्तीसगढ़ में भाजपा के सदस्य बनने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। हम अपने लक्ष्यों को पूर्ण कर लेंगे। हमें पूर्ण विश्वास है इस दिशा में पार्टी कार्यकर्ता जुटा हुआ है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में संख्याबल जरूरी है लेकिन वैचारिक बल के आधार पर कार्य कर रहे हैं जिसमें प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन,प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सदस्यता अभियान राष्ट्रीय प्रभारी विजया राहटकर, प्रदेश प्रभारी अनुराग सिंहदेव सहित मंत्री, सांसद, विधायक, जिलापंचायत अध्यक्ष, महापौर, सहित प्रदेश सदस्यता अभियान टोली, प्रदेश महामंत्री, संभाग प्रभारी, सहप्रभारी मौजूद थे।

## आप सभी के स्वागत से अभिभूत हूं

राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा का माना विमानतल पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत् किया। इस स्वागत से वे राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिभूत हुए उन्होंने पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार माना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय, लता उसेंडी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, राज्यसभा सांसद राजा देवेंद्र प्रताप सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कांकेर सांसद भोजराज नाग, रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया, जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, महासमुंद सांसद रूप कुमारी चौधरी, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वाणिज्य एवं उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, भाजपा मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक, अमर अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, पुन्नू लाल मोहले, रेणुका सिंह, बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा,महिला मोर्चा की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर, भूपेंद्र सवन्नी, लक्ष्मी वर्मा, रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भारत लाल वर्मा, जगदीश (रामू) रोहरा, रामजी भारती, प्रदेश मंत्री पदाधिकारी, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किराना दुकानदार ध्यान दें... खाद्य एवं अखाद्य सामग्रियों का भंडारण, प्रदर्शन और विक्रय, मानक दूरी में करें

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com



किराना दुकानें कृपया ध्यान दें- खाद्य एवं अखाद्य सामग्रियों के भंडारण, प्रदर्शन और विक्रय करने की जगह के बीच मानक दूरी बनाएं रखें। सावधानी बेहद आवश्यक होगी चींटी, कॉकरोच, मच्छर और चूहे से बचाव के उपाय का रखना और विक्रय करना। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दीप पर्व के पूर्व तैयार हो रहे बाजार के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि जांच के दौरान इस पर गहरी नजर रखी जाएगी क्योंकि दुकानें अभी भी नियम का पालन नहीं कर रहीं हैं। और हां, यह एडवाइजरी डीलर और सबडीलर पर भी समान रूप से प्रभावी होगी।

### पहली बार सख्त

चींटी, कॉकरोच, मच्छर और चूहे से बचाव की सामग्रियों के साथ फिनायल को हाउस होल्ड प्रोडक्ट कैटेगरी में रखा गया है। ब्लेड, सुई और माचिस भी इसी श्रेणी में आते हैं लेकिन दुकानें भंडारण, प्रदर्शन और विक्रय बेहद लापरवाह तरीके से कर रहीं हैं। घातक हो सकती है यह लापरवाही। इसे अक्षम्य माना जा रहा है। इसलिए जांच के पूर्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है।

### रखें मानक दूरी

साबुन, सोडा, शैंपू, अखाद्य तेल, शेविंग क्रीम, टूथपेस्ट, फेस पाउडर, मोमबत्ती, वैसलीन के अलावा सिर दर्द, जुकाम और बदन दर्द से राहत देने वाले बाम भी बेचती हैं किराना दुकानें। इसके अलावा कई और भी सामग्रियां हैं, जिन्हें हाउस होल्ड प्रोडक्ट कैटेगरी में रखा गया है लेकिन इनका भी भंडारण, प्रदर्शन और विक्रय एक साथ किया जा रहा है। जबकि अहम है मानक दूरी के नियम का पालन। लिहाजा जांच के दौरान इस पर भी ध्यान होगा।

### हिदायत होलसेल मार्केट को भी

प्रशासन ने होलसेल मार्केट को भी हिदायत दी है कि उत्पादक कंपनियों से परिवहन के दौरान खाद्य एवं अखाद्य सामग्रियों को लेकर सतर्कता को लेकर आवश्यक जानकारियां दें। परिवहन के बाद पहुंची सामग्रियों के भंडारण के दौरान सतर्कता और मानक दूरी के नियमों का पालन थोक बाजार को भी करना आवश्यक होगा। जांच इस क्षेत्र की भी करने की योजना है।

### पालन अनिवार्य

एडिबल और नॉन एडिबल प्रोडक्ट के परिवहन, भंडारण, प्रदर्शन और विक्रय की जगह के बीच मानक दूरी रखना आवश्यक है। जांच में ऐसा होना नहीं मिला, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**- उमेश वर्मा,** खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार

# पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com




थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा सिद्धबाबा रोड तरफ सुलभ शौचालय के सामने भाटापारा में घेराबंदी कर बाइक के माध्यम से अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए आरोपी भूपेंद्र को पकड़ा गया था। प्रकरण में आरोपी से 27,750 कीमत मूल्य का 49 की संख्या में छोटे-छोटे पैकेट में बंधा ब्राउन शुगर एवं 220 कीमत मूल्य का 31 नग नाइट्रा टैबलेट (नशे की गोलियां) जप्त किया गया। सांथ ही आरोपी से अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं नशे की गोलियां खपाने में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल एवं एक मोबाइल भी जप्त किया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में अपराध क्र. 439/2024 धारा 8(ग), 21(ख), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा जांच विवेचना करते हुए भाटापारा शहर में ब्राउन शुगर की खपत करने वाले, सप्लाई चैन की कड़ी-दर-कडी को जोड़ना प्रारंभ किया गया। साथ ही गिरफ्तार आरोपी भूपेंद्र से विस्तृत एवं मनोवैज्ञानिक ढंग से पूछताछ करने पर एक अन्य आरोपी राज के संबंध में पता चला, जिसने इस सप्लाई चैन में बीच की कड़ी बनते हुए भाटापारा शहर में बेचने के लिए, कलकत्ता पश्चिम बंगाल से ब्राउन शुगर लाकर आरोपी भूपेंद्र को दिया था। इस दौरान भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा आरोपी राज को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें उसके द्वारा कलकत्ता पश्चिम बंगाल से ब्राउन शुगर लाकर बेचने के लिए गिरफ्तार आरोपी भूपेन्द्र को देना स्वीकार किया। भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए शहर में ब्राउन शुगर बेचने वाले एवं उस ब्राउन शुगर को दीगर राज्य से लाकर शहर में बेचने के लिए सप्लाई करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण, पढ़ाई और अच्छे पोषण के साथ मिलेगी विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में प्रचलित 8-10 महत्वपूर्ण खेलों को चिन्हांकित कर खिलाड़ियों को आवासीय प्रशिक्षण, पढ़ाई और अच्छे पोषण के साथ विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएं। हमारे खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में मेडल जीते, हम इसी लक्ष्य के साथ खेल सुविधाओं के विस्तार पर काम कर रहें हैं। हमें अपनी खेल प्रतिभाओं को विश्व पटल पर लेकर जाना है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज अपने निवास कार्यालय में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा उपरांत अधिकारियों को निर्देशित करते हुए यह बातें कहीं। इस दौरान खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री साय ने अधिकारियों से प्रदेश में मौजूद खेल अधोसंरचनाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरगुजा से लेकर बस्तर तक युवाओं में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है, हमें उसे निखारने की आवश्यकता है। साय ने अधिकारियों से केन्द्रीय स्तर पर स्वीकृति के लिए भेजे प्रस्ताव की जानकारी सूचीबद्ध कर उपलब्ध कराने को कहा ताकि अपने दिल्ली प्रवास के दौरान इन पर चर्चा की जा सके। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश में खेलो इंडिया सेंटर के संचालन के संबंध में जानकारी ली और अधिकारियों को इसका सतत निरीक्षण करने को कहा। साय ने एनटीपीसी के सहयोग से जशपुर जिले के सन्ना में तैयार होने वाले नेशनल आर्चरी अकादमी का जिक्र करते हुए कहा कि इस पहल से इस दूरस्थ इलाके का विकास होगा, साथ ही इस इलाके में रहने वाले पहाड़ी कोरवा, जो स्वाभाविक रूप से तीरंदाजी में माहिर होते हैं, उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर भी मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने नियद नेल्ला नार योजना अंतर्गत नक्सल प्रभावित इलाकों में खेल सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से लिए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुए हाल ही में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को फलने फूलने का पूरा अवसर मिले, हमें यह सुनिश्चित करना है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान : जोन 8 के सफाई मित्रों सहित दुर्गा कॉलेज एनसीसी विंग के विद्यार्थियों ने महादेवघाट विसर्जन कुंड की सफाई श्रमदान से की

पायनियर संवाददाता ‹ रायपुर
www.dailypioneer.com



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम जोन 8 स्वास्थ्य विभाग, स्वच्छ भारत मिषन शाखा द्वारा जोन 8 के तहत माघव राव सप्रे वार्ड रायपुरा के महादेवघाट के किनारे पुराने विसर्जन कुंड स्थल एवं उसके आस पास नगर निगम जोन 8 सफाई मित्रों के साथ मिलकर दुर्गा कालेज राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी विंग के विद्यार्थियों ने सफाई श्रमदान कर कचरा उठाकर जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा हेतु स्वच्छता कायम कर स्वच्छ पर्यावरण का सकारात्मक संदेष जन-जन को दिया। दुर्गा कालेज एनसीसी विंग के प्रभारी शिक्षक डॉ. विजय चौबे ने एनसीसी विंग के विद्यार्थियों सहित नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर ए.के. हालदार, कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, स्वच्छ भारत मिशन कार्यपालन अभियंता रधुमणी प्रधान, जोन सहायक अभियंता ईश्वर लाल टावरे, स्वच्छ भारत मिशन सहायक अभियंता योगेश कडु, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन सहित सभी सफाई मित्रों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों, आमजनों को स्वच्छ पर्यावरण की सामूहिक शपथ दिलवायी।

# भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे : शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाटापारा विधानसभा के ग्राम अकलतरा में 'मोर बूथ, मोर अभियान' कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही भाटापारा नगर के गुरुनानक वार्ड एवं नयापारा वार्ड के कृष्णा नगर कालोनी में भी पहुंच कर लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाई। शिवरतन शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि विश्व की नम्बर 01 राजनीति पार्टी भाजपा की 6 वर्षो के बाद सदस्यता समाप्त हो जाती है, इसलिए पूरे देश में व्यापक स्तर से सदस्यता अभियान चालाया जा रहा है। भाजपा का एक-एक नेता व कार्यकर्ताओं को सदस्यता बनाने का लक्ष्य दिया गया है, भाजपा ने देश-प्रदेश व बूथ के लिए जो लक्ष्य तय किया है, हमारे कार्यकर्ता उसे आसानी से प्राप्त करेंगे। शिवरतन शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं कि चुनाव, जिला, संसदीय-विधानसभा क्षेत्र स्तर पर नहीं लड़ा जाता है, बल्कि चुनाव का कुरुक्षेत्र बूथ होता है। बूथ जीता तो चुनाव जीता। बूथ मजबूत है तो चुनाव पक्ष में है। इसी बुनियादी बात को ध्यान में रखकर भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में स्थापित हुई है। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती को अपने सदस्यता महाभियान की तिथि के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। भाटापारा विधानसभा की टीम बधाई की पात्र है, जिसने हर बूथ पर 100 सदस्य बनाने के बड़े अभियान को अपने हाथ में लिया है। शिवरतन शर्मा ने कहा कि 70 वर्ष पहले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय राजनीति को जो दृष्टि दी थी, वह आज भी प्रासंगिक बनी है। बता दें कि 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पार्टी पदाधिकारियों के सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही भाजपा का यह संगठन महापर्व अनवरत चल रहा है। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा चुनावी राज्यों को छोड़कर 10 करोड़ सदस्यता का लक्ष्य दिया गया है। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती पर पार्टी ने तय किया था कि छत्तीसगढ़ के सभी मतदान केंद्रों पर मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष सहित, प्रदेश पदाधिकारी, सभी मंत्री, विधायक, सांसद, कार्यकर्ता, जिला मंडल पदाधिकारी जाएंगे और कम-से-कम 100 सदस्य बनाएंगे। इस दौरान बूथों पर 5 से 7 घंटे रहकर वहां के लोगों से मुलाकात करना है, इसी कड़ी में सभी ने अपने दायित्वों का निर्वाहन करते हुए पार्टी की सदस्यता को एक ही दिन में बड़ी छलांग लगवाई है।

## सभी के द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन

# समाज प्रमुखों एवं रचनात्मक जनों की रही उपस्थिति, रामायण मेला में सहयोग की हुई अहम अभिव्यक्ति

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन के रुप मे एक महत्वपूर्ण पहल की ओर बढ़ रहे भाटापारा मे आयोजन को लेकर उत्साह एवं उल्लास का वातावरण भी निर्मित होता हुआ प्रतीत हो रहा है, 29 नवंबर से 1 दिसंबर तीन दिवसीय होने वाले इस आयोजन को लेकर तैयारियों एवं भागीदारियों का दौर भी प्रारंभ हो गया है,इसी कड़ी मे निरंतर बैठकों का दौर भी जारी है, जिसके तहत सबकी भागीदारी सबका सहयोग की भावना फलीभूत होती हुई प्रतीत हो रही है।

**समाज प्रमुखों एवं रचनात्मक जनों की बैठक** - सबकी सहभागिता मे ही आयोजन की व्यापकता की अवधारणा से कार्य कर रही राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन समिति द्वारा निरंतर विभिन्न प्रकल्पों की बैठकों के माध्यम से सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं सबको जोड़ने का अहम कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत एक महत्वपूर्ण बैठक महासती मंदिर मे आयोजित की गयी, जिसमे समाज प्रमुखों सहित बड़ी संख्या मे रचनात्मक रुझान रखने वाले नगरवासियों की उपस्थिति रही,सभी के द्वारा आयोजन की सराहना करते हुए आयोजन मे भागीदारी एवं सहयोग का संकल्प अभिव्यक्त किया गया।

**विभिन्न बिन्दुओ पर महत्वपूर्ण चर्चा**- बैठक का शुभारंभ सियाराम जय राम जय जय राम के मंत्रजाप से हुआ,परिचय की कड़ी संपन्न होने के पश्चात समिति के अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल एवं सचिव मुकेश शर्मा द्वारा आयोजन की रुपरेखा रखी गयी, संरक्षक गौरीशंकर शर्मा द्वारा समस्त जनों से आयोजन के संबंध मे सुझाव प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया, सुझाव एवं विचार अभिव्यक्ति की कड़ी मे कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष अटल त्रिवेदी, सरयू पारी ब्राम्हण समाज अध्यक्ष सुनील दुबे, देवांगन समाज अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, साहू समाज अध्यक्ष राजेश साहू,अग्रवाल महिला प्रकोष्ठ विन्धया अग्रवाल, सरोज अग्रवाल, कल्याण सिंह ठाकुर,गगन गुप्ता,निखिल अग्रवाल आदि द्वारा आयोजन की रुपरेखा के संबंध मे अपने विचार व्यक्त किए गये,तथा विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा हुई, एवं आयोजन के सफल संपादन के लिए विभिन्न बिन्दुओ का सर्वसम्मति से निर्धारण हुआ।

### आगामी बैठक होगी 29 सितंबर को

डॉ. राममनोहर लोहिया की संकल्पना राष्ट्रीय रामायण मेला आयोजन धार्मिक आयोजनों की धरा भाटापारा मे आयोजित किए जाने की तैयारी भरपूर उत्साह के साथ जारी है, जिसकी प्रथम कड़ी निरंतर बैठकों की प्रक्रिया जिसके तहत सहयोग एवं सहभागिता की जुड़ती कड़ियां स्पष्ट रुप से अभिव्यक्त हो रही है, अगले सोपान के रुप मे रविवार 29 सितंबर संध्या 4.30 बजे महासती मंदिर मे पुनः एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है, विभिन्न बिन्दुओ पर चर्चा एवं आगामी बैठक के संबंध मे सर्वसम्मति से निर्णय के पश्चात बैठक का समापन हुआ, बैठक मे नभ नारायण साहू, सुभाष गुप्ता,डा सीताराम श्रीवास,मोनू दुबे, मनीष शुक्ला, अंजू आनंद,ममता अग्रवाल आदि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# विकासखण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन

पायनियर संवाददाता ‹ धरसींवा
www.dailypioneer.com



विकासखण्ड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी आत्मानंद शासकीय शहीद स्मारक उत्कृष्ट विद्यालय रायपुर में 25 एवं 26 सितम्बर 2024 को किया गया। राजी मैथ्यूज के सहयोग से विकासखण्ड के नोडल अधिकारी जितेन्द्र कन्नौजे व्याख्याता सेजेस त्रिमूर्ति नरग एवं अनिल शर्मा व्याख्याता आडवानी अलिकन बीरगांव द्वारा प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्रो को संसदीय प्रक्रिया से अवगत कराना एवं नेतृत्व क्षमता के गुणों का विकास करना है। इस प्रतियोगिता में विकास खण्ड के सभी हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्रो ने युवा-संसद का प्रदर्शन किया। प्रमुख रूप से शहीद स्मारक, बीरगांव, जे.आर.दानी, माढर बस्ती, माढ़र कॉलोनी, माधव राव स्प्रे, शा.उ.मा.वि. पुण्डहर, गुमा, सेजेस तिलक नगर के प्रतिभागी सम्मिलित हुए। सभी प्रतिभागियो को प्रमाण पत्र का वितरण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, मायकल मिंज, द्वारा प्रदर्शन के अंत में प्रदान किया गया। प्रतिभागी विद्यालय में से विद्यालय ने विकासखण्ड स्तरीय इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माढ़र कॉलोनी, द्वितीय स्थान- शहीद स्मारक स्कूल ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक डॉ. राजेन्द्र काले व्याख्याता, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. परिसर, बरखा अग्रवाल, व्याख्याता, शा.उ.मा.वि. जोरा, अंजना गुप्ता, व्याख्याता, सेजेस त्रिमुर्ति नगर एवं व्याख्याता विनोद ताम्रकार सेजेस सरोरा थे।

# कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन डीएएचआर सहित 4 सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

**मोदी गारंटी लागू नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाएंगे प्रदेश भर के अधिकारी-कर्मचारी**



पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा के निर्देशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रांत में चार सूत्रीय मांगों को लेकर क्रमबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में 6 अगस्त को इंद्रावती भवन से मंत्रालय तक मशाल रैली का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण में 20 से 30 अगस्त विधायकों एवं सांसदों को ज्ञापन सौंपा गया। तृतीय चरण में 11 सितंबर को जिला, ब्लाक व तहसील मुख्यालय में मशाल रैली का आयोजन किया गया। लेकिन कर्मचारी विरोधी सरकार कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे कर्मचारी अधिकारी में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। इसी कड़ी में जिला संयोजक नीलकंठ शार्दुल के नेतृत्व में हड़ताल के चौथा चरण में 27 सितंबर को कोंडागांव जिले में फेडरेशन से संबंधित 35 संगठन सामूहिक अवकाश लेकर कलम बंद काम बंद हड़ताल के तहत् जिला मुख्यालय कोंडागांव के चौपाटी मैदान में एकदिवसीय धरना प्रर्दशन किया गया। तत्पश्चात हजारों की संख्या में कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की रैली चौपाटी मैदान से शुरू कर डीएनके मैदान पहुंचा वहां से वापस धरना स्थाल चौपाटी मैदान में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

## डेबरू धुर महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तोंगपाल में एफपीओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए आवेदन 9 अक्टूबर तक

**सुकमा।** डेबरू धुर महिला प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड तोंगपाल विकासखण्ड छिन्दगढ़ एक उत्पादक कंपनी है। इस विशेष परियोजना हेतु एफपीओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए क्रमशः 01-01 पद की भर्ती की जाएगी। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेतु शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि विषय में स्नातक अथवा एम.एस.डब्ल्यू स्नातकोत्तर उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए, कम्प्यूटर डिप्लोमा निर्धारित है। इसी प्रकार कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा हेतु शैक्षणिक योग्यता 12 वी उत्तीर्ण, डी.सी.ए., पी.जी.डी.सी.ए डिप्लोमा अथवा आई.टी.आई, कोपा निर्धारित की गई है। उक्त पदों के लिए लिखित व मौखिक परीक्षा 16 अक्टूबर को समय समय 11:30 से 12 बजे तक किया जाएगा। इच्छुक आवेदक 27 सितम्बर से 09 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीक समय शाम 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक स्पीड पोस्ट से मुख्य कार्यापालन अधिकारी जनपद पंचायत छिंदगढ़ के पते पर भेज सकते हैं। वेतन में संशोधित करते हुए एफपीओ मुख्य कार्यपालन अधिकारी के लिए एक मुश्त मासिक मानदेय 12 हजार रुपये एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर सहलेखा के लिए एक मुश्त मासिक मानदेय 8 हजार रुपये निर्धारित किया गया है।

### स्वच्छता शिविर एवं संदेश

**दंतेवाड़ा।** जिले में 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक विभिन्न स्वच्छता गतिविधियां आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत छिंदनार में सुरक्षा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया एवं शासकीय माध्यमिक शाला टेकनार, शिक्षक सुनीता देशमुख एवं स्कूली छात्र,छात्राओं ने मिलकर शाला परिसर के आसपास की साफ-सफाई, रैली, के माध्यम से लोगो को जागरूक किया गया एवं कबाड़ से जुगाड़ कर स्वच्छता ही सेवा का संदेश दिया गया।

# जल संरक्षण अभियान 'करें जल संरक्षण बने जल प्रेरक'

पायनियर संवाददाता ≺ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर व अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं कार्यपालन अभियंता व सदस्य सचिव जिला जल स्वच्छता मिशन के निखिल कंवर के मार्गदर्शन में ग्राम स्तर पर जल संरक्षण अभियान करें जल संरक्षण बने जल प्रेरक 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक का क्रियान्वयन किया जा रहा है। जल संरक्षण अभियान का क्रियान्वयन जिला आई.एस.ए. परियोजना समन्वयक शिल्पी शुक्ला द्वारा ग्राम स्तर पर जल सभा, शपथ कार्यक्रम व स्कूलों में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

इस अभियान के क्रियान्वयन में ग्राम भैरमबंद में जल सभा का आयोजन कर योजना संबंधी व जल संरक्षण के विधियों पर चर्चा किया गया। ग्राम भैरमबंद के प्रतिनिधि भीमसेन यादव के द्वारा हल्बी भाषा में जल संरक्षण का शपथ ग्रामीणों को दिलवाया गया। क्योंकि इस ग्राम में हल्बी भाषा बोली जाती है इसलिए स्थानीय भाषा हल्बी में जल संरक्षण शपथ दिलवाकर ग्राम प्रतिनिधि द्वारा लोगों को प्रेरित किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी सहमति देते हुए जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा करने लगे। उक्त जल सभा में ग्राम सरपंच, सचिव, वार्ड पंच, स्व सहायता समूह की महिलाएं और ग्रामीण महिला व पुरुष उपस्थित थे।जल जीवन मिशन भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। जिसका लक्ष्य सभी घरों में कार्यशील घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। इसमें जल संरक्षण, जल स्त्रोत स्थायित्व तथा वर्षा जल भण्डारण पर मुख्य रूप से ध्यान देते हुए ग्राम पंचायतों द्वारा विकेन्द्रीकृत किंतु एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के माध्यम से समुचित स्तर पर जल प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाएगा। इसी उद्देश्य से पूर्ति हेतु जिला दंतेवाड़ा में भी प्रशासन द्वारा ''जल जीवन मिशन'' योजना को गांव के प्रत्येक घर के आँगन तक पहुंचाने हेतु सम्पूर्ण निष्ठा से कार्यशील है। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत जिला एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 01 जुलाई 2024 से 30 सितम्बर 2024 तक तीन माह का जल संरक्षण अभियान करें जल संरक्षण-बने जल प्रेरक का क्रियान्वयन किया जा रहा है। हम सभी यह जानते हैं कि वैश्विक जल संकट के इस दौर में हमें पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने की आवश्यकता है। हम सभी का यही मानना है कि सबसे महत्वपूर्ण जल संरक्षण उपकरण तो ''आप'' ही हैं। इस मौके पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से उप अभियंता देवेन्द्र आर्मो मॉनिटरिंग जिला परियोजना समन्वयक मनीष साहू आई.एस.ए. जिला समन्वयक शिल्पी शुक्ला और ठेकेदार व सुपरवाइजर उपस्थित रहें।

# आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन 30 सितंबर तक

पायनियर संवाददाता ≺ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन जिले में आयुष्मान पखवाड़ा 30 सितंबर 2024 तक मनाया जा रहा है। ऐसे हितग्राही जिनकी आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। उनका प्राथमिकता के आधार पर पर घर जाकर एवं गावों में शिविर आयोजन कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर हेल्थ कैप, आयुष्मान सभा, जागरूकता रैली आदि आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने बताया कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को 5 लाख तक तथा सामान्य परिवारों को 50 हजार तक उपचार की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। अब तक दंतेवाड़ा जिले में लगभग 78.53 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। शेष बचे हुए लोगों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनावाये हैं वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाईल नम्बर लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायत के सचिवों से संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

# प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना से कच्चे मकान की समस्या से पूरन दास को मिली निजात

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



जिले के ग्राम दहीकोंगा के रहने वाले पूरन दास मानिकपुरी का जीवन गरीबी के संघर्ष से शुरू हुआ है, लेकिन आज सरकार की जनकल्याणकारी योजना से उनकी स्थिति में सुधार आया है। कच्चे मकान में अपने दो बेटों के साथ रहने वाले पूरन दास के लिए जगह की कमी के कारण जीवनयापन में संघर्ष करना पड़ रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जब से उनके परिवार को पक्का मकान मिला है तबसे जीवनयापन आसान हुई है। पूरन दास के पास ज़मीन के नाम पर सिर्फ 5 डिसमिल का छोटा सा टुकड़ा है, जिसके एक तरफ़ आवास योजना के तहत बना पक्का घर है और खाली जगह को बाड़ी के लिए इस्तेमाल करते हैं, जहां बरसात में दलहनी फसल लेते हैं। पूरन दास के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा अपनी दादी पतीबाई और अपनी पत्नी एक बेटे के साथ रहता है, जबकि छोटा बेटा अपनी पत्नी और पूरन दास और माँ के साथ रहता है। इन दोनों परिवारों की आर्थिक स्थिति हमेशा तंग रही है क्योंकि खेती के लिए उनके पास ज़मीन नहीं है। ऐसे में जीविकोपार्जन के लिए मजदूरी ही एकमात्र सहारा है। पूरन दास के बेटों के शादी से पहले यह परिवार एक साथ एक कच्चे और छोटे से घर में रहते थे पर जब दोनों बेटों की शादी हो गई तो उन्हें अलग होना पड़ा क्योंकि रहने के लिए पर्याप्त जगह नहीं था। अब इस परिवार को एक नया संघर्ष से जूझना पड़ा वह था एक घर। ऐसी परिस्थिति में एक दिन उनके लिए राहत की किरण तब आई जब पूरन दास और उनकी माता पतीबाई का नाम प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल हुआ। यह खबर उनके लिए मानो धूप में छांव मिलने जैसा था। दोनों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिला और उनके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हुआ। पूरन दास और उनका परिवार अब एक पक्के घर में रहते हैं।

# किसानों को मिला मछली पालन की तकनीकी जानकारी

पायनियर संवाददाता ≺ सुकमा
www.dailypioneer.com

कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डा. संजय सिंह राठौर ने धोबनपाल और पुजारीपाल के मछली पालकों के तालाब का निरीक्षण किया। धोबनपाल के एक मछली पालक कोसाराम मंडावी ने बावड़ी में मर रही मछलियों की जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र के कार्यक्रम सहायक डॉ संजय सिंह राठौर को दी। उन्होंने मछली पालक को उचित सलाह देने के लिए उनके धोबनपाल स्थित तालाब का निरीक्षण किया और बताया कि उनकी मछलियों में किसी प्रकार की बीमारी नहीं है, समस्या पानी की गुणवत्ता में है। उन्होंने चूना 250 किलो/हे. और नमक 50 किलो/हे. डालने की सलाह दी। उन्होंने धोबनपाल स्थित अन्य तालाबों का भी निरीक्षण किया और किसानों को तालाब में मछली डालने से पूर्व गोबर, यूरिया और सिंगल सुपर फास्फेट डालने को कहा जिससे पानी में फाइटो और जूप्लैंक्टन विकसित हो और मछलियों को अधिक से अधिक प्राकृतिक चारा उपलब्ध हो सके। इससे दाना डालने की लागत कम होती है और मछली का समग्र विकास भी तेजी से होता है। इसके साथ उन्होंने पुजारीपाल स्थित तालाबों का भी निरीक्षण किया और किसानों को मछली पालन की तकनीकी जानकारी दी और उन्हें आश्वस्त किया कि परंपरागत तरीकों में थोड़ा सुधार करके किसान अपनी आय को दुगुना कर सकते हैं।

# शिक्षक रूपेश कल्लो ने जन्म दिवस पर कराया न्योता भोज

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोज के परिपालन में विकास खंड कोंडागांव जिला अंतर्गत जनपद प्राथमिक उच्च प्राथमिक शाला बुनागाँव में संस्था के शिक्षक रुपेश कल्लो ने अपने जन्म दिवस पर विद्यालय में न्योता भोज कराया। इस अवसर पर बच्चों और शिक्षकों ने स्वादिष्ट और लजीज व्यंजन का लुत्फ उठाया। शिक्षक सूरज नेताम ने बताया कि स्कूलों में अब न्योता भोज जैसे आयोजन से बच्चों में स्कूल के प्रति रुचि बढ़ रही हैं ग्रामीण परिवेश के बच्चे ऐसे मौके पर अत्यधिक प्रसन्न होकर शिक्षा के साथ-साथ स्कूल की अन्य गतिविधियों में भी भाग ले रहे हैं। अब गाँव में जनप्रतिनिधि, अभिभावक और ग्रामवासी भी विभिन्न अवसरों पर स्कूल में न्योता भोज करा रहे हैं। इस दौरान संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षिका शकुंतला यादव, रोशनी साहू, प्रतिभा जुर्री, संस्था के कर्मचारी उमाशंकर देहारी, मालती कौशिक, संजीत यादव, पूनम यादव, महादेव भोयर और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## जिले के स्थित ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर होगा सम्मान समारोह

**कोंडागांव।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 01 अक्टूबर 2024 को कोण्डागांव ऑडिटोरियम में मनाया जायेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ नगारिकों के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें कुर्सी दौड़, मटका फोड़, निंबू दौड़, रस्सा कस्सी एवं कविता, गायन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल है। इसके साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा, जिसमें अतिवृद्धजनों को छड़ी एवं श्रवणयंत्र प्रदाय किया जायेगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले वरिष्ठ नागरिक अपना पंजीयन दिनांक 1 अक्टूबर को बजे अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक कोंडागांव लता उसेण्डी के द्वारा वृद्धजनों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

# आयुष्मान पखवाड़ा प्रचार-प्रसार जागरूकता रथ को किया गया रवाना

पायनियर संवाददाता ≺ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com





कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर. के सिंग के मार्गदर्शन में विकासखंड कोंडागांव में आयुष्मान पखवाड़ा प्रचार-प्रसार जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। पखवाड़ा अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिनका आयुष्मान कार्ड अभी तक नही बना हैं उनका प्राथमिकता के आधार पर घर घर जाकर एवं गावों में शिविर आयोजन कर आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर हेल्थ कैप, आयुष्मान सभा, जागरूकता रैली आदि आयोजित की जा रही हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को 5 लाख तक और सामान्य परिवारों को 50 हजार तक की उपचार की सुविधा पंजीकृत शासकीय एवं निजी अस्पतालों में उपलब्ध है। अब तक कोंडागांव जिले में लगभग 89 प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। शेष बचे हुए लोगों के भी आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने अपील की है कि ऐसे हितग्राही जिन्होंने अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बनावाये हैं वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं मोबाइल नम्बर लेकर अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और ग्राम पंचायत के सचिवों से संपर्क कर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

**मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के सैकड़ों ग्रामीणों के जीवन स्तर में बदलाव**

# 'लक्ष्मीनाथ' के लिए मत्स्य पालन बना अतिरिक्त आय का जरिया

पायनियर संवाददाता ≺ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





वर्तमान में मनरेगा योजना के सफल क्रियान्वयन से जिले के सैकड़ों ग्रामीणों के जीवन स्तर पर बदलाव हुआ है। मनरेगा की बदलौत पंचायत स्तर पर आजीविका उन्मुख कार्य जैसे डबरी निर्माण, कुआं निर्माण, खेत समतलीकरण जैसे कई कार्य के द्वारा ग्रामीणों के समक्ष अपने आजीविका वर्धन अनके विकल्प प्रस्तुत हुए है। इन कार्यो से ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ ही उनके जीवन स्तर में काफी सुधार देखने को मिल रहा है और उनकी सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ हो रही है। इसके मद्देनजर मनरेगा योजना की सहायता से किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ कृषि कार्य को और अधिक सरल बनाने हेतु डबरी निर्माण कार्य का भी प्रावधान इस योजना के अन्तर्गत है। जिसका उपयोग कर आज किसान खेतों में सिंचाई कर फसलों की अच्छी पैदावार ले रहा है एवं साथ ही मछली पालन कर रोजगार के अवसर प्राप्त कर अपने जीवन को और अधिक बेहतर बना रहे है। किसानों के लिए कृषि के अलावा कृषि यंत्र ससाधनों से आय अर्जित करना वर्तमान समय की मांग है और मनरेगा योजना कृषकों के लिए ऐसे अनेक आजीविका मूलक गतिविधि उपलब्ध कराती है। जिनसे किसान आर्थिक रूप लाभान्वित हो सकते है और कृषक स्वविवेक से इनका चयन कर के अपने जीवन को खुशहाल बना सकते है। इस कड़ी गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत झोडियाबाड्म के लक्ष्मीनाथ पिता लच्छू भी ऐसे किसानों में शामिल है जो मनरेगा के तहत निर्मित डबरी को सिंचाई तक सीमित ना करके इसका उपयोग मत्स्य पालन के लिए कर रहे है और आज यह उनका अतिरिक्त आय का जरिया बन चुका है। इस मत्स्य पालन से उन्हें अब तक लगभग 35 हजार रुपये की आमदनी प्राप्त हो चुकी है। जाहिर है डबरी निर्माण से जहां फसलों की अधिक पैदावार एवं सिंचाई में कृषकों को सुविधा हुई है वही मत्स्य पालन करके भी इन किसानों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। बहरहाल डबरी बन जाने के बाद लक्ष्मीनाथ को खेती-किसानी के लिए पानी की उपलब्धता भरपूर हो पा रही है। इसके अलावा वे मछली पालन का काम करके अन्य कृषकों प्रेरित भी कर रहे है। कुल मिलकर उन्हें अब अपने परिवार की आजीविका चलाने में कोई कठिनाई नही है। कृषक लक्ष्मीनाथ का इस परिप्रेक्ष्य शासन को धन्यवाद देते हुए कहना है कि अन्य कृषक भी मनरेगा के तहत डबरी निर्माण का उपयोग अपनी अतिरिक्त आय अर्जन के लिए कर सकते है।

# आयुष्मान कार्ड पंजीयन में कांकेर जिला राज्य में प्रथम

पायनियर संवाददाता ≺ कांकेर
www.dailypioneer.com

प्रदेश में आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना तथा मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना का क्रियान्वयन हो रहा है। शत-प्रतिशत हितग्राहियों को उक्त स्वास्थ्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन के मामले में कांकेर जिला 92.67 प्रतिशत उपलब्धि के साथ छत्तीसगढ़ राज्य में प्रथम स्थान पर है। इस संबंध में कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर ने जिलावासियों से अपील की है कि उक्त तिथि पर छूटे हुए शेष हितग्राही अपना तथा अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवा लें तथा निःशुल्क स्वास्थ्य योजना का लाभ उठाएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शांडिया ने बताया कि आयुष्मान कार्ड पंजीयन से छूटे हुये पात्र हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से डोर-टू-डोर जाकर, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एम.सी.एच. कांकेर, एम.सी.एच. पखांजूर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर में किया जा रहा है।

भा प नि
**THE JUTE CORPORATION OF INDIA LTD.**
JCI
(A Govt. of India Enterprise)
Patsan Bhawan, 3rd & 4th Floor, CF Block, Action Area-I,
Kolkata, West Bengal - 700156 Phone: 033-2252-1100
CIN-U17232WB1971GOI027958

**Notification for Engagement of Apprentices Trainees 2024-25**

Application for the posts of
Apprentice Trainee (Procurement of Raw Jute & Grading)-
Total Posts: 20 (SC-01, ST-01, OBC(NCL)-07, EWS-02, UR-09),

For detailed notification & application, please visit www.jutecorp.in
Start Date of receipt of Application: 30/09/2024
Last Date of receipt of Hard Copy Applications: 21/10/2024

CBC 41122/12/0017/2425

# सेटिंग के चलते तेंदूपत्ता प्रबंधक पद के लिए अपात्र प्रबंधक की बेटी नगर सैनिक शिक्षक के पुत्र को पात्र करने पर सवाल




पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रबंधक पद की भर्ती प्रक्रिया में प्रबंध संचालक से सेटिंग के चलते जमकर धांधली को अंजाम दिया गया है तभी तगड़ी सेटिंग के दावा आपत्ति भी काम नही आ पाया बता दें की देवभोग लाटापारा समिति प्रबंधक के लिए 53 अभ्यर्थियों ने फार्म भरा रहा जिसमे प्रथम सूची 23 को पात्र किया गया और इन 23 में अपात्र अभियर्थियो के खिलाफ दावा अप्पत्ति करने के वावजूद प्रबंध संचालक मेहरबानी दिखाते पात्र की सूची में शामिल किया है और इस पात्र सूची में 5 साल से नगर सैनिक के पद पर पदस्थ रोशनलाल प्रधान भी है, जबकि रोशनलाल प्रधान का अलग से एपीएल राशनकार्ड होने के अलावा निर्धारित नियम मे फिट नही होना बताया जाता है, साथ ही लाटापारा तेंदुपत्ता समिति के प्रबंधक देवेन्द्र बेहरा की सुपत्री दीप्ति बेहरा को भी पात्र घोषित किया गया है जबकि दीप्ति बेहरा तेंदुपत्ता संग्रहण में ऑनलाइन सद्स्य नही होने के अलावा 500 से अधिक तेंदूपत्ता नही बेचने का दावा किया है इसके साथ तेंदुपत्ता प्रबंधक अभ्यर्थी मे शामिल खुतगांव निवासी चूड़ामनी कश्यप का राशनकार्ड में नाम नही होने और 3 साल अंतराल में 500 से अधिक तेंदुपत्ता बेचने को लेकर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। जबकि नियमानुसार 2020 से लेकर 2024 तक 500 पत्ता बेचा होना चाहिए उक्त हितग्राही को ऑनलाइन भुगतान रहें तेंदुपत्ता संग्रहण का सद्स्य होने के अलावा लंबी चौड़ी नियम है लेकिन नियम योग्यता और अप्पत्ती को धत्ता दिखाते प्रबंध संचालक ऐसे अभ्यर्थी को पात्र बताते सूची में शामिल कर दिया है जिसे लेकर कई तरह की सेटिंग को अंजाम देने की बात कही जा रही है।

### आपत्तियों पर सुनवाई नही

देवभोग लाटापारा सहित वेगरपारा जरनडीय जोवा अकलवारा अमेठी फिंगेश्वर में तेंदुपत्ता समिति प्रबंधक पद के लिए 21 अगस्त को वेकंसी निकाला गया जिसके लिए कई अभ्यर्थियों ने दावा अप्पत्ति भी दर्ज किया लेकिन अभियार्थियों की अप्पत्ति पर कोई सुनवाई नही हो पाई जबकि लाटापारा समिति प्रबंधक के लिए पात्र सूची शामिल अभ्यर्थियों के बीच 7 से अधिक दावा आपत्ति दर्ज किया गया फिर भी उन अभियार्थियों को पात्र सूची में शामिल कर दिया, इसलिए मामले पर बारिकी से जांच की मांग किया जा रहा है।

### पहला आपत्ति

तेंदूपत्ता प्रबंधक अभ्यर्थी में शामिल खुटगांव निवासी चूड़ामणि कश्यप का राशन कार्ड में सदस्य नहीं होने के अलावा तेंदूपत्ता संग्रहण का सदस्य नहीं है। ऐसे में 3 साल के भीतर 500 से अधिक पत्ता बेचने का सवाल ही नहीं होता।

### दूसरा आपत्ति

इसी तरह करीब 5 साल से नगर सैनिक के पद पर पदस्थ रोशन लाल प्रधान का अलग से एपीएल राशन कार्ड धारी होने के अलावा नर्धारित नियमावली में फिट नहीं होने के बवजूद पात्र घोषित किया गया।

### तीसरा आपत्ति

घूमरगडा शिक्षक के पुत्र अजय ठाकुर के आवेदन पर भी आपत्ति दर्ज करते बताया कि 2020 से 2024 तक 500 से अधिक पत्ता विक्रय नहीं करने के साथ ऑनलाइन भुगतान की जांच पर किया गया है फिर भी सूची में शामिल है।

### चौथा आपत्ति

सबसे प्रमुख आपत्ति तो लाटापारा समिति के प्रबंधक देवेंद्र बेहरा की पुत्री दीप्ति बेहरा को पात्र बनाने पर सवाल खड़ा हो रहा है क्योंकि दीप्ति बेहरा तेंदुपत्ता संग्रहण केन्द्र की ऑनलाइन सद्स्य नही होने के साथ साथ 500 से अधिक पत्ता नही बेचने का दावा किया है फिर भी पात्र की सूची में शामिल है

### ऑफलाइन के सहारे तेंदुपत्ता बेचने का खेल

सूत्रों की माने तो जिन जिन अभ्यार्थियों ने प्रबंध संचालक को सेटिंग करने में कामयाब रहे उनके ऑफलाइन तेंदूपत्ता खरीदी चढ़ाने का आरोप भी लगाया जा रहा है हालांकि प्राथमिक दृष्टि पर यह आरोप काफी हद तक सत्य माना जा रहा है क्योंकि पात्रता सूची ऐसे कई अभ्यर्थी है जो तेंदूपत्ता बेचना तो दूर उनसे तेंदुपत्ता की पहचान भी मुश्किल है, फिर भी जिम्मेदार को अपात्र करना छोड़ पात्र कर दिया है ऐसे में उक्त अभ्यार्थियों की ऑनलाइन भुगतान करने की सख्त दरकार बताई जा रही तब कही जाकर मामला आईना की तरह साफ होगा बकायदा इसकी जांच पड़ताल के लिए जिम्मेदारों से मांग भी किया जा रहा है मगर अफसोस की बात है की सेटिंग के बीच ना आपत्ति पर कोई कार्यवाही हो रही है और ना जांच की मांग पर विचार। ऐसे में इस तेंदुपत्ता समिति प्रबंधक पद के लिए पहले से अभ्यार्थी को सेट करने की चर्चा भी अभियार्थियो के बीच खूब सुनने को मिल रहा है।

# परियोजना स्तर पर पोषण माह का किया गया आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में महिला बाल विकास विभाग द्वारा आज परियोजना कार्यालय बलौदाबाजार में परियोजना स्तर में पोषण माह का आयोजन किया गया। जिसमें हमर स्वस्थ लइका के थीम पर 11 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई सहित 10 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया है। इस अवसर में जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुति गर्भवती महिलाओं को पोषण भरा टोकरी विभाग की ओर से प्रदान किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत परियोजना कार्यालय में अतिथियों के द्वारा पेड़ लगाए गए। परियोजना स्तरीय इस कार्यक्रम मे जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला महिला बाल विकास अधिकारी व जिला पोषण समन्वयक एम्स सरस्वती चंद्रवंशी उपस्थित रहे।

# कॉलेज के स्वयंसेवकों ने सार्वजनिक स्थलों पर किया स्वच्छता अभियान




पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

डॉ. भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में संचालित रासेयो इकाई द्वारा डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक के मार्गदर्शन एवं प्राचार्य अनिता पटेल के दिशा निर्देश तथा कमला बाई दीवान कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024 तक आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत ग्राम पंचायत बलौदा के सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें महाविद्यालय परिसर, बाजार स्थल, सेन्ट्रल बैक ऑफ इंडिया, स्वास्थ्य केंद्र व सरस्वती शिशु मंदिर के परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के महत्व को बताते हुए उन्हें जागरूक किया गया। कार्यक्रम में किशन नंद, जीतू साहू, धर्मेन्द्र भोई, निराकार साहू, सोमेश साव, कौशल चौधरी, पुष्पा डडसेना, प्रीति साहू, किरण सोना, यशोदा साव, कविता रौतिया, जूली साव, भूपेन, योगिता प्रधान, नीतू डडसेना, चन्द्रिका, सागर चौधरी, भुलेश्वरी आदि स्वयंसेवकों द्वारा विशेष कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी करुणा सागर जाल ने दी।

# जीवन को सुखमय बनाने अपने विचारों को स्वच्छ श्रेष्ठ बनाना : भगवान



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सफलतापूर्वक सुख-शांति से जीवन जीना भी एक कला है। चारों ओर अशांति, दुख, भय, चिंता का माहौल है। ऐसे में हर कोई सुख, शांति खुशी से जीवन जीने की कला सीखना चाहता है। जीवन को सुखमय बनाने के लिए हमे सबसे पहले अपने विचारों को स्वच्छ,श्रेष्ठ बनाना है और इसमें मेडीटेशन का बहुत बडा योगदान है। मेडीटेशन द्वारा हम नकारात्मक विचारों के ऊपर विजय प्राप्त कर सकते है। उक्त उदगार ब्रह्माकुमारी संस्था के मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से आये हुए ब्रह्माकुमार भगवान भाई ने व्यक्त किया। वे स्थानीय ब्रह्मा कुमारीज राजयोग सेवा केंद्र पर खुशहाल जीवन हेतु सकारात्मक विचार विषय पर बोल रहे थे। भगवान भाई ने कहा कि अपने नकारात्मक विचारों से सावधान रहें और उन्हें आशावादी और स्वस्थ विचारों से चुनौती देने का प्रयास करें। अपने विचारों पर ध्यान देना शुरू करें और जैसे ही नकारात्मक विचार आपके दिमाग में घूमने लगें, शांति से और बल प्रयोग किए बिना, उन्हें रचनात्मक, खुश और सकारात्मक विचारों से बदल दें। उन्होंने कहा की कोई भी व्यक्ति पूर्ण नहीं होता और हम अक्सर गलतियाँ करते हैं और असफलता का अनुभव करते हैं। इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय कि आप कैसे असफल हुए, इस बारे में सोचें कि आप अगली बार क्या करने जा रहे हैं। अपनी असफलता को एक सबक में बदलें। स्थानीय ब्रह्माज्कुमारीज कि प्रभारी बी के आहिल्या बहन ने मेडिटेशन का महत्व बताते हुए सभी का शब्दो से स्वागत किया। सकारात्मक और रचनात्मक जीवन पद्धती के ऊपर मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि नकारात्मक विचारो को हम अपने सकारात्मक व्हायब्रेशन के द्वारा कैसे दूर करे और इसमें राजयोग मेडिटेशन की क्या मुख्य भूमिका है इसके ऊपर प्रकाश डाला। हीरालाल पटेल ने कहा राजयोग के नित्य अभ्यास से ही हमारा मनोबल और आत्मबल बढ़ता है। उन्होंने ने कहा कि वर्तमान की परिवेश में हर एक को किसी न किसी बात का तनाव जरूर होता है। राजयोग द्वारा तनाव मुक्त बन सकते है। कार्यक्रम में बी के योगेश्वरी बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय दिया और मंच संचालन किया गया कार्यक्रम के अंत में भगवान भाई ने मनोबल, आत्मबल बढ़ाने के लिए राज योग भी कराया। इस अवसर पर अनेक बहने व भाई उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने गांव-गांव में किए जा रहे है आवास चौपाल का आयोजन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्या अग्रवाल द्वारा जिले के समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को आवास चैपाल का आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों का जन चैपाल आयोजित किया जा रहा है। आवास चैपाल के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में वर्ष 2024-25 में चयनित हितग्राहियों का उन्मूखीकरण कार्यक्रम किया जा रहा है। आवास चौपाल के माध्यम से हितग्राहियों एवं ग्रामीणों को योजना से संबंधित समस्त जानकारी दिया जा रहा है साथ ही आवास निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री की आपूर्ति हेतु सामाग्री सप्लायर तथा ग्राम पंचायत में उपलब्ध मिस्त्री/ राजमिस्त्री एवं सामाग्री उपलब्धता की जानकारी हितग्राहियों को दी जा रही है। जनपद पंचायतो में पदस्थ तकनीकी अमलो के माध्यम से तकनीकी मार्गदर्शन दिया जा रहा है, जिससे आवास निर्माण एवं नियत समय पर पूर्ण किया जा सकें। तथा चयनित हितग्राही बिना किसी असुविधा के अपने आशियाना बना सके। आज दिनांक तक जिले के समस्त विकासखण्डो के 127 ग्राम पंचायतो में आवास चैपाल का आयोजन किया गया है। आवास चौपाल के माध्यम से वर्ष 2024-25 में स्वीकृत हितग्राहियों का नाम वाचन कर उनको किश्त जारी की सूचना दिया जा रहा है।

# सरस्वती सायकल योजना बेटियों को सशक्त बनाने की ओर अनुकरणीय कदम : महेन्द्र साहू

पायनियर संवाददाता ➤ लवन
www.dailypioneer.com



शासकीय हाई स्कूल गिर्रा में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा 9वीं की छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पलारी एवं भाजपा मंडल संडी अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने बेटियों को सायकल वितरण करते हुये कहा कि बेटियां माता पिता के लिये वरदान होती है। उनकी हमेशा इच्छा होती है कि वह अच्छे पढ़ाई कर अपने कुल का नाम रोशन करें। सरस्वती सायकल सायकल योजना से छात्रायें स्कूल जाकर अपने सपने पूरा कर सकती हैं। यह योजना बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में अनुकरणीय कदम है। इस दौरान स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत बनाये गये रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिता में भाग लिये बच्चों का उत्साहवर्धन कर विजेता प्रतिभागियों के नाम को ब्लॉक कार्यालय भेजा गया है। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला मंत्री एवं शाला प्रबंध समिति सदस्य परमेश्वरी वर्मा, प्राचार्य शंकुतला आडिल, प्रेमलाल फेकर, मिथलेश साहू, मुकेश साहू, मुटाना बाई ध्रुव, रामरतन यादव, बेनीराम मिर्झा, दुलेश्वर वर्मा, अनेश चन्द्राकर, अनूपा वर्मा, श्वेता मानिकपुरी, खुमेश चेलक, बीटावन भारद्वाज, रवि वर्मा उपस्थित थे।

### छह आपदा पीड़ित परिवार को 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार।** प्राकृतिक आपदा से छह मृत व्यक्ति के निकट परिजन के लिए 24 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। छह व्यक्ति के लिए 24 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राही में उमेश कुमार वर्मा पिता मारखण्डे वर्मा निवासी ग्राम खोलवा, संतराम सौरा पिता चुल्लू सौरा निवासी डेरा संत रविदास वार्ड भाटापारा तहसील भाटापारा, दिलीप कुमार कुर्रे पिता कार्तिकराम कुर्रे निवासी जंगलोर, छगनलाल साहू पिता दुकलहा साहू निवासी ग्राम बलौदी तहसील पलारी, सोनाराम पटेल पिता साधराम पटेल निवासी गोरधा, रथराम साहू पिता मोहनलाल साहू निवासी ग्राम कसडोल तहसील कसडोल शामिल हैं। हितग्राही के निकट परिजन के कुंआ, तालाब एवं गड्डे के पानी में डूबने से मौत तथा आग में जलने के कारण हो गई थी।

# नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 02, 05, 13 एवं 14 में विभिन्न निर्माण कार्य हेतु किया गया भूमिपूजन



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत विकास कार्य पूर्ण किये जाने स्थानीय वार्ड क्र. 02, 05, 13 एवं 14 में विभिन्न स्थानों पर सड़क कांक्रीटीकरण, सौंदर्यीकरण, आर.सी.सी. नाली के निर्माण हेतु श्रीफल तोड़कर कार्य शुभारंभ हेतु पूजा अर्चना की गयी। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में निर्माण कार्य का शुभारंभ के पूर्व श्रीफल तोड़कर पूजन किया गया। अधोसंरचना मद से सड़क कांक्रीटीकरण हेतु वार्ड क्र. 13 गोपाल मंदिर गलीएवं वार्ड क्र. 14 में त्रिवेदी सर के सामने संध्या बाजपेयी गली का निर्माण किये जाने के साथ ही वार्ड क्र. 02 में तहसील कार्यलय के सामने सौंदर्यीकरण कार्य एवं वार्ड क्र. 05 में धोबी तालाब से छबि मंडलेश्वर के घर तक आर.सी.सी. नाली एवं सड़क निर्माण व निखिल किराना से संतोष देवांगन के घर तक आर.सी.सी. नाली एवं सड़क निर्माण कार्य शुभारंभ हेतु पूजा अर्चना की गयी। सड़क एवं नाली निर्माण सहित चैक सौंदर्यीकरण किये जाने पूजन कार्यक्रम के अवसर पर पार्षद एवं सभापति रोहित साहू, मनोजकांत पुरेना, कमल टण्डन, रिटा केशरवानी, क्रांति साहू, भाजपा नेता विजय केशरवानी, नरेश केशरवानी, संजय श्रीवास, विद्याभूषण साहू, संजय गुप्ता, प्रतापचंद जैन, अतुल केशरवानी, प्रदीप साहू, मुन्नी सिंधी, रविन्द्र नामदेव, मोहन साहू, उपअभियंता विनोद यादव, गौरी देवांगन, गुरूदत्त तिवारी सहित वार्ड क्रमांक 13 एवं 05 के नागरिकगण एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# नगर पालिका द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान

## न.पा. अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. सहित पार्षदगणों ने किया सफाई

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





नगर स्वच्छ तो नागरिक स्वस्थ इसी उद्देश्य को पूर्ण करने नगर पालिका द्वारा नगर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय गार्डन चैक से अम्बेडकर चैक तक मुख्य मार्ग के आस-पास एवं रोड डिवाईडर के सफाई का कार्य किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चितावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के दिशा निर्देशानुसार गार्डन चैक सहित मुख्य मार्ग के दोनो तरफ फैले कचरा को संग्रहित कर झाडू लगाया गया व कचरा गाड़ी में कचरा को एकत्रित किया गया। इस स्वच्छता के कार्यक्रम में नगर पालिका के पार्षद एवं सभापति संकेत शुक्ला रोहित साहू अमितेश नेताम कमल टंडन, मनोज कांत पुरेना, सतीष पटेल, कमल भारद्वाज, दिगम्बर साहू, ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में श्रमदान करते हुए सफाई के कार्य में अपनी भागीदारी निभायी। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत श्रमदान कार्यक्रम में संत निरंकारी के अनुयायियों द्वारा भी मार्ग में साफ सफाई का कार्य करते हुए अपनी सेवा दिये। नगर पालिका स्वच्छता समूह मणिकंचन केन्द्र की स्वच्छता दीदीयों के द्वारा सफाई का कार्य किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई के द्वारा श्रमदान कर मुख्य मार्ग में झाडू लगाया गया एवं कचरा संग्रहित कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही नगरवासियों से अपने आस-पास व मोहल्ले में भी समय-समय पर श्रमदान कर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे। स्वच्छता अभियान के इस आयोजित श्रमदान कार्यक्रम के दौरान पूर्व मण्डी सदस्य अनिल बघेल, भाजपा नेता विजय केशरवानी, पुरूषोत्तम सोनी, विद्याभूषण साहू, सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व नगर पालिका के उपअभियंता विनोद यादव, मुगल किशोर साहू, स्वच्छता निरीक्षक मनोज कश्यप, लेखापाल दुर्गेश कुमार साहू, पी.आई.यू. नमिता ठाकुर, शतेन्द्र कुमार सिन्हा, गणेश राम पाड़े, सुरेन्द्र सोना, दीपिका बंजारे, मणिकंचन केन्द्र की स्वच्छता सुपरवाईजर सुनीता साहू, इंदू साहू, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

# शुद्ध 'घी' बनाने वाली सभी फैक्ट्रियों की जांच कराएं : टेसूलाल धुरंधर



पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भगवान तिरुपति मंदिर के लडडू प्रसादम में गाय व अन्य जानवरों की चर्बी तथा मछली के तेल जैसे अभक्ष्य पदार्थों के इस्तेमाल से संपूर्ण सनातनी हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने कहा कि सवाल केवल तिरूपति मंदिर के प्रसाद का नहीं है, जहां भी मंदिरों में प्रसाद बनाए व भगवान को भोग लगाए या चढ़ाए जाते हैं वहां ज्यादातर प्रसाद में घी का उपयोग होता है। मिठाई व लडडू बनाने में उपयोग में आने वाली अन्य सामग्री में अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट की संभावना नगण्य होती है केवल शुद्ध 'घी' में ही इन अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट की जा रही है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार तथा माननीय सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर स्वयं संज्ञान लेते हुए शुद्ध घी बनाने वाली सभी फैक्ट्रियों में कड़ी जांच कर सुनिश्चित किया जाए की घी में कोई अभक्ष्य पदार्थों की मिलावट न हो सके।

# मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस





पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में 24.09.2024 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती व स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के सम्मुख दिप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात स्वागत कार्यक्रम तथा लक्ष्य गीत व स्वागत गोठ को प्रस्तुती हुई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय व्दारा सभी छात्राओ छै के माध्यम से जन जागरूकता लाने का आह्वान किया, जिला संगठक डॉ. सुनीता त्यागी ने छात्राओं को छै दिवस की बधाई देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत दिए जाने वाले पुरस्कार की जानकारी दी तथा इसके माध्यम से व्यक्तित्व विकास की बात कही। सूर्यकांत साहू (सहायक प्राध्यापक) द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना क्यों किया गया, किस उद्देश्य से किया गया, तथा स्वामी जी ने युवा शक्ति का किस तरह सकारात्मक ऊर्जा के साथ उपयोग किया यह बताया कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना रोशनी लता राकेश द्वारा छै के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी तथा माई भारत पोर्टल से जुड़कर प्रत्येक गतिविधि का फोटो शेयर करने के लिए कहा। महाविद्यालय के अलावा अपने-अपने गाँवों में जन-जागरूकता अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर छात्राओं मनमोहक छत्तीसगढ़ी सास्कृतिक नृत्य सुवा, कर्मा, राउत नाचा, पंथी की प्रस्तुती की गयी। नशा मुक्ति, स्वच्छता, विकलांगता आदि महत्वपूर्ण समाजिक उद्देश्यों पर नाटक किया तथा कविता व गीत प्रस्तुत। इसी क्रम में छात्राओं के द्वारा फ्रेंसी ड्रेस के रूप में प्रकृति, भारत माता, रानी लक्ष्मी बाई, गंगा मैया, डॉक्टर, धरती माँ की प्रस्तुती ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। कार्यक्रम का संचालन सोनिया फेकर, सरीता पाल द्वारा किया। इस कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व स्वयं सेविका सहित 120 से अधिक स्वयं सेविका उपस्थित रहे।

# व्याख्याता उन्नति चौहान की माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके याद मे बच्चों को दिया न्योता भोज




**भंवरपुर।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला चनाट में हायर सेकेंडरी स्कूल चनाट मे पदस्थ व्याख्याता उन्नति चौहान की माताजी ने पितृ पक्ष मे पितरों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके याद मे बच्चों को न्योता भोज मे चावल, दाल खीर, पूरी, सब्जी और बड़ा वितरण किया। बच्चे बड़े उत्साह आनंद से पोषण आहार का स्वाद लिए। प्राथमिक शाला के साथ साथ बालवाड़ी एवं आंगनबाड़ी के बच्चों के लिए भी उक्त व्यवस्थाएँ थी, शाला के प्रधानपाठक नीलाम्बर नायक, शिक्षिका प्रभा जगत, रसोइया उमावती,आँगनबाड़ी से राजकुमारी एवं सावित्री मौजूद थे, सभी ने आयोजनकर्ता को बालभोग देने के लिये धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अहेरी जनसमस्या निवारण शिविर में 134 आवेदनों का निराकरण

# अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनों को विभागीय योजनाओं की दी गई जानकारियां

- **प्रशासन को जनता के करीब लाना शिविर का उद्देश्य - सांसद बघेल**
- **शिविर में पोषण एवं स्वच्छता अभियान की दिलायी गई शपथ**
- **कलेक्टर ने लंबित आवेदनों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले के धमधा विकासखण्ड के ग्राम अहेरी में आज जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में ग्रामीण जनता की समस्याओं को सुनने, समझने और मौके पर निराकृत करने आयोजित इस शिविर में सांसद विजय बघेल भी सम्मिलित हुए। शिविर में विभिन्न विभागों को कुल 196 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसमें 134 आवेदनों का विभागों द्वारा मौके पर निराकरण किया गया। शेष लंबित 62 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग को प्राप्त 05 आवेदन, शिक्षा विभाग को प्राप्त 04 आवेदन, खाद्य विभाग को प्राप्त 07 आवेदन तथा कृषि, पशु चिकित्सा, मत्स्योद्योग और खनिज विभाग को प्राप्त 01-01 आवेदन का शत्-प्रतिशत् निराकरण किया गया। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग को प्राप्त 04 में से 02, विद्युत मंडल को प्राप्त 15 में से 13, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को प्राप्त 05 से 02, जनपद पंचायत धमधा को प्राप्त 76 में से 56 तथा राजस्व विभाग को प्राप्त 65 में से 41 आवेदनों का निराकरण किया गया। स्वास्थ्य विभााग के 02, जिला विधिक सहायता के 01, लोक निर्माण के विभाग के 05, विद्युत मंडल के 02, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी 03, जल संसाधन विभाग के 01, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के 01, आबकारी विभाग के 02, क्रेडा के 01, जनपद पंचायत के 20 तथा राजस्व विभाग के 24 लंबित आवेदनों के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। शिविर में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, चिकित्सा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, श्रम, उद्योग एवं व्यापार, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, रोजगार एवं मार्गदर्शन केन्द्र, जिला अंत्यावसायी, शिक्षा एवं क्रेडा विभाग के अधिकारियों ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी ग्रामीण जनता को दी। मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में शिविर आयोजन के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि प्रशासन को जनता के करीब लाना है। जनता को विभागीय अधिकारियों से पहचान हो ताकि वे अपनी समस्याएं अधिकारी के समक्ष सही ढंग से रख सकें। उन्होंने कहा कि सरकार की यह भाव है कि उनके द्वारा संचालित योजनाओं से जनता अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। सांसद बघेल ने अवगत कराया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत किसी समस्या का समाधान संभव होता है। उन्होंने कहा कि समस्या है तो समाधान भी संभव है। समस्या के समाधान के लिए अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि हमेश तत्पर रहते हैं। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने शिविर के संबंध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामवासियों की समस्याओं का समाधान करने प्रशासन आज उनके बीच पहुंची है। शिविर में सभी विभाग के जिला प्रमुख के अधिकारी मौजूद है। वे ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों का निराकरण किये हैं। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से अपील की है कि वे शिविर कि अलावा ग्राम पंचायत के माध्यम से भी अपनी समस्याएं से प्रशासन को अवगत करा सकते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण कराने का भरोसा दिलाया।

# गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच बहुत जरूरी, जांच से गंभीर जटिलताओं की समय से हो सकेगी पहचान

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों का बिंदुवार सेक्टरवार विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं को चिन्हांकित करते हुए उनके स्वास्थ्य परीक्षण तथा पोषण के संबंध में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए उनका चिन्हांकन करते हुए एक व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि गर्भवती माताओं की जानकारी के साथ ही प्रसव की सूचना भी प्राप्त हो सके। कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच बहुत जरूरी है। जांच के द्वारा गंभीर जटिलताओं की समय से पहचान और उसका निदान किया जा सकता है। उन्होंने प्रथम एवं चौथे एएनसी चेकअप की सेक्टरवार समीक्षा की। एएनसी (एंटीनेटल केयर टेस्ट) पंजीयन के लिए कोई भी गर्भवती महिला नहीं छूटे, इसका विशेष ध्यान देने को कहा। गर्भावस्था के दौरान ही शिशु के स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। गर्भवती माताओं को आयरन एवं अतिरिक्त आहार देने के लिए विशेष कार्य करें। उन्होंने स्वास्थ्य अमले को सक्रिय होकर कार्य करने को कहा। कलेक्टर चौधरी ने कहा कि हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का हिमोग्लोबिन अच्छा रहना चाहिए। इसके लिए उस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्हें पौष्टिक आहार लेने के बारे में बताया जाए। शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने के निर्देश दिए। डिलिवरी के लिए ट्रेकिंग सिस्टम बनाने की बात कही। एनीमिक गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार देने के लिए कार्य करें। गर्भवती माताओं का समय पर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं एनएनएम को ग्रामीण क्षेत्रों में नवजात बच्चों एवं गर्भवती माताओं को टीकाकरण के लिए जागरूक करने को कहा। सिक न्यूबोर्न केयर यूनिट के जरिये नवजात में होने वाली स्वास्थ्य जटिलताओं की समय पर पहचान कर इलाज करने के निर्देश दिए।

# धमधा मे निकाली गई स्वच्छता बाईक रैली

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला पंचायत दुर्ग के सीईओ अश्वनी देवांगन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मुरमुंदा से ग्राम पंचायत गोढ़ी तक स्वच्छता बाईक रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता बाईक रैली में 45 ग्राम पंचायतों के सचिव, रोजगार सहायक एवं स्वच्छग्राही द्वारा प्रतिभाग किया गया। मोटर सायकल रैली का मुख्य उद्देश्य अहिवारा क्षेत्र में आने वाले विभिन्न ग्रामों में स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। इस रैली के साथ स्वच्छता रथ को भी भ्रमण कराया गया। बाईक रैली में स्वच्छता संबंधित नारे एवं गीत के माध्यम से स्वच्छता संदेश का प्रचार-प्रसार किया गया। बाईक रैली में किरण कुमार कौशिक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा, राजेन्द्र प्रसाद साहू, दूरदर्शन के एंकर, मोहित राम खरे, सरपंच ढौर, गोपीराम साहू, सरपंच गोढ़ी आदि सम्मिलित हुए। स्वच्छता बाईक रैली के अंत में ग्राम पंचायत गोढ़ी पहुंचकर सभी प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई।

## सीसी रोड निर्माण हेतु 79 लाख 99 हजार 698 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में सी.सी. रोड निर्माण के लिए 79 लाख 99 हजार 698 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। अहिवारा विधानसभा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायत मुरमुंदा एवं ग्राम पंचायत गोढ़ी में सीसी रोड निर्माण हेतु 9 लाख 99 हजार 849 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चेटुवा, ग्राम पंचायत खेरधा, ग्राम पंचायत सांकरा, ग्रम पंचायत खपरी एवं ग्राम पंचायत मोंहदी हेतु भी 10-10 लाख और ग्राम पंचायत रिंगनी में दो स्थानों पर सीसी रोड निर्माण हेतु 5-5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# हड़ताल से निगम में पसरा सन्नाटा, लंच में खाया चना-मुर्रा और लगाए नारे




पायनियर संवाददाता ➤ रिसाली
www.dailypioneer.com

चार प्रतिशत डी.ए. समेत अन्य मांगों को लेकर नगर पालिक निगम रिसाली के अधिकारी-कर्मचारी हड़ताल पर रहे। शुक्रवार की दोपहर कर्मचारी खाना की जगह चना-मुर्रा खाकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने मांगो को पूरा करने नारे भी लगाए। अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के तत्वाधान में नगर पालिक निगम के कर्मचारियों ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, 2019 से रूके डी.ए. का एरियस राशि जी.पी.एफ फंड में डालने, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता की मांग को लेकर पंडाल में बैठे रहे। इस दौरान कर्मचारी नारे लगाए। अभियंता एम.पी. देवांगन, जयंत शर्मा, चन्द्रपाल हरमुख समेत प्रदेश कोषाध्यक्ष गोपाल सिन्हा, अध्यक्ष अमित चंद्राकर, महामंत्री अखिलेश वर्मा ने सभा को संबोधित किया। पसरा रहा सन्नाटा-इस दौरान निगम में सन्नाटा पसरा रहा। कार्यालय में केवल प्लेसमेंट कर्मचारी ही नजर आए। हालांकि आवश्यक सेवा को यथावत रखने अधिकारी कर्मचारी एक दिन पहले रूपरेखा तैयार कर लिए थे। क्षेत्र में सफाई और जल आपूर्ति बाधित नहीं हुई।

# कलेक्टर के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों को ठगने की कोशिश

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




जिले में एक नए साइबर अपराध का मामला सामने आया है,जिसमें अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा जिले के कलेक्टर रिमिजियुस एक्का के नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर लोगों को ठगने की कोशिश की जा रही है। यह ठग कलेक्टर की तस्वीर और नाम का इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहा हैं। फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट से किए गए इन संदेशों में लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। कलेक्टर रिमिजियुस एक्का ने जनता से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी संदेश या कॉल पर विश्वास न करें,जो अनजान नंबर +998880274701 से आए। उन्होंने कहा कि यह फर्जी अकाउंट धोखाधड़ी के उद्देश्य से बनाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी को भी इस प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलती है या ऐसे संदेश प्राप्त होते हैं, तो वे तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर सेल को सूचित करें। साथ ही,उन्होंने जनता से विशेष रूप से ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी है।


## // संशोधित विज्ञापन सूचना //

कार्यालयीन विज्ञापन क्रमांक/स्था.अवि./सीधी भर्ती/2022/3727 दिनांक 30.06.2022 के द्वारा बालोद जिले में नियमित तृतीय श्रेणी ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक ''महिला'', ड्रेसर-01, ड्रेसर-02, लैब असिस्टेंट, डार्करूम असिस्टेंट के रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु विभागीय वेबसाईट के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसमें वर्तमान में संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़, स्वास्थ्य भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर-19 अटल नगर नया रायपुर के पत्र क्रमांक/स्था. अवि./94/2024/407 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 01.05.2024 के द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उक्त प्रसारित कार्यालयीन विज्ञापन की सामान्य नियम एवं शर्ते तथा आवश्यक निर्देश की कंडिका 12 में उल्लेखित प्राविण्यता सूची का निर्धारण में निम्नानुसार संशोधित किया जाता है:-

(अ) ड्रेसर-01 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता, शासन द्वारा प्राप्त संस्था/बोर्ड से (12वीं) के प्राप्तांको के लिए 40 प्रतिशत अंक एवं तकनीकी शिक्षा के प्राप्तांकों के लिए 45 प्रतिशत अंक (कुल 85 प्रतिशत अंक)।

(ब) छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत आवेदकों के अनुभव के अधिकतम 15 अंक (03 अंक प्रति पूर्ण वर्ष के मान से अधिकतम 05 वर्ष या अधिक वर्ष के लिए)

(स) ऐसे अभ्यर्थी जो कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय संस्थाओं में नियुक्ति एवं एक वर्ष में 06 माह तक कार्य अनुभव वाले अस्थाई स्वास्थ्य कर्मियों को छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश पृ.क. एफ 1-67/2021/सत्रह एक, दिनांक 07.12.2022 एवं आदेश पृ.क. एफ 1-67/2021/सत्रह एक, दिनांक 03.02.2023 में दिये गये आदेशानुसार 10 बोनस अंक का लाभ दिया जायेगा। (उपरोक्त (ब)+ (स) में प्राप्त अनुभव के अंक को 15 अंक ही दिया जावेगा।)

इस प्रकार कंडिका 12 अनुसार (अ) के 1या 2+ (ब)+(स) जोड़कर प्रवीण्य सूची बनायी जावेगी जिसके आधार चयन समिति को भर्ती के लिये वरीयता सूची अनुशंसित करेगी। शेष सभी निर्देश / नियम / शर्ते यथावत रहेगी।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**जिला बालोद (छ.ग.)**


# दुर्गा पंडालों के आस-पास सफाई करने आयुक्त ने दिया निर्देश



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

आगामी त्यौहारी सीजन नव दुर्गा उत्सव को देखते हुए पूरे भिलाई क्षेत्र में नव दुर्गा पंडाल बनाये जा रहे है। इसके लिए विभिन्न दुर्गा पंडाल समितियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है, नगर निगम भिलाई क्षेत्र का यह एक बड़ा उत्सव होता है। निगम के विभिन्न क्षेत्रो में बड़े-बड़े पंडाल बनाये जा रहे है। पंडालो के चारो तरफ साफ -सफाई व्यवस्थित हो। इसके लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह देखते हुए आयुक्त बजरंग दुबे ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किये है कि एक टीम बनाकर अपने क्षेत्र के दुर्गा पंडालो के चारो तरफसफाई एवं लाईट व्यवस्था सुदृढ़ किया जावे। किसी प्रकार की शिकायत की संभावना न हो। नवरात्रि के समय स्ट्रीट लाईट व्यवस्थित रूप से जलनी चालिए, बंद लाईलो का संधारण किया जावे। यदि आवश्यकता हो तो नये लाईट भी लगाया जाये। प्रमुख चैंक चैराहो पर समुचित व्यवस्था किया जावे। अकसर देखने में आता है कि रोड के किनारे पसरा लगाकर रेहड़ी व्यापारियो द्वारा व्यापार किया जाता है। आवश्यकतानुसार उसको बढ़ाते रहते है, जिससे यातायात व्यवस्था बाधित होती है। दुकान के सामने ही खरीदने वाले ग्राहक अपनी गाड़ी खड़ा कर देते है। इससे ट्रेफिक जाम हो जाता है। प्रमुख बाजारो में मार्किंग किया जायेगा, जिसके अंदर ही व्यापारी अपना व्यापार कर सकते है। नगर निगम के राजस्व की टीम निगरानी करेगी, कोई भी व्यापारी उल्लघंन करेगा तो उसके खिलाफ चालानी कार्यवाही की जावेगी। महापौर नीरज पाल ने सभी व्यापारियो से अपील की है कि व्यापार करें, अपने सामान को मार्किंग स्थल के अंदर रखे बाहर न पसारे एवं साफसफाई का ध्यान रखें। सबके सहयोग से ही हम लोग उत्साह पूर्वक त्यौहार मनाएगें।

# अपनी मांगों को लेकर कर्मचारी एक बार फिर आंदोलन की राह पर


पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय बलरामपुर में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेश के शासकीय सेवकों को देय तिथि से महंगाई भत्ता, लंबित एरियर्स सहित चार सूत्रीय माँगों के त्वरित निराकरण हेतु जिले के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा धरना-प्रदर्शन करते हुए माँगों की पूर्ति बाबत् मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के नाम कलेक्टर के माध्यम से एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिला संयोजक संतोष सिंह,महासचिव रमेश तिवारी सहित पदाधिकारी एवं सदस्य गण उपस्थित रहे।

## सेवा समाप्ति पर नाराज सहायक शिक्षकों ने बगीचा,बीईओ को मुख्यमंत्री विष्णु देव के नाम सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** विकासखंड बगीचा में विगत 1 वर्ष से सेवारत सहायक शिक्षकों(बीएड प्रशिक्षित) द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम से अपनी सेवा सुरक्षित करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। उपरोक्त सहायक



शिक्षकगण विगत 1 वर्ष से सरगुजा एव बस्तर जैसे दुर्गम परिक्षेत्र के सुदूर वनांचलो में अपनी पूरी श्रद्धा एव निष्ठा से कार्यरत है, जिसका परिणाम हमें विगत वर्ष के अकादमिक परिणाम में निश्चित रूप से देखने को मिला है साथ ही नवोदय विद्यालय परीक्षा में भी बहुत से विद्यार्थियों का चयन करने में इन्होंने महती भूमिका निभाई है। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट में चल रहे एक प्रकरण के माध्यम से इनको अचानक ही बीच सेवा अवधि में प्राथमिक शिक्षण के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया,जबकि इनकी नियुक्ति छ ग के राजपत्र में प्रकाशित विज्ञापन के नियम एवं शर्तों के आधार पर पूर्णतः निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से हुई थी 7 अब इन शिक्षकों को अपने परिवार व भविष्य को लेकर भय व्याप्त है। इन शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित करने विभिन्न सांसदों, विधायकों, जिला पंचायत सदस्यों तथा सरपंचों ने भी अपने नोटशीट के माध्यम से विद्यार्थियों के उन्नयन को देखते हुए इनके कार्य की प्रशंसा किए है तथा मुख्यमंत्री को पत्र अग्रेषित किए है।

# उत्तरप्रदेश पुलिस 14 मेडल के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर प्रथम ऑल इंडिया पुलिस गेम वेटलिफ्टिंग क्लस्टर चैंपियनशिप 2024-25

- **द्वितीय स्थान पर राजस्थान पुलिस 7 मेडल के साथ, तीन मेडल के साथ एसएसबी तृतीय स्थान पर तथा छत्तीसगढ़ पुलिस 04 मेडल के साथ चतुर्थ पायदान पर हैं**

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



विगत 25 सितंबर को प्रथम ऑल इंडिया पुलिस गेम वेटलिफ्टिंग क्लस्टर चौंपियनशिप 2024-25 के सभी विजेता खिलाड़ियों को विभिन्न भार वर्ग में मेडल सेरेमनी में विशेष अतिथि दीपक झा, पुलिस महानिरीक्षक, जिला राजनांदगांव, उप पुलिस महानिरीक्षक पारुल माथुर, पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला एवं पुलिस विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। विजेताओं की सूची निम्नलिखित है- महिला भार वर्ग 71 किलोग्राम वर्ग, स्वर्ण पदक सरबजीत कौर (पंजाब पुलिस)रजत पदक लालचंद तिमी (एसएसबी)कांस्य पदक- हरजीत कौर (सीआरपीएफ)76 किलोग्राम वर्ग-स्वर्ण पदक दीपिका हांडा (पंजाब पुलिस) रजत पदक पूजा यादव (सीआईएफ) कांस्य पदक चीनगाखा निर्मला डी बीएसएफ) पुरुष भार वर्ग-89 किलोग्राम वर्गस्वर्ण पदक बृजेश कुमार (उत्तर प्रदेश पुलिस)रजत पदक लक्ष्य मीणा (राजस्थान पुलिस)कांस्य पदक आर अरुण प्रसाद (तमिलनाडु पुलिस)योग प्रतियोगिता रिथमिक योग पेयर मेंस्वर्ण पदक अनुराग मलिक (उत्तर प्रदेश पुलिस)रजत पदक मानबोंदरा सरकार (बीएसएफ) कांस्य पदक अवधेश सिंह (आईटीबीपी) आर्टिस्टिक योगासन ग्रुप इवेंट स्वर्ण पदक सोनी कुमारी (बीएसएफ)रजत पदक अंजलि ओरे (मध्य प्रदेश)कांस्य पदक बी. माधुरी (आंध्र प्रदेश)अंक तालिका उत्तर प्रदेश पुलिस ने अब तक कुल 3 स्वर्ण, 5 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। राजस्थान पुलिस 3 स्वर्ण, 2 रजत, और 2 कांस्य पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। 3 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि छत्तीसगढ़ पुलिस 2 स्वर्ण और 1 रजत पदक के साथ चौथे पायदान पर है। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आयोजित की गई है, जिसमें राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी के सभी नियमों का पालन किया गया है। फेयर प्ले और उच्चतम खेल प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न किया जा रहा है।


AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

## एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता सख्या) L9001060124026751, L9001060827333870 & L9001060830752692, उत्तम कुमार साहू (ऋणी), घसिया साहू (सहऋणी), श्रीमती मधु साहू (सहऋणी) | 12-जून-24 ₹ 15,16,382/- पन्द्रह लाख सोलह हजार तीन सौ बयासी रूपये मात्र एवं ₹ 4,13,706/- चार लाख तेरह हजार सात सौ छः रूपये मात्र एवं ₹ 6,15,879/- छः लाख पन्द्रह हजार आठ सौ उनयासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित ग्राम पंचायत पीएच नं. 11, खसरा नं. 433/2, पीएच नं. 811, आरआईसी हारदी, ग्राम परसाडा, तहसील सारंगगढ, जिला रायगढ, छत्तीसगढ, 496001, क्षेत्रफल 0.040 हैक्टैयर | 24-सितम्बर-24 |
| (ऋण खाता सख्या) L9001060127011583, विजय कुमार जायसवाल (ऋणी), सुरेश जायसवाल (सहऋणी), श्रीमती पदमा जायसवाल (सहऋणी) | 16-मई-24 ₹ 14,97,827/- चौदह लाख सतानवे हजार आठ सौ सत्ताईस रूपये मात्र 13-मई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 3183-3, पीएच नं. 9-23, ग्राम सिद्यमा, आरएनम बारियो, बलरामपुर, रामानुजगंज राजपुर, जिला सुरगुजा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 460 वर्ग मीटर | 23-सितम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060128624788, सिटी सुपर मार्केट (ऋणी), गुरूचरण सिंह जुनेजा (सहऋणी), विकी सिंह जुनेजा (सहऋणी), हरभजन कौर जुनेजा (सहऋणी) | 13-जून-24 ₹ 20,38,187/- बीस लाख अडतीस हजार एक सौ सतासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 1398-10, नजुल मोहल्ला न्यू महामाया रोड, बरेजपारा, ग्राम अम्बिकापुर, जिला सुरगुजा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 291.2 वर्गगज | 23-सितम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001070127868368, लक्ष्मण वर्मा (ऋणी), श्रीमती ज्योति (सहऋणी) | 14-जून-24 ₹ 6,92,284/- छः लाख बानवे हजार दो सौ चौरासी रूपये मात्र 11-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित फ्लैट नं. 05 एल, द्वितीय तल, सी जी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल आवास योजना, तहसील कोरबा, जिला कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 477 वर्ग फीट | 24-सितम्बर-24 |
| (ऋण खाता सख्या) L9001070131816499, अजय कुमार हिंदुजा (ऋणी), चाहत हिंदुजा (सहऋणी) | 15-जून-24 ₹ 21,92,659/- इक्कीस लाख बानवे हजार छः सौ उनसठ रूपये मात्र 14-जून-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 26/5 27/1 पीएच नं. 20, शीट नं. 2, फ्लैट नं. बी-216, द्वितीय तल, ब्लॉक-बी, वार्ड नं. 44, संजय हाइट्स, ग्राम चातीदिह विकास खण्ड बिलहा, तहसील एवं जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 58.2 वर्ग मीटर | 25-सितम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

**दिनांक: 27/09/2024**
**स्थान: छत्तीसगढ**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

## संपादकीय

# श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके

**अनुरा कुमारा दिसानायके** का श्रीलंका का राष्ट्रपति बनना इस द्वीप देश में वंशवादी व मध्यमार्गी प्रशासन से परिवर्तन का संकेत है। श्रीलंका की वामपंथी 'जनता विमुक्ति पेरामुना'-जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को नए राष्ट्रपति की शपथ दिलाई गई जो इस द्वीप देश में महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तन है। श्रीलंका के प्रमुख वामपंथी व्यक्तित्व दिसानायके का सत्ता में आगमन ऐसे समय हुआ है जब श्रीलंका आर्थिक अस्थिरता, युद्ध-पश्चात समझौते की चुनौतियों तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रति विश्वास के संकट का सामना कर रहा है। उनका राष्ट्रपति बनना न केवल श्रीलंका में एक नया अध्याय है, बल्कि इसके महत्वपूर्ण क्षेत्रीय प्रभाव, खासकर सबसे निकटस्थ पड़ोसी भारत पर भी पड़ेंगे। दिसानायके का चुनाव श्रीलंका में एक व्यापक राजनीतिक जागरूकता का भी प्रतीक है। इस देश पर दशकों से वंशवादी परिवारों तथा मध्यमार्गी गठबंधनों ने शासन किया है। सत्ता में लंबे समय तक रहे राजपक्षे परिवार ने ढांचागत विकास की एक विरासत छोड़ी, पर उसने श्रीलंका को आर्थिक संकट में भी फंसा दिया जिसमें भारी कर्ज-संकट भी शामिल है। दिसानायके का राष्ट्रपति बनना श्रीलंका की जनता में परिवर्तन की बढ़ती इच्छा का प्रतीक है। इसमें खासकर नौजवान शामिल हैं जो भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद से अलग हट कर जवाबदेही व पारदर्शिता चाहते हैं।



वामपंथी होने के नाते दिसानायके की विचारधारा की जड़ें समाजवादी सिद्धान्तो में निहित हैं जिनमें संपत्ति के पुनः वितरण, भूमि सुधार तथा मजबूत कल्याणकारी नीतियां शामिल हैं। उनके राजनीतिक मंच ने आर्थिक असमानताओं को संबोधित करने, भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने तथा हाशियाकृत समुदायों को मजबूत करने पर जोर दिया है। कठोर आर्थिक विभाजनों तथा नस्ली तनावों वाले देश में यह दृष्टिकोण एक नये संभावित परिवर्तन का संकेत देता है कि प्रशासन को जमीनी स्तर पर विकास व समावेशन पर जोर देते हुए काम करना चाहिए। उनके राष्ट्रपति बनने से उन नीतियों को बल मिल सकता है जो विदेशी निवेश पर समाज कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। भारत लंबे समय से श्रीलंका के राजनीतिक व आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण पक्ष रहा है। गृह युद्ध से लेकर द्वीप देश के आर्थिक दीवालियापन तक भारत ने लगातार उसे सहायता दी है, फिर चाहे वह वित्तीय सहायता हो, राजनयिक समर्थन या मानवीय सहायता। हालांकि, राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके इन स्थितियों में नई चुनौतियां पैदा कर सकते हैं। दिसानायके भारत के प्रति ज्यादा सतर्क दृष्टिकोण अपना सकते हैं। हालांकि, वे भारत-श्रीलंका संबंधों का महत्व स्वीकार करते हैं, पर वे श्रीलंका की संप्रभुता बनाए रखने तथा किसी एक देश पर अति-निर्भरता से बचने के बारे में मुखर रहे हैं। अपने शुरुआती भाषणों में दिसानायके ने अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के बजाय घरेलू आर्थिक सुधारों को प्राथमिकता का संकेत दिया था जिसका अर्थ संभवतः ज्यादा संरक्षणवादी नीतियां हैं। इसका परिणाम भारतीय निवेशों की ज्यादा कठोर जांच हो सकता है, लेकिन इसका अर्थ चीन से दूरी बनाना भी हो सकता है। राष्ट्रपति दिसानायके दो देशों के बीच खासकर कृषि, शिक्षा और सामाजिक विकास में ज्यादा गहरे सहयोग के रास्ते खोल सकते हैं। भारत श्रीलंका का मजबूत सहयोगी रहा है, पर चीन को शामिल करने की रणनीतियां भी दिसानायके का विदेश नीति दृष्टिकोण तय करेंगी। दिसानायके ने कर्ज-जाल राजनय के प्रति चिन्ता प्रकट की है जिससे श्रीलंका की जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। ऐसे में देखना होगा कि अनुरा कुमारा दिसानायके के चीन के साथ कैसे संबंध रहते हैं।

# पर्यटन पर पीएम मोदी का विज़न

### इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं।



**गजेन्द्र सिंह शेखावत**
(लेखक, केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री हैं)



एक दशक पहले तक भारतीय पर्यटन को पर्यटन क्षेत्र में अन्य देशों के समकक्ष या उनसे आगे स्थापित करने के लिए भी एक ब्रांड एम्बेसडर की जरूरत सामान्य बात थी। जिस तरह अन्य देश अपने देश के पर्यटन के प्रचार-प्रसार हेतु सुविख्यात फिल्मी सितारों और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को आकर्षित करने के लिए विज्ञापन राशि खर्च कर रहे थे ठीक उसी तरह यहां भी यह महसूस किया गया कि अतुल्य भारत कोएक नया रूप दिए जाने की आवश्यकता है।

पिछले एक दशक में और पिछले 100 दिनों से भारत के केन्द्रीय पर्यटन मंत्री के रूप में कार्य करते हुए मैंने सभी को यह कहते सुना है कि इस देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि हमारे बीच एक ऐसे नेता हैं जो न केवल हमारे प्रधानमंत्री हैं बल्कि वे अतुल्य भारत के सबसे बड़े वैश्विक ब्रांड एम्बेसडर और हिमायती हैं। अपनी हर भूमिका में, वे भारत की बेहतरी के लिए काम करते हैं। मैं यह देखकर अत्यंत विस्मित और प्रेरित होता हूं कि माननीय प्रधानमंत्री सदैव पर्यटन को अत्यंत महत्व देते हैं।

एक प्रधानमंत्री के रूप में वे निरंतर हमें यह याद दिलाते हैं कि हमें देश में पर्यटन की समग्र प्रगति और विकास के लिए 'सरकार के प्रत्येक स्तर' पर कार्य करना है। लगभग 1,50,000 किलोमीटर लम्बा सड़क नेटवर्क बनाए जाने, बेहतर हवाई कनेक्टिविटी के लिए 500 नए हवाई रुट और 150 हवाईअड्डे शुरू किए जाने, तेज गति वाली वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और लगभग 100 पर्यटन परियोजनाओं को पूरा किए जाने के परिणामस्वरूप भारत में 250 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राएं (डीटीवी) दर्ज की गई जो वर्ष 2014 में भारत द्वारा दर्ज 128 करोड़ घरेलू पर्यटक यात्राओं (डीटीवी) का लगभग दोगुना है।

इस राष्ट्र के वैश्विक प्रतिनिधि के रूप में वे अतुल्य भारत के विस्मयकारी पहलुओं को विश्व के समक्ष रखने का कोई अवसर नहीं छोड़ते हैं। उनके नेतृत्व में भारत की जी-20 अध्यक्षता इस मायने में अनूठी रही कि इन बैठकों का आयोजन देश भर के 60 अलग-अलग स्थानों पर किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी का यह विजन था कि भारत की जी-20 अध्यक्षता को माध्यम बनाकर इन 60 गंतव्यों की पर्यटन पेशकशों के साथ-साथ उनकी संस्कृति, क्विज़ीन तथा शिल्प की वैश्विक मंच पर उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। पिछले वर्ष जी-20 के कारण पर्यटन में हुई वृद्धि के परिणामस्वरूप वर्ष 2023 में भारत के पर्यटन क्षेत्र में होटल के नए कमरे सबसे अधिक संख्या में बनाए गए।

एक जन-नायक के रूप में उन्होंने विश्व की यात्रा पर निकलने से पहले अपने देश भारत को देखने-समझने के लिए राष्ट्र को 'देखो अपना देश' हेतु प्रेरित किया है। स्वच्छता के महत्व की सीख देकर उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि उत्तरदायी पर्यटन हम सभी का सहज स्वभाव बन जाए। हर अवसर पर वे वैश्विक प्रवासी भारतीयों को अतुल्य भारत का प्रतिनिधि बनने की उनकी भूमिका निरंतर याद दिलाते हैं कि वे अपने विदेशी मित्रों और परिचितों को इस बात की जानकारी दें कि भारत की यात्रा किस प्रकार उनके लिए अविस्मरणीय हो सकती है। सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले वैश्विक नेताओं में से एक के रूप में उनके द्वारा लक्षद्वीप, काजीरंगा, कन्याकुमारी, श्रीनगर और अन्य कई स्थलों की यात्रा करने मात्र से घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों में ऐसे गंतव्यों की यात्रा करने और भारत की कम लोकप्रिय पर्यटन पेशकशों का अनुभव करने की अभूतपूर्व रुचि देखी गई है।

पर्यटन में माननीय प्रधानमंत्री की निजी रूचि और भागीदारी को और अधिक स्पष्टकरने के लिए मैं आप सबको यह बताना चाहूंगा कि उन्होंने अपने मंत्रिमंडल के पर्यटन विभाग में मुझे अपनी सेवा प्रदान करने का अवसर देते समय कहा था कि वे मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप रहे हैं ।तब से मेरानिरंतर यह प्रयास रहा है कि समावेशी सामाजिक-आर्थिक प्रगति और विकास के माध्यम के रूप में पर्यटन क्षेत्र के महत्व को ध्यान में रखते हुए हमभारत में इसके लिए एक व्यावसायिक योजना तैयार करें।

अवसंरचना विकास में भारत द्वारा तेजी से की जा रही प्रगति का लाभ उठाते हुए नए पर्यटन गंतव्य विकसित करना इस व्यावसायिक योजना का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। नए भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए और अपने गौरवशाली अतीत से प्रेरणा लेते हुए पर्यटकों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाने के लिए इन नए गंतव्यों की परिकल्पना की गई है । वर्ष 1947 में हमारी स्वतंत्रता से लेकर वर्ष 2014 तक भारत में किसी पर्यटक गंतव्य को शुरूआत से समग्र और समावेशी तरीके से विकसित करने का एक भी उदाहरण देखने को नहीं मिलता है । वर्ष 2018 में माननीय प्रधानमंत्री द्वारा विश्व को एकता नगर और स्टेच्यू ऑफ यूनिटी की भेंट देने के बाद से इसमें परिवर्तन आया है।

माननीय प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप एकता नगर में पर्यटन को प्रमुख आधार के रूप में विकसित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए और अनेक उपाय किए गए । रोज़मर्रा के आधार पर गंतव्य के रख-रखाव और प्रबंधन के लिए विशिष्ट स्टेच्यू ऑफ यूनिटी क्षेत्र विकास और शासन प्राधिकरण स्थापित करने के साथ-साथ अंतिम बिंदु तक कनेक्टिविटी सुनिश्चित की गई । स्थानीय लोगों और युवाओं को पर्यटन से संबंधित सेवाओं और कार्यों के संबंध में प्रशिक्षित करने के लिए कौशल विकास केंद्रों की स्थापना की गई। अच्छे होटल, रिजॉर्ट और अन्य आवास स्थापित करने के लिए निजी निवेशों को शामिल किया गया । पीपीपी मोड में विभिन्न थीमों में अनेक नए आकर्षणों, कार्यकलापों और अनुभवों की शुरूआत की गई।

इन सभी और अन्य कई कार्यकलापों के कारण एकता नगर में पर्यटकों की संख्या वर्ष 2018 में 4.5 लाख से 10 गुना बढ़कर वर्ष 2023 में 45 लाख हो गई थी । इसके अलावा, इन सभी प्रयासों से एकता नगर के स्थानीय लोगों के लिए पर्यटन अर्थव्यवस्था के माध्यम से आजीविका के नए साधन का सृजन हुआ है जो वर्ष 2014 से पहले इस क्षेत्र में उपलब्ध नहीं था । एकता नगर के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री ने हमें पर्यटन विकास और संवर्धन का एक नया मॉडल दिया है - एक ऐसा मॉडल जिसे ऐसे प्रतिष्ठित पर्यटक स्थलों का सृजन करने के लिए एक उदाहरण के रूप में अपनाया जा सकता है।

स्वदेश दर्शन और प्रतिष्ठित पर्यटक गंतव्यों के विकास जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा स्थापित मॉडल से प्रेरणा लेते हुए, पर्यटन मंत्रालय अब 'सरकार के हर स्तर पर'चयनित गंतव्यों को विकसित करने के संयुक्त प्रयासों द्वारा देश में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास कीअगुआई कर रहा है। ऐसे अधिक प्रभावकारी हस्तक्षेपों की शुरूआत के प्रयास किए जा रहे हैं जो विभिन्न गंतव्यों में पर्यटक अनुभव को पूरी तरह से बदल सकते हैं। साथ ही, निजी निवेश को सार्वजनिक निवेश का पूरक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि भारत में पर्यटन संबंधी गंतव्य विकास के लिएदोनों एक संयुक्त शक्ति के रूप में कार्य कर सकें। इन गंतव्यों में मंत्रालय की विभिन्न पहलों के माध्यम से, कौशल निर्माण और डिजिटलीकरण जैसे पर्यटन साधनों को बेहतर बनाने के लिए भी कार्रवाई की जा रही हैताकि पर्यटन के लाभ उस गंतव्य में ही स्थानीय समुदायों और व्यक्तियों को प्राप्त हो सकें।

प्रधानमंत्री के जन भागीदारी के विज़न से प्रेरित होकर, मंत्रालय ने देखो अपना देश पीपुल्स च्वाइस 2024 नामक एक राष्ट्र-व्यापी पोल शुरू किया है ताकि नागरिक 5 श्रेणियों में भारत में अपने सबसे पसंदीदा पर्यटक स्थलों और गंतव्यों के बारे में जानकारी दे सकें । आगे बढ़ने के अपने प्रयासों में जनता की आवाज को शामिल करने के लिएपीपुल्स च्वाइस 2024 में शीर्ष पर आने वाले गंतव्यों को विशेष सहायता और निधि प्रदान की जाएगी, ताकि उन्हें दुनिया के समक्ष सर्वश्रेष्ठ अतुल्य भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले वैश्विक पर्यटन स्थलों के रूप में परिवर्तित किया जा सके।

ऐसा कोई भी दिन नहीं जाता जब माननीय प्रधानमंत्री हमें विकसित भारत के अपने विज़न की याद न दिलाएं । पर्यटन हमें उस महान विज़न को पूरा करने के लिएअनेक अवसरप्रदान करता है। इस विश्व पर्यटन दिवस पर, मैं इस विजन को पूरा करने में अपनी भूमिका निभाने के लिए आप सबका आह्वान करता हूं, ताकि हम अपने माननीय प्रधानमंत्री जी की ही तरह अतुल्य भारतीय बन सकें।

# महिला सशक्तीकरण एवं बच्चों का पोषण

अभिनव हस्तक्षेपों के माध्यम से, परिवारों को पौष्टिक घर का बना भोजन खाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है।

**स्वप्ना मजूमदार**
(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)



कुछ साल पहले, जब चेतना, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के बीच स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता पर काम करने वाली एक गैर-लाभकारी संस्था, एक सर्वेक्षण कर रही थी, तो उसने पाया कि अहमदाबाद, गुजरात के वासना की शहरी झुग्गी में रहने वाले बड़ी संख्या में बच्चे, किराने की दुकानों पर मिलने वाले पैकेज्ड आलू के चिप्स और अन्य अस्वास्थ्यकर स्नैक्स के लगभग आदी हो चुके हैं। वे अक्सर घर का बना खाना नहीं खाते थे, बल्कि ऐसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ खाना पसंद करते थे।

परिणामस्वरूप, उनमें से कई कुपोषित और एनीमिया से पीड़ित हो गए। बच्चों को पैकेज्ड फूड से दूर रखने के लिए चेतना ने जो रणनीति अपनाई, उनमें से एक यह थी कि पारंपरिक गुजराती स्नैक्स और पूरक खाद्य पदार्थ जैसे शेरो, सुखदी और लाड कैसे स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पौष्टिक भी हो सकते हैं। माताओं और देखभाल करने वालों की मौजूदगी में उन्हें पकाने से उन्हें अपने बच्चों के पोषण स्तर को बेहतर बनाने के नए तरीके सीखने में मदद मिली। पांच सप्ताह तक 1 से 5 साल के कम वजन वाले बच्चों को प्रोटीन, वसा और आयरन युक्त पूरक आहार भी दिया गया। चेतना टीम ने सप्ताह में तीन बार एक निश्चित समय पर परिवारों का दौरा किया और 30 मिनट की पद्धति अपनाई।

इसका मतलब यह सुनिश्चित करना था कि बच्चा 30 मिनट तक बैठा रहे जबकि देखभाल करने वाले उसे घर का बना खाना खिलाएँ। प्रत्येक बच्चे के लिए, 36 बार घर का दौरा किया गया। हस्तक्षेप के सात से नौ महीनों के भीतर, बच्चे केवल घर का बना खाना खा रहे थे। उनकी कैलोरी की मात्रा बढ़ाने के लिए, उनके मेनू में गेहूं के आटे और बंगाल चने के मिश्रण से बनी रेसिपी भी शामिल की गई। धीरे-धीरे बच्चों द्वारा खाए जा रहे अन्य पोषक तत्वों के साथ-साथ कैलोरी भी बढ़ गई। नौ महीने के अंत में 166 कम वजन वाले बच्चों का वजन किया गया, जिनमें से 36त्र बच्चे पूरी तरह से पोषित पाए गए। केवल पैकेट वाला खाना खाने वाले सभी 35 बच्चों ने घर का बना खाना खाना शुरू कर दिया। इस आदत को बनाए रखने के लिए, चेतना ने इन झुग्गियों में रहने वाले आर्थिक रूप से हाशिए पर रहने वाले समुदायों की माताओं और अन्य महिलाओं को कौशल प्रदान करने का विचार बनाया ताकि वे भी ऐसे पौष्टिक नाश्ते बनाकर आर्थिक रूप से लाभ उठा सकें। अगस्त 2023 में, उन्होंने इन झुग्गियों में रहने वाली महिलाओं को दोनों काम करने के लिए प्रशिक्षित करना शुरू किया - अपने बच्चों को अस्वास्थ्यकर नाश्ते से दूर करके घर के बने खाने की ओर ले जाना और साथ ही पोषण-उद्यमी बनना।

25 महिलाओं के पहले बैच ने आहार, स्वस्थ खाने के महत्व और नाश्ते में पोषण जोड़ने के बारे में कुछ पाठों के साथ शुरुआत की। पोषण संबंधी शिक्षा को बढ़ाने के अलावा, उन्हें पैकेजिंग, मार्केटिंग और व्यवसाय प्रबंधन के बारे में सलाह दी गई।

झुग्गी में एक रसोई स्थापित की गई और महिलाओं को पेशेवर होने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने खजूर के लड्डू, रागी और चुकंदर के शकरपारे जैसे बाजरे से बनी पारंपरिक खादी और साथ ही स्वादिष्ट फूले हुए बाजरे और नाचोस जैसी पौष्टिक मिठाइयां बनाना सीखा।

महिलाओं ने अपने उत्पादों को पड़ोसियों के साथ-साथ दुकानदारों को भी बेचना शुरू कर दिया। 2024 के पहले तीन महीनों में, 25 महिलाएं लगभग 60,000 किलोग्राम घर का बना नाश्ता बेचने में सक्षम थीं। वे अब 4000 से 5000 रुपये महीना कमा रहे हैं।

35 वर्षीय चंपाबेन मकवाना, जो एक गृहिणी और दो बच्चों की मां हैं, के लिए पोषण-उद्यमी बनना आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के उनके सपने को साकार कर रहा है। 5000 रुपये की उनकी मासिक आय ने उन्हें अपने पंख फैलाने और व्हाट्सएप के माध्यम से ऑनलाइन व्यवसाय में उतरने का आत्मविश्वास दिया है। वह न केवल परिवार की वित्तीय स्थिरता में योगदान करने में सक्षम है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि वह अपने बेटे के पेट दर्द को भी रोक सकती है, क्योंकि वह पैकेज्ड स्नैक्स की जगह घर के बने विकल्पों का इस्तेमाल करती है। पोषण-उद्यमी बनने से 18 वर्षीय भावना सरगरा की ज़िंदगी बदल गई है। 10वीं की बोर्ड परीक्षा में अंग्रेजी, गणित और विज्ञान में फेल होने के बाद, सरगरा ने उम्मीद खो दी और दिशाहीन हो गई। उद्यमिता प्रशिक्षण ने नए दरवाजे खोले और अभिनव पाक तकनीकों और व्यंजनों ने उन्हें 5000 रुपये प्रति माह कमाने में सक्षम बनाया। आय में इस वृद्धि ने उन्हें अपनी शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए ट्यूशन कक्षाओं में दाखिला लेने की स्वतंत्रता दी है।

वह अपनी 12वीं बोर्ड परीक्षा देने की तैयारी कर रही है। इसके अतिरिक्त, वह अपने परिवार को वित्तीय सहायता भी प्रदान कर रही है और अपने छोटे भाई-बहनों को अपनी पढ़ाई जारी रखने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। यह सर्वविदित है कि चिप्स और नूडल्स जैसे अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में वसा, नमक और चीनी के अस्वास्थ्यकर स्तर होते हैं। इसका एक कारण यह है कि इन उत्पादों में पायसीकारी, योजक, परिरक्षक और स्टेबलाइज़र पाए जा सकते हैं जो आमतौर पर घरेलू रसोई में उपयोग नहीं किए जाते हैं ताकि उनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाई जा सके।

अभिनव हस्तक्षेपों के माध्यम से, परिवारों को पौष्टिक घर का बना भोजन खाने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि इनके सेवन से टाइप-2 मधुमेह के साथ-साथ अन्य जीवनशैली से संबंधित बीमारियों के विकसित होने का जोखिम बढ़ जाता है। अध्ययनों के अनुसार, अस्वास्थ्यकर खाद्य उत्पादों के आक्रामक विपणन का सबसे बड़ा प्रभाव सबसे कम आय वर्ग के 20 प्रतिशत समुदायों पर पड़ता है, जो पैकेज्ड खाद्य पदार्थों पर 5.5 प्रतिशत खर्च करते हैं। हालांकि, चेतना पहल से पता चलता है कि पैकेज्ड सभी चीजें अस्वास्थ्यकर नहीं होती हैं। यह पौष्टिक और स्वस्थ हो सकती हैं। इसके लिए बस इच्छाशक्ति और पोषण शिक्षा की आवश्यकता होती है।

## आप की बात

### संकट में सिद्धारमैया

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले में राज्यपाल द्वारा जांच की अनुमति देने के मामले में हाई कोर्ट ने इसे उचित बताया है। चूंकि जांच खुद मुख्यमंत्री की होनी है तो पद पर रहते हुए वे अपने प्रभुत्व से जांच को प्रभावित कर सकते हैं। इसलिए उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए, लेकिन उन्होंने इससे साफ इनकार कर दिया है। अब तो ऐसा लगने लगा है कि सत्ता मिलते ही पार्टी के उच्च पदों पर आसीन नेता अपनी अगली सात पीढ़ियों के जीवनयापन की व्यवस्था में जुट जाते हैं। सत्ता के मद में चूर होकर और सारे नियम कायदों को ताक पर रखकर वे अपने पद का पूरा-पूरा फायदा उठाते हैं। जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो, वहां नीचे के अधिकारियों को भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है। सिद्धारमैया पर भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच लोकायुक्त कर रहे हैं। फिलहाल तो कर्नाटक कांग्रेस के नेता सिद्धारमैया का बचाव कर रहे हैं, पर बाद में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से कुर्सी की लड़ाई तेज हो सकती है। विडंबना है कि विदेशी एजेंसियों की छोटी-मोटी खबरों के आधार पर मोदी को भ्रष्टाचार के आरोपों में लपेटने का प्रयास करने वाले राहुल गांधी इस मामले पर एकदम चुप हैं। भ्रष्टाचार के आरोप तो कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की ट्रस्ट पर भी हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

### जलवायु परिवर्तन का कारण

**जलवायु परिवर्तन** के कारण अफ्रीका और एशिया के कई इलाकों में भुखमरी की स्थिति बनी हुई है। मौसम एवं वातावरण में उतार-चढ़ाव के कारण इस धरती पर लोगों का बचना मुश्किल हो जाता है। इंसान चाह कर भी कुछ नहीं कर पाता है। 21वीं सदी की शुरुआत से ही जलवायु परिवर्तन ने धरती के कई भागों में लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। जहां सूखा, लू, हांड़ कपाने वाली ठण्ड, तूफ़ान, बाढ़, जंगलों में आग लोगों को संकट में डालती है, वहीं समुद्र का जलस्तर लगातार बढ़ने से कई शहर एवं क़स्बे डूब रहे हैं। इन सब के जिम्मेदार हम इंसान ही हैं। चार दशकों में वनों की कटाई के कारण अमेज़न वर्षावन ने जर्मनी और फ्रांस के संयुक्त क्षेत्र के बराबर वन क्षेत्र खो दिया है। 1985 से 2023 तक धरती का 12.5 प्रतिशत हरित आवरण मुख्य रूप से खनन और कृषि के कारण नष्ट हो गया। इंपीरियल कॉलेज लंदन की शोधकर्ता क्लेयर बार्न्स ने कहा, कभी न खत्म होने वाली गर्मी और कम बारिश ने पारिस्थितिकी तंत्रों को अत्यधिक ज्वलनशील टिंडरबॉक्स में बदल दिया है। इस प्रकार धरती का सबसे बुद्धिमान, प्राणी समझा जाने वाला मनुष्य खुद अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार रहा है और दोष बदलते मौसम पर मढ़ रहा है।

– **जंग बहादुर सिंह**, जमशेदपुर

### योगी का प्रशंसनीय कदम

**खान-पान** की वस्तुओं में मिलावट, कारीगरों द्वारा रोटी बनाने में थूक, शाकाहारी समोसों में मांस व जूस में गंदगी मिलाने जैसी घटनाएँ प्रकाश में आने के कारण उत्तर प्रदेश सरकार ने अध्यादेश जारी कर कठोर कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह कदम अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे प्रेरणा लेकर कांग्रेस शासित हिमाचल प्रदेश में भी होटल व रेस्टोरेंट स्वामियों को पहचान उजागर करना अनिवार्य किया गया है । पहचान छिपाकर कुछ व्यापारी ऐसे घृणित काम करते हैं। भगवान तिरुपति के महाप्रसादम तक ऐसी गंदगी मिलाने वालों को कठोरतम दंड दिया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश व हिमाचल प्रदेश का अनुसरण करते हुए देश के सभी होटलों, ढाबों व रेस्टोरेंटों पर मालिकों व उनके कर्मचारियों का नाम लिखना अनिवार्य किया जाना चाहिए। दूध, घी, सरसों के तेल, शहद, खोया व अन्य दुग्ध पदार्थों में मिलावट करने वाले संगठित गिरोहों के खिलाफ सभी राज्यों की पुलिस को मिल कर संगठित अभियान चलाने के साथ सफल अभियोजन के माध्यम से इनको कठोरतम दंड देना सुनिश्चित किया जाना चाहिए। दुनिया में सबसे तेज प्रगति करने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए खाद्य पदार्थों में इस प्रकार की मिलावट कलंक है।

– **सुधाकर आशावादी**, मेरठ

### आत्मनिर्भर भारत

**भारत** आज आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस सफ्लता के पीछे सरकार की मेक इन इंडिया योजना है। मेक इन इंडिया से भारत ने आयात घटाने और निर्यात बढ़ाने में बड़ी छलांग लगाई है। मोबाइल फ्तेन निर्यात में पिछले दस साल में साढ़े सात हजार प्रतिशत की चकित करने वाली प्रगति हुई है। देश मे इस्तेमाल होने वाले 99 प्रतिशत मोबाइल यहीं बने हैं। मोबाइल निर्माण में भारत दुनिया का दूसरा बड़ा देश बन गया है। भारत दुनिया का चौथा नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। भारत में खिलौनों का निर्माण 239 प्रतिशत बढ़ा है। 2014 में स्टार्टअप संख्या 350 थी जो अब बढ़कर 1.40 लाख हो गई है। रक्षा क्षेत्र में भारत बड़ी तेजी से आयातक से निर्यातक देश बन रहा है। आज भारत बड़े-बड़े हथियार स्वयं बनाने में सक्षम हो गया है। मेक इन इंडिया के कारण पिछले दस वर्षों में एफ्डीआई में119 प्रतिशत वृद्धि हुई है। पहली बार भारत का बस्तु निर्यात 400 अरब डॉलर के पार पहुँचा है। आत्मनिर्भर भारत जल्द ही विकसित भारत बनेगा।

– **ललित शंकर**, गाजियाबाद

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# फार्म संचालक पर एफआईआर को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर की नारेबाजी

## प्रशासन को 10 दिन का दिया अल्टीमेटम, एनएच-30 पर सडकजाम करने की चेतावनी




**पायनियर लगातार**

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com

जिले के गुरुर ब्लाक के आदिवासी अंचल ग्राम पेटेचुवा मे संचालित लवकुश पोल्ट्री फार्म के खिलाफ ग्रामीण आक्रोशित नजर आ रहे है। जहा अब फार्म को बंद करवाने और संचालक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग को लेकर ग्राम पेटेचुवा, बड़भूम, हितेकसा, दुग्गाबाहरा के सैकड़ो ग्रामीण गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुचे। जहा पहले से ही तैनात पुलिस बल ने ग्रामीणों को कलेक्ट्रेट के गेट पर ही रोक दिया। जहां ग्रामीणों ने जमकर नारेबाजी की। जिला प्रशासन की तरफ से आये अधिकारी और पुलिस अधीक्षक से मिलकर ग्रामीणों ने पोल्ट्री फार्म से हो रही समस्या को बताया। ग्रामीणों की माने तो लवकुश पोल्ट्री फार्म में दुष्कर्म जैसा बड़ा अपराध हुआ है। ऐसे में ग्रामीण महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। पोल्ट्री फार्म से लगे खेतो में किसान काम करने नही जा पा रहे है। फार्म की बदबू से सभी लोग परेशान है। वही अन्य जिलों से लाकर अनजान लोगो को काम करवाया जा रहा है, जिसमें अधिकतर लोग नाबालिक मिले हैं। इस फार्म चलाने के लिए ग्राम सभा का अनुमोदन भी नही है, क्योकि ग्राम पेटेचुवा आदिवासी अंचल ग्राम है, जहा 5वी अनुसूची लागू है। ऐसे में ग्रामीणों की मांग है कि इस तरह से अवैध संचालित पोल्ट्री फार्म को प्रशासन बंद करवाकर संचालक युगल किशोर चंद्राकर के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाए। जहा 10 दिन का समय ग्रामीणों ने कार्यवाही के लिए प्रशासन को दिया है। अगर कार्यवाही नही हुई तो नेशनल हाइवे-30 पर ग्रामीण चक्का जाम करेंगे। वही दुष्कर्म के फरार आरोपी को भी जल्द पकड़ने की मांग ग्रामीणों ने की हैं।

### पोल्ट्री फार्म संचालक को मिला नोटिस

लवकुश फार्म में काम करने वाले अधिकतर लोग नाबालिक हैं। ऐसे में 14 साल के कम उम्र के बच्चे को बाल श्रम और 18 साल के कम उम्र के बच्चो के लिए किशोर न्याय के तहत अब फार्म संचालक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। जहा ये उम्मीद जताई जा रही है फार्म संचालक को जल्द ही जेल की हवा खानी पड़ेगी। अब इंजतार श्रम विभाग की कार्यवाही का है जहा माना जा रहा है कि श्रम विभाग बच्चो के हित और न्याय के लिए पोल्ट्री फार्म संचालक पर कड़ी कार्यवाही करेगी।

### पायनियर ने किया था खुलासा

इस पूरे घटनाक्रम में पायनियर ने अपनी नजर बनाए रखे हुई है, क्योंकि मामला एक दुष्कर्म के साथ मासूम नाबालिकों को पोल्ट्री फार्म में काम करवाने का है। पायनियर लगातार समाचार प्रकाशन कर लवकुश पोल्ट्री फार्म के भीतर चल रही अनैतिक गतिविधियों को जिला प्रशासन के समक्ष रख रहा है। पायनियर ने सबसे पहले अपनी में 25 सितंबर को शीर्षक 'पोल्ट्री चलाने में नियमो की अनदेखी, नाबालिकों से ले रहे काम' समाचार का प्रकाशन कर मामले का खुलासा किया था।

### नही हुआ अब तक एफआईआर

जब टास्क फोर्स की टीम ने पोल्ट्री फार्म में पहुच कर नाबालिकों से बयान ली थी, और जिसके बाद फार्म संचालक को नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर जवाब मांगा हैं। तो वही मामले में अब तलक श्रमाएफआईआर नही किया गया है। जो विभाग की पूरी कार्यवाही पर सवालिया निशान लग रहा है।

# बारिश भी हौसला नहीं तोड़ पाई प्लांट बंदी अभियान को, बारिश में भीगते धरना प्रदर्शन करते रहे ग्रामीण



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

एथेनाल प्लांट को बंद करने के लिए पांचवे दिन भी जारी रहा, बारिश भी इस अभियान को नही रोक पाई। बारिश में भीग कर भी लोग धरना स्थल पर डटे रहे। ट्रेक्टर में भरकर हर दिन आस पास के गांव से लगातार आ रहे है। आंदोलन करियों को पांच दिन गुजर जाने के बाद भी शासन प्रशासन की निष्क्रियता और आंदोलन रत किसानो के मांग को अनसुना करने की रणनीति से किसान लगातार उत्तेजित हो रहे है। आंदोलनरत को लोगों को ऐसा लग रहा है की शांति पूर्ण की बात कह कर प्रशासन जनता को बेवकूफ बना कर उन्हे गुमराह कर रहा है, और उद्योग पति को मदद कर रहा है। कलेक्टर भी अपने वादा निभाने में अभी तक असफल रहे और अपने कहे अनुसार अभी तक जांच टीम तक गठित नही कर पाए हैं। इस बीच एक ओवर लोड टिप्पर जो प्लांट जाने का प्रयास कर रही थी, प्रदर्शनकरियों ने रोक कर उपस्थित पुलिस वालों से कार्यवाही करने आग्रह किया, परंतु पुलिस वालों ने एकबार फिर लापरवाही पूर्वक उस टिपर को भगा दिया। विधायक के धरना स्थल पर नहीं आने से भी लोग नाराज दिखाई पड़े, जहां शासन प्रशासन आंदोलनकारियों को झुका कर आंदोलन तोड़ने के रूप में काम करते दिख रही तो वहीं आंदोलनकारी तू डाल-डाल तो मैं पात-पात की तर्ज पर दिन पर दिन प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ाने में लगी है। लगातार पांचवे दिन प्रदर्शनकारियों की संख्या बढ़ती दिखी। प्रदर्शनकारी शासन प्रशासन पर लगातार तंज भी कस रहे और लगातार उलाहना भी दे रहे है और शासन प्रशासन पर उद्योगपतियों के हाथों बिकने का भी आरोप लगा रहे है। प्रति दिन दो बजे के बाद से लगातार भीड़ बढ़ रही है। शीघ्र ही धरना स्थल पर बड़ी बड़ी हस्तियों के भी आने की संभावना बन रही। आंदोलन के लिए उपस्थित जनसमूह की ओर से आर्थिक सहयोग भी मिल रहा है। जिससे इस आंदोलन के सक्रियता और समर्थन को ताकत मिल रही है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना : विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती की जाएगी

**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विभिन्न पदों (संविदा) पर भर्ती की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत लेखापाल, विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि वांछित अर्हताधारी एवं इच्छुक अभ्यर्थी 10 अक्टूबर को कार्यालयीन समय 05.30 बजे तक कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत बालोद, जिला बालोद (छ.ग.) के नाम से पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रेषित कर सकते हैं। डॉ. कन्नौजे ने बताया कि रिक्त पदों एवं भर्ती प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी जिले के वेबसाईट www.balod.gov.in तथा जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है।

# हमें अजनबियों से कोई सामान नहीं लेना चाहिए : सुनीता



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला जामगांव, विकासखंड बेरला में संकल्प एक गैर-सरकारी संस्था से सुनीता साहू के द्वारा शाला के बच्चों को फिजिकल एजुकेशन जिसके अंतर्गत बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में बताया कि हमारे शरीर के कुछ निजी अंग जिसे हमने किसी को भी छूने नहीं देना चाहिए। इसे हम ढंक कर रखते हैं। बचपन में केवल हमारी मां नहलाते हुए छू सकती थी। लेकिन अब कोई भी नहीं छू सकता। हमें अजनबियों से कोई भी समान नहीं लेना चाहिए साथ ही उनके साथ नहीं जाना चाहिए। साथ ही सेफ्टी नेटवर्क के बारे में बताया गया कि किस प्रकार हम अपने भरोसेमंद आदमी की सहायता मुसीबत के समय ले सकते हैं जो हमारे परिवार या हमारा दोस्त हो सकता है। बच्चों को उनके शरीर के अंगो की देखभाल के बारे में बताया गया। शिक्षक सावित्री साहू के द्वारा बताया गया कि जब हम मुसीबत में हो तो जोर-जोर से चिल्लाना चाहिए। बच्चों के बाल अधिकार के बारे में बता दिया गया कि उनके 6 से 14 वर्ष तक निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार मिला हुआ है।बच्चों की सहायता के लिए कानून एवं चाइल्डलाइन हेल्पलाइन1098 के बारे में बताया गया। शाला के शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टिकेंद्र साहू के द्वार इसे एक बहुत अच्छी पहल बताया गया। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक जसपाल साहू, सहायक शिक्षक सुरेंद्र पाल सिंह यादव, सावित्री साहू, संतोष साहू, प्रमिला बघेल उपस्थित रहे।

# डिप्टी रेंजर को लहूलुहान करने वाले दो नाबालिक सहित सत्रह लोग गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

गणेश चंद्रवंशी पिता अर्जुन चंद्रवंशी उम्र 31 साल साकिन गड़ई थाना पांडातराई हाल सहायक परियोजना परिक्षेत्र पंडरिया सर्किल प्रभारी कुकदुर ने रिपोर्ट दर्ज कराया की 22.09.24 को रात्रि मैं ग्राम डालामोहा के कुदुर झोरी नाल में रेत का अवैध उत्खनन की मुखबीर सूचना मिलने पर अपने अधिकारी रेंजर रविकांत चंद्रा को अवगत कराकर आदेशा नुसार अपने स्टाफ अनिल कुर्रे, विनायक मानव मरावी, दिनेश कुमार वर्मा, एवं चौकीदार लमान बैगा को लेकर रात्रि करीब 10:30 बजे अवैध उत्खनन की रोकथाम हेतु कार्यवाही करने ग्राम डालामौहा गए कक्ष क्रमांक 1468 में एक ट्रैक्टर ट्रॉली रेट से भरा कीचड़ में फंसा हुआ था। आसपास कोई व्यक्ति नहीं थे जहां पर विनायक मानव मरावी एवं दिनेश वर्मा को छोड़कर दो ट्रैक्टर कुदुर झोरी नाला के अंदर दिखा तब गणेश चंद्रवंशी, अनिल कुर्रे और चौकीदार लमान बैग नाला अंदर गए। इसी समय ग्राम डाला मौहा के ग्रामीणों द्वारा रेट पकड़ने आए हैं कहते हुए अश्लील गाली-गलौज कर चिल्लाते हुए आज इनको जान सहित मार डालेंगे कहते हुए हमारे तरफ आने लगे तब गणेश चंद्रवंशी, अनिल कुर्रे और लमान बैगा आवाज सुनकर भयभीत होकर ग्राम भेड़ागढ़ रास्ते से ग्राम पंडरीखार होते कामठी पहुंचे कामठी में मोहित यादव के दुकान के पास डालामौहा में रुके स्टाफ का इंतजार कर रहे थे की रात्रि 12:30 बजे ग्राम डालामौहा के पंचराम गोंड का लड़का जिसका नाम नहीं जानता हूं उनके साथ ही करीब 15 अन्य ग्रामीण व ग्राम पंडरीखर के सालीराम गोडा उसके साथ मोटर सायकल में



एक अन्य आय और हमें देखकर फॉरेस्ट विभाग का होना जानकर रेती गाड़ी पकड़ते हो कहकर मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर शासकीय कार्य में बाधा डालकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा से लैस होकर जान लेवा हमला कर लाठी, डंडा व हाथ मुक्का से मारपीट कर गंभीर चोट पहूचाये हैं कि रिपोर्ट पर थाना कुकदुर में अपराध क्रमांक 123/24 धारा 296, 351(2), 121,121(1),109(1),191(2),191(3),190 भा.न्या. स. कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया विवेचना दौरान वैज्ञानिक अधिकारी सीन ऑफ क्राइम यूनिट कवर्धा के साथ प्रार्थी के निशान देही पर समक्ष गवाहों के घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया जाकर वैज्ञानिक अधिकारी, पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पुलिस अनविभागीय अधिकारी पंकज पटेल,के निर्देशानुसार घटना स्थल एवं आसपास पाये गए डंडा टूटे हुए टुकड़े, खून आलूदा/ सादा खुरचन, खून आलूदा स्वेब / सादा वर्दी के फ्लेम स्टार लगे हुए जिसमें खून जैसे दाग धब्बे युक्त को जप्त किया जाकर प्रार्थी/ आहत गणेशराम चंद्रवंशी, अनिल कुर्रे एवं गवाह क्षेत्रपाल विनायक मानव मरावी, दिनेश वर्मा से पूछताछ कर कथन लिया जाकर विवेचना की गई। विवेचना दौरान आरोपी पता तलाश करने पर आरोपी कमलेश श्याम सालिकराम एवं अन्य साथी निवासी डालामौहा, पंडरीखार का पता तलाश कर अभी रक्षा में लिया जाकर मेमोरेंडम कथन 25.09.24 हुआ 26.09.24 को लिया गया जो अपने मेमोरेंडम कथन में बताया कि 22.09.24 की रात्रि में फॉरेस्ट विभाग के गणेशराम चंद्रवंशी, अनिल कुर्रे एवं उनके दो-तीन साथियों को रेत उत्खनन करने वालों को पकड़ने आने पर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते जान से मारने की धमकी देते हुए मारने के लिए दौड़कर पीछा करने पर ग्राम कामठी के मोहित यादव के दुकान पास वर्दीधारी गणेशराम चंद्रवंशी, अनिल कुर्रे को गांव डालामौहा, परसेलखार, पंडरीखार के अपने अन्य करीब 15 से 20 साथियों के साथ मिलकर अपने-अपने पास रखे लाठी, डंडा लेकर घेरकर रेत पकड़ने आए हो कहकर मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते जान से मारने की नीयत से जानलेवा हमला कर लाठी, डंडा लात घुसा से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाना बताने पर मुताबिक मेमोरेंडम के आरोपी गणों से घटना में प्रयुक्त लाठी, डंडा, प्रयुक्त वाहन 1 नग मो.सा., 1 नग ट्रैक्टर व ट्राली को विधिवत जप्त किया गया है कि अरोपीगणो के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाए जाने पर 15 आरोपीगणों को विधिवत गिरफ्तार किया गया है

# लोहारीडीह घटना के विरोध में साहू समाज ने धरना प्रदर्शन कर सीबीआई जांच की मांग उठाई

## सुनियोजित ढंग से पुलिस कस्टडी में हत्या की गई : ढालेश साहू

पायनियर संवाददाता < उतई
www.dailypioneer.com

लोहारीडीह घटना के विरोध में साहू समाज जगह-जगह विरोध प्रदर्शन कर रही है। उतई में भी साहू समाज ने धरना प्रदर्शन कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदेश साहू संघ व जिला साहू संघ दुर्ग, तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, युवा प्रकोष्ठ व नगर साहू समाज उतई के नेतृत्व में लोहारीडीह में समाज के दो लोगों की हत्या व पुलिस कस्टडी के दौरान किसान प्रशांत साहू की मौत को लेकर विरोध प्रदर्सन किया। इसके पूर्व समाज के लोगों ने कर्मा भवन से लेकर बाजार चौक तक रैली निकाली। रैली के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण युवा प्रकोष्ठ के संयोजक व किसान नेता ढालेश साहु ने कहा कि साहू समाज के लोगो की सुनियोजित ढंग से पुलिस कस्टडी में हत्या की गई है। जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। निर्दोष ग्रामीणो को पुलिस अपनी बर्बरता दिखाते हुए बेरहमी से मारपीट की हैं।महिलाओं की शरीर पर चोट के निशान है। दूर्ग संभाग साहू समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष देव साहू ने कहा कि यह घटना बहुत ही निन्दनीय है। पोस्टमार्टम कराने वालो को जेल में बंद कर दिया गया। प्रशांत साहू की थाने में हत्या की गई। महिलाओ को घसीट घसीट कर मारा गया है। उसकी नानी से भी मारपीट की गई है। दुर्ग जेल में 33 महिला व



34 पुरुष को कवर्धा जेल में रखा गया है। हम सबको एकजुटता दिखाना है। नगर साहू समाज उतई के अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि यह घटना काफी निदनीय है। ग्राम पंचायत करगाडीह के सरपंच घनश्याम गजपाल ने कहा कि यह घोर निन्दनीय घटना है। यह साहू समाज के लिये ही नही पूरे छतीसगढ़ीया समाज के लिये दुख की बात है। छतीसगढ़ के शांत माहौल को अशांत करने की साजिश की जा रही है। छत्तीसगढ़ क्रान्ति सेना के कामेश साहू ने कहा कि अपने अधिकार के लिये जागना जरूरी है। जब तक निर्दोष तीन लोगों को न्याय नही मिलेगा। तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। जब वोट मांगना रहता है तो समाज याद आता है। लेकिन आज कोई नही है।निर्दोष को मारा जा रहा है।बलौदाबाजार में 180 लोग जेल में बंद है। कवर्धा में हुआ बलौदाबाजार में हुआ। अब आपको जागना जरूरी है। अन्यथा आपके जिला में भी होगा। पार्षद तोषन साहू ने कहा कि इस घटना के बाद सम्पूर्ण समाज को एकजुट होना चाहिए है। डॉ. पीलेश्वर साहू ने कहा कि सरकार कंट्रोल मे नही है। कवर्धा के एसपी अभिषेक पल्लव को पदमुक्त करना चाहिये। सविधान से बड़ा यह मानवीय कृत्य को घनघोर करनें वाली यह घटना है। छग में किसान महिला युवा डरे हुए है। पाटन तहसील के युवा अध्यक्ष गोपेश साहू ने कहा कि इस घटना की सुरुआत आत्महत्या से होती है। हमारे समाज के आदमी को जिंदा जला दिया गया। बेटी व महिलाओं को निर्वस्त्र करके पीटा जा रहा है। खिलावन साहु तहसील प्रतिनिधि ने कहा कि यह साहु समाज के लिये बहुत पीड़ा की बात है।अपनी मर्यादा व सविभान को नही जाने देंगे। ऋषि साहु ने कहा की आप लोग देख रहे है। यह घटना छतीसगढी समाज को मारा जा रहा है। हम सबको हर लड़ाई में है।हम लोग एक साथ रहकर लड़ाई लड़ेंगे। सुनीति साहू ने कहा कि यह कलयुग में आत्याचारी बैठे है।जनार्दन साहू ने कहा की जब तक उनको न्याय नही मिलेगा तब तक सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। जनाना पुलिस नही थी यह बहुत दुखद घटना है। गृह मंत्री को सोचना चाहिए। आगे चल कर जेल भरो आंदोलन भी करेंगे। पश्चात राज्यपाल के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन उतई पुलिस को दिया गया। इस अवसर पर ढालेश साहू, किशोर साहू, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, जामवंत गजपाल, खूबीराम साहू, तुलाराम साहू, तोषण साहू, लोकेश साहू, डीकेश साहू, बालाराम साहू, द्वारिका साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी व महिलाये उपस्थित थी।

# स्व. बेनी राम के पितृ मिलन पर स्कूल के बच्चो को नेवता भोज



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विकास खंड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में स्वर्गीय बेनीराम वर्मा के पितृ मिलन के अवसर पर स्कूल के बच्चों को डंगनिया ख, के निवासी रमेश वर्मा, राकेश वर्मा उनके धर्मपत्नी शारदा देवी वर्मा के द्वारा सभी बच्चों को खीर, पुड़ी, मिक्सचर, बड़ा, फल इत्यादि व्यंजन से नेवता भोज के रूप में बच्चों सहित शिक्षकों के लिए बहुत सुंदर व्यवस्था रखी गई थी। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल और शिक्षक डागेंद्र निषाद, प्रदीप कुमार ठाकुर एवं प्रकाश गायकवाड, उत्तम कुमार गुप्ता, कुंती, दुलारी बाई उपस्थित थे। शाला की प्रधान पाठिका अंबालिका पटेल ने नेवता भोज के बारे में बताया कि नेवता भोज प्रधान मंत्री पोषण शक्ति योजना के अन्तर्गत दिए जाने वाले भोजन को सामुदायिक भागीदारी के जरिए और ज्यादा पोषक बनाने की पहल है। यह पूरी तरह से स्वैच्छिक हैं। यह समुदाय को साल से जोड़ने की भी अच्छी पहल है। कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन जैसे आम जनों और संगठनो द्वारा विशेष मौके या राष्ट्रीय पर्व, त्यौहार, जन्म दिवस, अथवा विवाह, छट्टी, वार्षिक श्राद्ध, खास अवसर पर स्वेच्छा से सरकारी स्कूलों में भोज का आयोजन कर सकते हैं द्य अथिति के रुप मे ग्राम पंचायत से सरपंच प्रकाश गायकवाड शमिल हुए थे।

# अपनी पत्नी के जन्म दिन पर डॉ संतोष साहू ने कराया न्योता भोज



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला रानो के बच्चों को स्थानीय निवासी डॉ संतोष साहू, अपनी धर्मपत्नी वेदिका साहू के जन्मदिन की खुशी में नेवता भोजन कराया। प्राथमिक शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रज्ञा जैन ने इस नेवता भोज के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि नेवता भोज का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि करना, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना, एवं बच्चों में पौष्टिकता में वृद्धि होना है। इस नेवता भोज का एक उद्देश्य यह भी है कि इसके द्वारा हम समुदाय को शाला से जोड़ सकते हैं। इस पुनीत कार्य में कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि कोई भी अपने खास अवसर को यादगार बनाने के लिए नेवता भोज का आयोजन कर सकता हैं। आज सभी बच्चों को नेवता भोज में खीर, पुड़ी, बड़ा, भजिया, केला, नमकीन, सब्जी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि ऐसे ही पुनीत कार्य को सभी मिलजुल कर करते रहना चाहिए। न्योता भोज में प्राथमिक शाला से प्रधान पाठक उत्तम कुमार साहू, टोमन लाल धनकर, नवाचारी शिक्षिका प्रज्ञा जैन एवं दीनदयाल वर्मा तथा माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक किशुन साहू, अवध राम वर्मा, कनकलता सरसुधे, प्रतीक जैन सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे साथ ही गांव के गणमान्य जनों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

# असुरक्षा बोध से ग्रस्त कुछ कांग्रेसी नेताओं ने जिला पंचायत क्षेत्र का विकास 4 साल रोके रखा : प्रज्ञा निर्वाणी

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



ग्राम पंचायत पिपरभट्ठा में महामाया से बगीचा तक सी सी रोड के निर्माण के भूमि पूजन के लिए पहुँची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने पुरानी सरकार के जिले के नेताओ को आड़े हाथ लेते हुए ग्रामीणों से कहा कि बेमेतरा जिले में कांग्रेस के तात्कालिक विधायकों ने 4 साल से पूरे जिला पंचायत क्षेत्र के कामो को रोके रखा था, इसका कारण उनके मन का असुरक्षा बोध ही था, वे सोचते थे ये विधायक मंत्री बनने के लिए ही पैदा हुए हैं, बेमेतरा में जिला पंचायत सदस्यों के 14,15 वित्त की राशी जिससे जिले के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य होना था। उस करोड़ो की विकास राशी को रोके रहे, उनकी सोच थी अगर जिला पंचायत सदस्य अपने क्षेत्रों में काम करवाएंगे तो जनता के बीच जिला पंचायत सदस्यों की लोकप्रियता बढ़ेगी, आगे चलकर उनके टिकिट के लिए खतरा बन सकते हैं और इसी असुरक्षा बोध से ग्रस्त कुंठित नेताओ ने जनता के विश्वास के साथ घात किया,अपने स्वार्थ और राजनैतिक लोलुपता से ग्रामीण अंचलों के लिए आये राशी को रोके रखा, पर याद रखिये, जब कभी भी कोई इतना अहंकारी हो जाये तो कहीं किसी सामान्य रिक्शा चलाने वाले एक गैर राजनीतिक व्यक्ति का चुनाव नियति करती है और उन नेताओ के अहंकार को तोड़ देती है,राजनीति में जब कभी कोई ऐसा सोचने लग जाए कि अपने पैसे के बल पर वो टिकिट भी लाएगा और मतदाताओं को खरीद कर सत्ता में बना रहेगा तब भी नियति किसी सामान्य परिवार से आने वाले किसी सीधे सरल पटवारी के युवा लड़के को नियत करती है और हमारे बीच का वह सरल सीधा दीपेश साहू उनके घमंड को तोड़ते हुए, उनके अहंकार को ढहाते हुए उसके विधानसभा में सतत बने रहने के सपनो को तोड़ देता है,और यहीं पर हमारे लोकतंत्र की जीत होती है,आप देख रहे हैं रास्ता रोकने वालो का रास्ता ईश्वर ने रोक दिया, प्रज्ञा निर्वाणी ने उपस्थित सचिव, इंजीनियर को चेताते हुए कहा कि जिला पंचायत की निधि से निर्मित होने वाले इस सीमेंट रोड पर कोई कमीशन खोरी नही होनी चाहिए,गुणवत्ता से समझौता नही होना चाहिए, साय सरकार में भ्रष्टाचार मिटाने प्रतिबद्ध है, इस दौरान मंच संचालन रूपेश पाण्डेयने किया भूमि पूजन कार्यक्रम कार्यक्रम अध्यक्षत जनपद सदस्य सबिया मोनू पाल, अतिथि छोटे लाल साहू, विष्णु साहू, कपिल वर्मा, दसरथ साहू, थालेश्वर साहू, बल्लू साहू एवं सरपंच उपसरपंच सहित सचिव विजय वर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की

**दल्लीराजहरा।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में विभाग के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान अधिकारियों को जिले में प्रगतिरत राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विकासखण्डवार जल जीवन मिशन कार्यों की अद्यतन स्थिति की विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने विकासखण्डवार योजनाओं की संख्या, ग्रामों की भौतिक प्रगति, जल प्रदाय की स्थिति आदि की विस्तृत समीक्षा की। चन्द्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारियों से जल जीवन मिशन के कार्य पूरा होने की अवधि के संबंध में भी जानकारी ली। कार्यपालन अभियंता सुक्रांत साहू ने दिसंबर 2024 के अंत तक जिले में जल जीवन मिशन के कार्य पूरा हो जाने की जानकारी दी। बैठक में सभी अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा उप अभियंता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# लोहे की हथौडी से सिर में मारने वाला आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

लोहे की हथौडी से सिर में मारने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 24.09.2024 को प्रार्थी पनमेश्वर निषाद उम्र 25 साल साकिन सैगोना थाना खम्हरिया जिला बेमेतरा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि सामुदायिक भवन सैगोना में काम करने गया था पिता हृदय राम निषाद भी काम में गया था समुदायिक भवन से लगा हुआ गनपत निषाद का मकान है जहां पर अपने परिवार को गनपत अश्लील गालिया दे रहा थे जिसे हृदय निषाद ने गाली देने से मना किया तो गनपत निषाद ने समुदायिक भवन में आकर समझाने वाले कौन हो बोलते हुए हृदय निषाद को अश्लील गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी देते हुये हाथ में रखे लोहे की हथौडी से हृदय राम के सिर में मार दिया जिससे हृदय राम बेहोश होकर जमीन में गिर गया। जिसे उठाकर जिला अस्पताल बेमेतरा में भर्ती कराये है कि रिपोर्ट पर अपराध सदर धारा अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी गनपत निषाद पिता मोहित निषाद उम्र 25 साल निवासी सैगोना थाना थान खम्हरिया जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

# कोरबा रोड़ सिवनी मोड़ में कलकत्ता में बने प्रसिद्ध देशप्रिय पार्क के तर्ज में बन रहा मां दुर्गा पंडाल

**महालक्ष्मी, महासरस्वती और महाकाली के होंगे दर्शन, अग्रवाल सेवा समिति के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी**



पायनियर संवाददाता ◀ चांपा
www.dailypioneer.com



नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा अर्चना का विशेष महत्व रहता है। हर कोई अपने अनुसार मां दुर्गा को मनाने लगा रहता है। वही जांजगीर चांपा जिले में भी मां दुर्गा की पूजा के साथ भव्य पंडाल का भी निर्माण किया जा रहा है। जहां कोरबा रोड सिवनी मोड़ में अग्रवाल सेवा समिति के द्वारा इस बार कलकत्ता में बने देशप्रिया पार्क में प्रसिद्ध पंडाल की तर्ज पर 100 फिट ऊंचा 130 फिट चौड़ा भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है । साथ ही होमात्मक शतचंडी महायज्ञ व श्री राणी सती दादी जी के मंगल पाठ का भी आयोजन रखा गया है। पंडाल में भव्य साज सज्जा के साथ लाइटिंग, फाउंटेन, यज्ञ शाला, प्रसादालय आकर्षण का केंद्र रहेगा। बाहर से आने वाले गाड़ियों के लिए पंडाल के बगल डीबी वेंचर्स में पार्किंग की व्यवस्था भी रखी गई है। दुर्गा पूजा और शतचंडी यज्ञ के लिए मथुरा से 17 आचार्य आयेंगे जिनके द्वारा दुर्गा पूजा और यज्ञ का पूजन संपन्न कराया जावेगा।दुर्गा पंडाल परिसर में कृष्ण रासलीला, दस महाविद्या, प्रतिदिन कन्या भोज, अयोध्या के रामलला की प्रतिमा की मनोरम झांकी विशेष आकर्षण रहेगा। दुर्ग पूजा समिति के सदस्यों ने बताया की यह नगर का आयोजन है जिसे सभी साथ मिलकर और भी भव्यता प्रदान करेंगे। पंडाल में त्रिदेवी माताओं की प्रतिमा स्थापित होगी। जिसमे मुख्य प्रतिमा 24 फीट की रहेगी। कलकत्ता के कारीगरों द्वारा निर्माण किया जा रहा हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 9 दिनो तक कंट्रोल रूम की स्थापना की जायेगी जिसके लिए पुलिस विभाग से भी सहायता की मांग रखी गई है। साथ ही प्राइवेट सिक्योरिटी और सीसीटीवी भी लगाया जाएगा।

### तीन रूपों में विराजेंगी आदिशक्ति मां दुर्गा

अग्रवाल सेवा समिति चांपा ने भव्य दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू की है। इस बार मां दुर्गा, महालक्ष्मी, मां सरस्वती गणेश जी आदि की विशाल 24 फीट ऊंची प्रतिमा बनाने का काम बंगाल के कारीगरों द्वारा युद्धस्तर पर किया जा रहा है। ये सभी प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र होंगी।

### आकर्षक झांकी से सभी होंगे उत्साहित

इस बार यहां श्रीकृष्ण रासलीला की मनमोहक झांकी और 10 महाविद्या का चित्रण किया जाएगा। यह कार्य कोलकाता के कारीगर जोरशोर से कर रहे हैं। यहां अयोध्या में विराजे रामलला प्रतिमा का दर्शन भी भक्त कर सकेंगे। रामलला की प्रतिमा यहां विराजमान होंगी।

### सुरक्षा और पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था

पंडाल के पास पार्किंग और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होगी। कार्यक्रम में शामिल होने वाली भक्तों की भीड़ का अनुमान लगाते हुए डी.बी. वेंचर्स के डायरेक्टर धीरेंद्र बाजपेई के सहयोग से उनके स्थल में पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी। इसी तारा सुरक्षा के मद्देनजर पूरे पंडाल परिसर में सीसीटीवी कैमरा के अलावा सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था रहेगी। पुलिस व प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा।

# संभागायुक्त कांवरे ने जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कर मरीजों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



बिलासपुर संभाग आयुक्त महादेव कांवरे मुंगेली जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के साथ जिला चिकित्सालय मुंगेली का औचक निरीक्षण किया और मरीजों से हाल-चाल पूछकर उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने शिवतराई के मरीज से पुछा यहां ईलाज तो ठीक से हो रहा है न किसी भी प्रकार की समस्या तो नहीं है? इस पर मरीज ने बताया कि जिला चिकित्सालय में सुविधा काफी अच्छी है। यहां बेहतर ईलाज हो रहा है। संभागायुक्त ने चिकित्सकों को मरीजों का संवेदनशीलता के साथ बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त कांवरे ने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली और सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने डायलिसिस कक्ष में लछनपुर के मरीज योगेश साहू से बातचीत कर उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने जिला चिकित्सालय में उपस्थिति पंजी, कैशबुक संधारण आदि पंजियो का अवलोकन किया और व्यवस्थित संधारण के निर्देश दिए। उन्होंने जनरल वार्ड का निरीक्षण कर मरीजों से चिकित्सकों के प्रतिदिन आने की जानकारी भी ली। संभागायुक्त ने सभी चिकित्सक और स्टॉफ को समय पर उपस्थित होकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### डॉ. पटेल बने जनता कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**चांपा।** रायपुर होटल अजीत में जनता कांग्रेस के कार्यक्रम में नगर के डॉक्टर एवं समाजसेवी डॉक्टर कीर्तन लाल पटेल को जनता कांग्रेस पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है जनता कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं संयोजक डॉक्टर महताब राय द्वारा डॉक्टर पटेल की नियुक्ति उनकी गतिविधियों सक्रियता को देखते हुए की गई है राष्ट्रीय संयोजक डॉ. महताब राय ने बताया कि जनता कांग्रेस पार्टी एक लोकतांत्रिक सामाजिक समरसता विकास आधारित पार्टी है जो देश के विकास के लिए कार्य करती है उन्होंने उम्मीद जताई कि डॉक्टर पटेल के प्रदेश अध्यक्ष बनने से पार्टी के कार्यों को गति मिलेगी।

# कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार और अतिरिक्त तहसीलदार न्यायालय का किया गया निरीक्षण





पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा ने तहसीलदार और अतिरिक्त तहसीलदार सक्ती के राजस्व न्यायालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर लकड़ा द्वारा नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार, अतिक्रमण, सीमांकन, बेजा कब्जा संबंधी प्रकरण की जांच की गई। उनके द्वारा समस्त ऑर्डर शीट, प्रकरण के बंडलों का अवलोकन करने के साथ ही, भुइयां में अविवादित नामांतरण, बटवारा की स्थिति व नस्ती प्रकरणों की जांच भी की गई। अपर कलेक्टर द्वारा डिजिटल सिग्नेचर के कार्य में प्रगति लाने तथा समयसीमा से बाहर के राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण, नक्शा बटांकन, खसरों के डीएससी पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। अपर कलेक्टर द्वारा ऐसे राजस्व प्रकरण जिसमें पटवारी प्रतिवेदन लंबे समय से अप्राप्त हैं, उन पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही और अर्थदंड करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अपर कलेक्टर ने नाजिर शाखा में पदस्थ वाचक को समस्त पंजी समय सीमा में पूर्ण किए जाने निर्देशित किया। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिला अंतर्गत विभिन्न राजस्व न्यायालयों का औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, तहसीलदार सक्ती सुशीला साहू सहित संबंधित राजस्व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ की एथलेटिक्स टीम में शामिल हुए सक्ती के संस्कार पब्लिक स्कूल के अर्णव पटेल

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



जिला सक्ति के प्रतिष्ठित सी.बी.एस.ई बोर्ड और पूर्णतः अंग्रेज़ी माध्यम वाले संस्कार पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा आठवीं के छात्र अर्णव पटेल का छत्तीसगढ राज्य एथलेटिक्स टीम में चयन हुआ है। संस्कार पब्लिक स्कूल सक्ति सहित समस्त अंचल के लिए यह हर्ष और गौरव का विषय है,जब से यह संदेश स्कूल प्रशासन को प्राप्त हुआ है विद्यालय में हर्ष का माहौल बना हुआ है तथा संस्कार परिवार द्वारा छात्र अर्णव पटेल ओर उनके माता - पिता ( रथ पटेल) को बधाई दिया जा रहा है। ज्ञात हो की छात्र प्रारंभ से ही पढ़ने - लिखने के साथ खेल के क्षेत्र में भी सक्रिय रहा है तथा स्कूल द्वारा समयानुसार आयोजित होने वाले इंटर हाउस खेल प्रतियोगिता में भाग लेता रहा है । इससे पूर्व बिलासपुर में सम्पन्न एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्र अर्णव पटेल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया था और अब छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स टीम में चयन होना उनके सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है,गौरतलब हो कि, आगामी राष्ट्रीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता नागपुर में दिनांक 4 से 6 अक्टूबर को आयोजित होने वाली है। जिसमें वेस्ट जोन के लिए छात्र अर्णव पटेल का चयन छत्तीसगढ़ राज्य एथलेटिक्स टीम में किया गया है । छात्र के इस उपलब्धि के लिए संस्था के एकेडमिक डायरेक्टर प्रतिमा स्वर्णकार, चेयरमैन प्रकाश चंद अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान, प्रधानाध्यापिका रूपल उपाध्याय सहित समस्त शैक्षणिक और प्रशासनिक कर्मचारियों द्वारा बधाई दिया गया है। इस अवसर पर शैक्षणिक निर्देशिका प्रतिमा स्वर्णकार जी ने बधाई संदेश में कहा की स्कूल प्रशासन हर संभव सुविधा प्रदान करने के लिए तत्पर है जिससे छात्र को एक नई ऊंचाई प्राप्त हो । इसी क्रम में प्राचार्य डॉ. हरेंद्र पाल सिंह चौहान ने भी कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारना स्कूल की प्रथम प्राथमिकता है और स्कूल प्रशासन इस संदर्भ मे हमेशा अपना प्रयास जारी रखेगा।

# मालखरौदा पुलिस ने स्कूल के बच्चों को किया ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक एवं फ्रॉड की दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



थाना मालखरौदा, जिला सक्ती 26.09.2024 को खाखी किड्स-आज के बच्चे ही बनेंगे कल की सक्ति के अंतर्गत बच्चों को चेंज एजेंट्स मानते हुए सक्ति जिले के मालखरौदा थाना द्वारा खाखी किड्स के ज़रिये स्कूल में बच्चों को बनाया गया साइबर बडी और ट्रैफिक बडी।पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा (भा. पु. से.) का कहना है कि, आज के बच्चे ही बनाएँगे कल का ज़िला, यदि एक बच्चा जागरूक होगा तो वो अपने परिवार, पड़ोस, मोहल्ले और गांव को भी जागरूक करेगा। आज कल टेक्नोलॉजी की चीज़ों में माँ-पिताजी अपने बच्चों से ही जानकारी लेते है, इस स्थिति में फ़्रॉडस्ट्र अगर फ्रॉड करने का प्रयास करेगा तो बच्चे अपने माता पिता, पड़ोसी को बता सकते हैं के फेक है। ये बच्चे हमारे फर्स्ट रेस्पोंडर्स होंगे,जिला सक्ति के स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक नियम एवं साइबर नियम की जानकारी देने के लिए पुलिस अधीक्षक महोदया अंकिता शर्मा (भा.पु.से.) द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमे बच्चों को साइबर एवं ट्रैफीक नियमों की जानकारी दी जाकर खाकी किड्स बनाया जा रहा है । इसी कड़ी में आज दिनांक 26.09.2024 को ग्राम पोता के हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर साइबर फ्राड और ऑनलाइन मे होने वाली सभी फ्राड जैसे किसी भी अनजान के साथ अपनी फोटो सहज न करना और दोस्ती न करना।

# कबाड़ के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने पुलिस की कार्यवाही, 02 कबाड़ गोदामों को सील किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

कबाड़ के अवैध कारोबार पर प्रतिबंध लगाने मुंगेली पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में मुंगेली पुलिस द्वारा अलग-अलग स्थानों के 02 कबाड़ गोदामों को सील किया गया । साथ ही 04 वाहनों में लदे कुल 440000 मूल्य का कबाड़ सामान जप्त किया गया । पुलिस से मिली जानाकरी के अनुसार 23 सितंबर को अवैध कबाड़ का कारोबार करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही की गई है । आला अधिकारी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में मुंगेली एवं जरहागांव क्षेत्र में अवैध कबाड़ का कार्य करने वाले कारोबारियों यासिन खान एवं असगर उर्फ पप्पू के संबंध में प्राप्त मुखबीर की सूचना पर गवाहों के समक्ष आवश्यक तैयारी के कारोबार स्थल बरेला थाना जरहागांव एवं मुंगेली के रायपुर रोड में टीम तैयार कर रेड किया गया। बरेला थाना जरहागांव में तीन अलग अलग वाहनों में भरा पुराना लोहा, एंगल, टीन शेड, छड़, जुमला वजनी करीब 06 टन कीमती करीब 320000 रूपये एवं थाना कोतवाली क्षेत्र के रायपुर रोड स्थित कबाड़ दुकान से एक वाहन से एक वाहन में भरा हुआ पुराना लोहा, एंगल टीन शेड, छड़, जुमला वजनी करीब 03 टन कीमती करीब 120000 रूपये का कबाड़ जप्त किया गया। यासिन खान पिता अब्दुल हनीप निवासी तखतपुर के बरेला स्थित एवं असगर उर्फ पप्पू निवासी मुंगेली के कबाड़ गोदाम को विधिवत पंचनामा बनाकर सील किया गया है। जप्तीशुदा संपत्ति थाना जरहागांव - कबाड़ सामान कुल कीमत 320000 रूपयेजप्तीशुदा संपत्ति थाना सिटी कोतवाली मुंगेली, कबाड़ सामान कुल कीमत 16000 रूपये। संपूर्ण कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तेजनाथ सिंह, उपनिरीक्षक गिरजाशंकर यादव, थाना जरहागांव प्रभारी उपनिरीक्षक संतोष शर्मा, सउनि सैय्यद अफ्रोज अली, सउनि महोदव खुंटे, आर 103 अजय चंद्राकर, आर 290 सुशांत पाण्डेय, आर 71 बालकृष्ण मरकाम, उपस्थित रहे।

# टोपनो साहब ने किया जिले के सरकारी दफ्तरों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज मालखरौदा विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्र, सेजेस विद्यालय, परियोजना अधिकारी कार्यालय, जनपद कार्यालय सहित तहसील कार्यालय मालखरौदा में चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र बीरभाठा पहुंचकर वहां उपस्थित छोटे-छोटे बच्चों से उनके पोषण स्तर का हाल भी जाना,निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 बीरभाठा पहुंचकर वहां उपस्थित बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण आहार, गर्म भोजन आदि के वितरण की जानकारी ली गई। कलेक्टर द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित छोटे-छोटे बच्चों से आंगनबाड़ी केंद्र में क्या-क्या गतिविधियाँ कराई जा रही है, खाने में क्या-क्या आहार दिये जा रहे है आदि की जानकारी बच्चों से स्नेहपूर्वक पूछा गया। कलेक्टर ने वहां उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और परियोजना अधिकारी को पोषण माह 2024 अंतर्गत संचालित गतिविधियों को सुव्यवस्थित रूप से आयोजन कराए जाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत परियोजना अधिकारी कार्यालय मालखरौदा का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा कार्यालय में कार्यरत अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति, बैठक व्यवस्था आदि का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी क्रम में कलेक्टर द्वारा स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मालखरौदा पहुंचकर कक्षा में बारी-बारी से चल रहे पढ़ाई और परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने कक्षा दसवीं में विद्यार्थियों से विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली, जिस पर बच्चों द्वारा उत्तर दिए गए। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा उपस्थित शिक्षकों से साप्ताहिक टेस्ट के परिणाम और अध्यापन व्यवस्था का मूल्यांकन भी किया गया। कलेक्टर ने विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए, इसके पश्चात कलेक्टर द्वारा जनपद कार्यालय मालखरौदा पहुंचकर पंचायत शाखा, पेंशन शाखा, आवास शाखा , मनरेगा शाखा, बीपीआरसी सहित सभी शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया। कलेक्टर ने जनपद कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय में उपस्थित रहने, गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्यो का निष्पादन करने कहा जिससे क्षेत्र के लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई

पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com



लोरमी विकासखंड के ग्राम सेमरसल में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत विभिन्न कार्यो का निरीक्षण करने पहुँची स्वच्छ भारत मिशन के राज्य सलाहकार मोनिका सिंह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शिविर में स्टालों का अवलोकन किया। शिविर में मांग एवं शिकायतो से संबंधित कुल 474 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 90 आवेदनों का त्वरित निराकरण कर आमजनों को राहत पहुचाई गई। वहीं शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया जाएगा। किसी का काम नहीं रुकना चाहिए - कलेक्टर -शिविर में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिला प्रशासन आमजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पूरा प्रशासन आपके गांव में आया हुआ है। किसी की कोई समस्या है, तो जरूर बताएं। अधिकारियों द्वारा मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी का काम नहीं रुकना चाहिए। आमजनों द्वारा दिए गए आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ ने योजनाओं का लाभ उठाने किया प्रेरित- जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य सिर्फ समस्या का समाधान करना नही है, बल्कि इसके साथ योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और आमजनों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित करना भी है। आपके 'सरकार आपके द्वार' के तहत आपके बीच जिला प्रशासन के समस्त अधिकारी उपस्थित हैं। उन्होंने आमजनों को शासन की योजनाओं का लाभ उठाने प्रेरित किया। विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित- शिविर में विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिक्षा विभाग द्वारा 04 विद्यार्थियों को एमआर किट, 05 विद्यार्थियों को श्रवण यंत्र एवं 01 विद्यार्थी को वाकर, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 हितग्राहियों को सुपोषण टोकरी एवं 04 नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन, मछली पालन विभाग द्वारा 02 हितग्राहियों को महाजाल एवं सीसी बाक्स, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग द्वारा महिला स्व. सहायता समूह सेमरसल को 15 हजार रूपये चक्रिय निधि एवं मॉ कर्मा स्व. सहायता समूह मसना को 60 हजार रूपये सामुदायिक निवेश कोष राशि का चेक, समाज कल्याण विभाग द्वारा 05 हितग्राहियों को वृद्धा पेंशन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा 08 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया।

**देवेंद्र यादव ने योजना लागू करने छ ग मंत्रीयो को भेजा ज्ञापन**

# गोवंश गोद लेने से छत्तीसगढ़ की बढ़ेगी समृद्धि

पायनियर संवाददाता ◀ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य में अधिकांश गोवंश पालकों की उपेक्षा के कारण स्वामी विहीन मवेशियों की संख्या विकराल रूप लेती जा रही है । इससे अनेक समस्याएं पैदा हो रही है। सरकार के पास भी इसका कोई ठोस समाधान भी नहीं है। जो सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। गोवंश का संवर्धन और छत्तीसगढ़ की समृद्धि खुशहाली के लिए नया बाराद्वार जिला शक्ति निवासी देवेंद्र कुमार यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को ज्ञापन प्रेषित किया है। जिसमें उन्होंने कहा है कि राज्य शासन द्वारा सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गोवंशों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए बड़ी राशि खर्च कर अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं बनाई व चलाई जाती रही है। फिर भी इस पर अंकुश नहीं लग रही है। फल स्वरुप गोवंश गली, मोहल्ले, सड़कों पर इधर-उधर घूमते रहते हैं। बैठे रहते हैं। इन हालात में मवेशियों के रहने से प्रतिदिन किसी न किसी रूप में परेशानियों के साथ-साथ दुर्घटनाएं होती रहती है। इन मवेशियों से फसल को बचाने के लिए किसानों को भी बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इससे गोवंश के साथ-साथ जन व धन दोनों की बड़ी हानि होती है। आगे उन्होंने कहा है कि हिंदू धर्म ग्रंथो के अनुसार गाय को देवी लक्ष्मी का रूप माना जाता है। गाय की पूजा करने से सभी देवी देवताओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। घर में सुख शांति का वास होता है। यही कारण है कि आज भी बड़े पैमाने पर घरों में गोवंश पाला जाता है। गोवर्धन पूजा के रूप में गोवंश की पूजा बड़े उत्साह उमंग व श्रद्धा के साथ की जाती रही है। राज्य की समृद्धि के लिए आवश्यक है कि गोवंश व लोगों की जीवन शैली में परिवर्तन लाया जाए इसके लिए आवश्यक है कि जिनके यहां गोवंश नहीं है ऐसे परिवारों को इससे जोड़ा जाए। इसके लिए सुझाव है कि शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य के समस्त एपीएल राशन कार्ड धारक परिवार जिनके यहां गोवंश नहीं है। ऐसे परिवार को कम से कम एक गाय का पालन अनिवार्य करें। अन्य निम्न वर्ग परिवार जो गाय पालने में सक्षम है उनकी स्थिति अनुसार इस हेतु उन्हें भी प्रेरित करें। इसके लिए सरकार गोवंश के अनुपात में उनके आहार व देखभाल के लिए अपनी योजना अनुसार प्रोत्साहन राशि गोवंश पालकों को देना सुनिश्चित करेंगे तो इस योजना में अधिक से अधिक लोग जुड़ते जाएंगे। घरों में गाय पालन शुरू करेंगे। इससे सड़कों पर खुले में घूमने वाले मवेशियों / गोवंशो से राहत मिलेगी। गोवंश की भी उचित देखभाल होगी। जनता भी सरकार की इस योजना से गोवंश की सेवा कर पुण्य के भागीदारी बनेंगे। उनकी आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी। राज्य की समृद्धि व खुशहाली बढ़ेगी जो दूसरे राज्यों के लिए भी एक मिसाल के रूप में अनुकरणीय होगी। छत्तीसगढ़ राज्य की समृद्धि एवं खुशहाली के लिए इसे आवश्यक मानते हुए शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए राज्य के सभी ए.पी. एल. राशन कार्ड धारकों व अन्य सक्षम परिवार के लिए गोवंश गोद लेने की योजना लागू करने के सुझाव पर पहल करने की बात कही है। देवेंद्र कुमार यादव ने इसी विषय को लेकर 2019 में जब छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी। कलेक्टर जन चौपाल के माध्यम से मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन रायपुर को जनहित में सुझाव प्रेषित किया था । ऐसे सुझाव को कुछ संशोधन करके ही सही यदि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा उसी समय लागू किया गया होता तो शायद आज परिस्थितियां कुछ और होती। बहरहाल आगे देखना यह होगा कि गोवंश का संवर्धन व जनता की खुशहाली की बात करने वाली छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार इस दिशा में क्या कुछ करती है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की डिवीजन बेच ने सोमवार को सुनवाई के दौरान मुख्य सचिव से शपथपत्र पर यह बताने को कहा है कि सड़कों पर आने वाले मवेशियों से कब तक छुटकारा मिलेगा। कोर्ट द्वारा इसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है।

# सफाई मित्र (स्वच्छग्राही) सुरक्षा सह जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया




पायनियर संवाददाता ◀ मुंगेली
www.dailypioneer.com

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों में श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली में सफाई मित्र(स्वच्छग्राही) सुरक्षा सह जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वच्छता संवाद, स्वच्छग्रही का योगदान पर चर्चा, सफलता की कहानी, एक पेड़ मॉ के नाम पौधा रोपण, स्वच्छता रथ का प्रदर्शन और विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय और जनपद पंचायत उपाध्यक्ष पवन पांडेय ने स्वच्छता को अपनी आदत बनाने वहां उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया।

# रासेयो के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एंव देशी खेलो का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन एवं रासयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो भीखमचंद साहू, इकाई क्रमांक एक और प्रो आकांक्षा मरकाम,इकाई क्रमांक दो के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के परिप्रेक्ष्य पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व देशी खेलकूद का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ 21 सितंबर को देशी खेलकूद रूद्री के रुद्रेश्वर महादेव मंदिर परिसर में किया गया। जिसमें राम.रावण युद्ध, रुमाल झपट्टा और कितने भाई कितने जैसे खेल सम्मिलित है मंदिर परिसर में उपस्थित दर्शनार्थियों ने खेलकूद का आनंद लिया। इसी क्रम में 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ श्रीदेवी चौबे रही। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति का माल्यार्पण कर स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत का गायन किया तत्पश्चात् मां सरस्वती की पूजा अर्चना करते हुए सरस्वती वंदना का गायन हुआ। सर्वप्रथम आकांक्षा मरकाम ने स्थापना दिवस के इतिहास की जानकारी प्रदान करते हुए विगत वर्ष के प्रतिवेदन का वाचन किया तथा उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की। उद्बोधन की कड़ी में डॉ अनिता राजपुरिया ने रासयो के स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि रासयो से जुड़े युवाए जनमानस से जुड़कर समाज के हित में कार्य करते हैं, आप सभी महाविद्यालय के अनमोल रतन हैं जिनसे हमारा महाविद्यालय गुलज़ार है। डॉ मनदीप खालसा ने बताया कि रासयो के विशेष शिविर के द्वारा स्वयंसेवकों का कौशल विकास होता है, स्वयंसेवक ग्रामीणों से जुड़ कर ग्राम के कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करते हैं, हमारे स्वयंसेवक महाविद्यालय के गौरव हैं। डॉ हेमवती ठाकुर ने अपने पूर्व एनएसएस के अनुभवों का साझा करते हुए बताया कि एनएसएस सर्वांगीण विकास का कार्य करता है। डॉ प्रभा वेरूलकर एवं पी सी चौधरी ने स्वयंसेवकों को बधाई प्रेषित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रो निरंजन कुमार ने एनएसएस से प्राप्त होने वाले प्रमाण पत्रए विशेष शिविरए प्री आरडीसी चयन प्रक्रिया, एनएसएस में किए जाने वाले कार्यों को डिजिटली प्रेषित करने व माय भारत पोर्टल की जानकारी प्रदान की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों द्वारा बारहमासी नृत्य, करमा नृत्य, राजस्थानी नृत्य, स्वरचित कविता, जल जगार एवं नशा मुक्त समाज सम्बन्धित नाटक का मंचन करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रस्तुतिकरण किया। भीखमचंद ने आभार व्यक्त किया।इस संपूर्ण कार्यक्रम में वरिष्ठ स्वयंसेवक अपर्णा शर्मा, विवेक साहू,संकेत कुमार, विभा पाण्डे, केसर साहू, मोनिका साहू, रश्मि यादव, खिलेंद्र पटेल, ओम मरकाम, रविकांत देवांगन, संदीप, कुंती साहू, अभिलाषाए वीणा, ललिता, नोमिता, रामानंद, कुलदीप, लोचन, प्रहलाद, परमानन्द, योगेंद्र, गोपेश्वर, डिलेप्रकाश,सोनम, भुमिका, माधुरी एवं समस्त स्वयंसेवक मौजूद थे।

# अधिकारी कर्मचारियो ने किया धरना प्रदर्शन





पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनरतले प्रदेश भर में शुक्रवार को अवकाश लेकर अधिकारी कर्मचारी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कर्मचारियों ने कहा कि फेडरेशन के प्रथम चरण का आंदोलन 6 अगस्त को हुआ। मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 30 अगस्त को विधायको एवं सांसदो को ज्ञापन दिया गया। अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन का मांग है कि भाजपा के घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के कर्मचारियो को केन्द्र के समान 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जाये। प्रदेश के कर्मचारियो को जुलाई 2019 से देय तिथि पर महंगाई भत्तो के एरियर्स राशि का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाये, भाजपा घोषणा पत्र के अनुसार प्रदेश के शासकीय सेवको को 4 स्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाये। केन्द्र के समान गृहभाडा भत्ता दिया जाये, भाजपा घोषणा पत्र अनुसार मध्यप्रदेश सरकार की भांति छत्तीसगढ के शासकीय सेवको को अर्जित अवकाश नगदीकरणा, 240 दिन के स्थान पर 300 दिन किया जाये उन्होने आगे कहा कि छत्तीसगढ कर्मचारी अधिकारी फे डेरशन में 112 मान्यता एवं गैर मान्यता प्राप्त संगठनो का प्रतिनिधि संगठन है इसके बावजूद अगर मांगो को पूर्ण नही कि जातीइ है तो फेडरेशन द्वारा अनिश्चितकालिन आंदोलन किया जायेगा। गांधी चौक मैदान के धरना प्रदर्शन में फेडरेशन के जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, जिला महासचिव लक्ष्मण राव मगर, संरक्षक मुकेश पांडे, डोमार ध्रुव, गोपाल शर्मा, ममता खालसा, एनआर टंडन, नवीन चंद्राकर, हरिश सिन्हा, हुमनलाल चंद्राकर, योगेन्द्र सिन्हा, खुमान सिह ठाकुर, महेन्द्र साहू, राजेन्द्र चंद्राकर, संजय तिवारी, बसंत वर्मा, देवाराम मरकाम, पीआर नागवंशी, ने संबोधित कर सरकार के रवैये पर नाराजगी व्यक्त की। चार सुत्रीय मांगो को लेकर छत्तीसगढ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन से जुडे सरकारी कर्मचारियों ने शुक्रवार को गांधी मैदान में धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस प्रदर्शन के कारण सरकारी कार्यालयो में सन्नाटा पसरा रहा । लोगो को अपने कार्यो के लिए भटकना भी पडा।

# हिम कल्याणी ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभाई है : विजय सिन्हा

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ कलार समाज तहसील इकाई बेमेतरा नगर पंचायत दाढ़ी में समाजिक भवन में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विजय सिन्हा पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष बेमेतरा, विशेष अतिथि मोहन सिन्हा, बिंदिया जायसवाल जिला अध्यक्ष, मंडलेश्वर अशोक जायसवाल के हाथों राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने पर कलार समाज की गौरव बेटी हिम कल्याणी सिन्हा को सम्मानित किया गया। समाज प्रमुखों ने कहा की हिम कल्याणी सिन्हा के सम्मान से पूरे समाज गौरवविन्त महसूस कर रहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि हिम कल्याणी सिन्हा शिक्षा ने क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट भूमिका निभायी है। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मानित हुई है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को यह फर्ज निभाना है कि सभी अपने बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा से जोड़े, तभी समाज का विकास होगा। साथ ही समाज से 10 वीं 12वी में उत्कृष्ट अंक पाने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया। ललित सिन्हा, सोमप्रकाश सिन्हा, केशरी नंदन सिन्हा, बाहरी सिन्हा, रघुनंदन सिन्हा, मंजू सिन्हा, पिंकी जायसवाल, अर्चना जायसवाल, परस राम सिन्हा, दीपक सिन्हा, रूपेंद्र सिन्हा सहित सभी समाज से पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# टीचरों का गणित प्रशिक्षण में घृतलहरे ने कहा गणित सबके लिए कठीन नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के दो विकासखंड साजा और नवागढ़ के शिक्षकों का कक्षा छठवीं से आठवीं तक के गणित विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का कार्यक्रम 26 सितंबर से 28 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में मिडिल स्कूल में गणित अध्यापन कराने वाले 120 शिक्षकों को आमंत्रित किया गया है डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, जी एल खुटियारे, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे, यमुना जांगड़े उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी राजकुमार वर्मा ने प्रशिक्षण के रूपरेखा के बारे में चर्चा की। डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा गणित सबके लिए कठिन विषय नहीं होता। छात्रों की रुचि एवं समझ के अनुरूप होता है। इसे बहुत आसान और सरल भी बनाया जा सकता है। उन्होंने अपने पढ़ाई जीवन का उदाहरण देते हुए वर्तमान छात्रों का उज्जवल भविष्य आप सभी प्रशिक्षण में आए हुए प्रतिभागियों के हाथों में है। डाइट के प्राचार्य ने गणित की परिभाषा बताते हुए कहा, गणित संरचना, क्रम और संबंध का विज्ञान है, जो वस्तुओं की गिनती, माप और आकृतियों का वर्णन करता है। गणित शब्द ग्रीक भाषा के शब्द मैथेमेटिक्स से लिया गया है। जिसका अर्थ होता है सीखना। गणित या मैथ्स का फूल फॉर्म होता है मैथेमेटिक्स। जिसे हिंदी में गणित कहते हैं। इसे केटेगरी के हिसाब से बोडमास भी कहते हैं। इसके अंतर्गत छोटा कोष्टक, बड़ा कोष्टक, सर्पाकार कोष्टक, वर्गमूल, भाग, गुना, जोड़, ऋण सभी आ जाते हैं। डाइट प्राचार्य ने बताया कि गणित का पिता या जनक आर्किमिडीज को कहा जाता है। जबकि भारत का प्रथम गणितज्ञ के रूप में आर्यभट्ट को जाना जाता है। गणित मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं अंकगणित, बीजगणित और रेखा गणितम् इसी तरह से गणित में चार प्रकार के कोष्टक पाये जाते हैं। रेखा कोष्टक, छोटा कोष्टक, सर्पाकार कोष्टक और बड़ा कोष्टक। इन सब का उपयोग बोडमास के नियम में किया जाता है। गणित विषय की उपयोगिता को बताते हुए उन्होंने कहा कि गणित विषय के बच्चे आगे पीइटी, पीएमटी, पीएटी कर सकते है। बच्चे आगे चलकर इंजीनियरिंग की तैयारी कर इंजीनियर बनते हैं या गणितज्ञ के रूप में प्रसिद्ध हो जाते हैं। मास्टर ट्रेनर्स नीलिमा साहू के द्वारा संख्या पर चर्चा करते हुए प्रकृति संख्या, पूर्ण संख्या, पूर्णांक एवं परिमेय संख्या को उदाहरण सहित स्पष्ट करते हुए प्रतिभागियों को सरल शब्दों में बताया गया सरस्वती शिशु मंदिर बेमेतरा के प्राचार्य मालिक राम वर्मा के ने वैदिक गणित का गुणा करने की सरल विधि को बताया। मास्टर ट्रेनर्स अशोक कुमार साहू के द्वारा गणित के सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी से प्रतिभागियों का आकलन किया गया। अवतल बहुभुज के संबंध में कम से कम एक अंतः कोण 180 अंश से अधिक होने पर स्पष्ट रूप से प्रस्तुत कर बताया गया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के रिसोर्स पर्सन राघवेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए एनसीएफ एफएस और एनसीएफ एसई के संबंध में विस्तार से बताया गया। कि इस नीति के अध्यापन व्यवस्था से छात्रों की बौद्धिक विकास में निश्चित रूप से वृद्धि होगी।

# कर्मचारी अधिकारी ने किया धरना प्रदर्शन




पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा प्रदेश के शासकीय सेवकों को मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के समान देय तिथि से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता, जुलाई 2019 से देय तिथि पर लंबित महंगाई भत्तों के एरियर्स राशि का जीपीएफ खाते में समायोजन करने एवं मध्यप्रदेश की भांति 300 दिवस अर्जित अवकाश नगदीकरण,चार स्तरीय समयमान वेतनमान, केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता स्वीकृत करने की मांगों को लेकर कलम बन्द-काम बंद हड़ताल किया गया, अगर आगे हमारी मांगो को पूरा नहीं किया जाता है तो बालोद जिला के समस्त कर्मचारी अधिकारी अनिश्चित कालीन हड़ताल करने के लिए अपनी सहमति प्रदान की गई, बालोद जिला संयोजक ने बताया कि यह हमारी कोई नई मांग नहीं है यह बीजेपी घोषणा पत्र के वादों के अनुसार मोदी की गारंटी की मांग की जा रही है। सभी कर्मचारी अधिकारी बस स्टैंड से तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाल कर ज्ञापन सौंपा गया, इस धरना प्रदर्शन में सभी संघ के जिलाध्यक्ष घनश्याम पुरी स्वास्थ्य विभाग, बीरेंद्र देशमुख, नेम सिंह ठाकुर, कृष्णापुरी गोस्वामी, लोकेश कुमार साहू, लोकेश बंदे, रेखुराम साहू, ओमन मारकंडे, वेद प्रकाश यादव, अर्जुन सिंह तराम, नरेश कुमार भूआर्य संदीप कुमार दुबे, डॉक्टर आरएम चावड़ा, अरविंद ठाकुर, नरेंद्र कुमार अग्रवाल, जीके साहू पेंशनर, ओमन मारकंडे, यशवंत कावड़े, डॉ. भुवन नायक, ए आर खान, जितेंद्र सोनी, भागवत ठाकुर,जयसिंह भारद्वाज, सियाराम सर्वा सभी पदाधिकारी 1 कर्मचारी उपस्थित होकर इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाया।

# लावातरा स्कूल में एनएमएमएस परीक्षा को लेकर पालकों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेरला विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा में राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के पालकों की बैठक प्रधान पाठक पुष्कर कुमार परगनिहा की उपस्थिति में संपन्न हुई। जिसमें एन एम एम एस परीक्षा की तैयारी कराने वाले शासकीय हाईस्कूल लावातरा के व्याख्याता भुवन लाल साहू द्वारा इस परीक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी पालकों को दी गई। उन्होंने शिक्षा के तीन आधार शिक्षक, बालक और पालक को बताते हुए कहा कि हर दिन बच्चा विद्यालय में केवल छः घंटा रहता है जबकि इससे तीन गुना अधिक अठारह घंटे अपने घर में रहता है। इसलिए बच्चों की शिक्षा और परीक्षा की तैयारी में पालकों की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण होती है। यदि पालक शुरू से अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक होकर उसकी पढ़ाई पर ध्यान दे तो उसका बच्चा पढ़ाई में कभी पीछे नहीं रहेगा। एन एम एम एस परीक्षा की तैयारी का बच्चों को दूरगामी लाभ भी भविष्य में मिलेगा जब वे किसी प्रकार के प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होंगे। एक आदर्श पालक के लक्षण को बताते हुए उन्होंने उपस्थित पालकों को एक जागरूक पालक बनने साथ ही अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देने हेतु प्रेरित किया। प्रधान पाठक तथा उपस्थित पालकों ने व्याख्याता भुवन लाल साहू को इस वर्ष राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त होने के लिए बधाई देते हुए उनके द्वारा बच्चों के प्रति समर्पण और किए जा रहें प्रयास की खूब सराहना की। गौरतलब है कि गत वर्ष पूर्व माध्यमिक शाला लावातरा से सात बच्चों का चयन इस परीक्षा में हुआ था। इस उपलब्धि में विद्यालय की नवाचारी शिक्षिका वीणा देवी सारथी के योगदान की भी खूब सराहना की गई। दोनों के द्वारा ग्रीष्मावकाश एवं अन्य छुट्टियों में इन चयनित बच्चों को तैयारी कराई गई थी। इस अवसर पर प्रधानपाठक पुष्कर कुमार परगनिहा, व्याख्याता भुवन लाल साहू, नवाचारी शिक्षिका वीणा देवी सारथी, संकुल समन्वयक अब्राहम एक्का, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीताराम साहू, पूर्व सरपंच साहेब दास कुर्रे, पंच पोखन राम साहू सहित पालकगण उपस्थित थे।

# शिक्षाग्रह ने भारत में वर्ष 2030 तक एक मिलियन सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने एमेजॉन वेब सर्विसेस का उपयोग किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

शिक्षाग्रह एक जन शिक्षा आंदोलन है जिसका उद्देश्य भारत में एक मिलियन सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाना है, उसने घोषणा करी कि वह अपने टेक्नोलॉजी-आधारित सुधार की पहलों को आगे बढ़ाने के लिए एमेजॉन वेब सर्विसेज की क्लाउड कंप्यूटिंग टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करेगा। शिक्षाग्रह एक जन आंदोलन होने के नाते सरकारी निकायों, स्थानीय सिविल सोसाइटी आर्गेनाइजेशंस (सीएसओ), युवाओं और समुदाय आधारित समूहों के बीच सहयोग को बढ़ावा देगा, ताकि वे जरूरतों के अनुसार स्कूल सुधार कार्यक्रम और समाधान का नेतृत्व कर सकें। यह आंदोलन वर्ष 2030 तक 100 जिलों के लगभग 40 मिलियन बच्चों के जीवन में परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखता है। यह पहले से ही कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सक्रिय रूप से चल रहा है। जिनमें अरुणाचल प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, कश्मीर, ओडिशा, पंजाब, पुडुचेरी, तमिलनाडु, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। भारत में सरकारी स्कूलों को सभी छात्रों को बेहतर शिक्षा देने में कई चुनौतियोंका सामना करना पड़ता है। विभिन्न हितधारकों द्वारा उठाए गए असरदार कदमअलग-अलग क्षेत्रों में सीमित रहते हैं, एक क्षेत्र की सर्वोत्तम प्रैक्टिस दूसरे क्षेत्रके शिक्षकों के लिए आसानी से उपलब्ध नहीं हो पाती है।

# आईडीबीआई बैंक ने सुगम ऋण भुगतान योजना (एसयूजीएएम) पेश की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईडीबीआई बैंक ने एक विशेष योजना सुगम ऋण भुगतान योजना (सुगम) शुरू की है। इसके अंतर्गत 31 मार्च, 2021 तक 0.10 करोड़ रुपये से अधिक और 10 करोड़ रुपये तक (पात्रता मानदंड के अधीन) की मूल बकाया राशि वाले उधारकर्ताओं को अपने कर्ज का एकमुश्त भुगतान आसान शर्तों के साथ करने का अवसर दिया जा रहा है, ताकि बैंक के रिटेल एनपीए की रिकवरी में तेजी आ सके। यह उन उधारकर्ताओं के लिए अपने कर्ज का निपटान करने का एक सुनहरा अवसर है, जो संकट से जूझ रहे हैं और कानूनी उलझनों में पड़ना नहीं चाहते। इस योजना का विवरण httpswww.idbibank.in/idbi-bank-sugam-rinn-bhugtan-yojana.asp& पर उपलब्ध है।

# कुछ श्रमिक फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर अपने आप को आदिवासी बताया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



खदान मजदूर संघ भिलाई संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के अध्यक्ष मुश्ताक अहमद ने बताया कि ऐसी जानकारी मिली है कि राजहरा खदान में कुछ श्रमिकों द्वारा फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर अपने आप को आदिवासी बताया गया है और बीएसपी प्रबंधन को फर्जी जानकारी देकर गलत तरीके से नौकरी कर रहे हैं। मुश्ताक अहमद ने बताया कि जैसे ही संघ को इसकी जानकारी मिली तो संघ ने इसकी सत्यता की जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी है और इस बात का पता लगाया जा रहा है कि ऐसे कितने लोग हैं जो आदिवासियों का हक मारकर फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर आदिवासियों की जगह पर स्वयं नौकरी कर रहे हैं। मुश्ताक अहमद ने बताया कि फर्जी आदिवासी बनकर नौकरी करने का खेल कोई नया नहीं है मगर जब प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा जाति प्रमाणपत्र की सत्यता की जांच सही तरीके से नहीं की जाती है तो फिर जिम्मेदार कौन होगा और स्थिति यह है कि आदिवासियों की सीट फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर भरा जा रहा है। संघ का प्रतिनिधी मण्डल इसके लिए प्रतिबद्ध है कि आदिवासियों के साथ किसी तरह का अन्याय नहीं होने देगा और जो भी फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनाकर आदिवासियों का हक छीनने के लिए दोषी पाया जाएगा उसके लिए संघ बीएसपी प्रबंधन और थाने में स्वयं शिकायत करेगा और बीएसपी प्रबंधन से ऐसे भ्रष्ट लोगों का अंतिम भुगतान रोकने और अभी तक बीएसपी से लिए मासिक वेतन, बोनस, एरियर्स एवं सभी तरह की आर्थिक लाभ एवं सुविधाओं की रिकवरी की भी मांग करेगा। जिससे भविष्य में कोई भी फर्जी आदिवासी बनकर आदिवासियों का हक छीनने का साहस नहीं कर सकेगा।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट ने रोहित शर्मा के साथ अपनी साझेदारी का लगातार पांचवें साल किया विस्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत के अग्रणी सीमेंट निर्माताओं में से एक जेके लक्ष्मी सीमेंट (जेकेएलसी) ने क्रिकेट सुपरस्टार रोहित शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाकर अपनी सफल साझेदारी को आगे बढ़ाने की घोषणा की। यह नया जुड़ाव ब्रांड की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता और जेकेएलसी और रोहित शर्मा दोनों को परिभाषित करने वाले साझा मूल्यों को दर्शाता है। क्रिकेट के मैदान पर अपने नेतृत्व और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाने जाने वाले रोहित शर्मा, जेकेएलसी के मूल मूल्यों-ताकत, विश्वसनीयता और उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करते हैं। ब्रांड के साथ उनका पिछला जुड़ाव जबरदस्त सफलता भरा रहा, जो उपभोक्ताओं और हितधारकों दोनों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। जेके लक्ष्मी सीमेंट के अध्यक्ष और निदेशक अरुण शुक्ला ने इस साझेदारी के नवीनीकरण पर अपनी टिप्पणी में कहा, रोहित शर्मा की असाधारण प्रतिभा और उपलब्धियों ने उन्हें भारत और विदेश के लिए एक प्रिय व्यक्ति बना दिया है। जेके लक्ष्मी सीमेंट के साथ उनके जुड़ाव ने उपभोक्ताओं के साथ हमारे ब्रांड के संबंध को मजबूत करने में मदद की है। हमें इस यात्रा को जारी रखने की खुशी हैं और हम साथ मिलकर और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं। रोहित का आगे बढ़ते रहने का जज्बा हमारे उत्पाद के टिकाऊ और विश्वसनीय होने के वादे को दर्शाता है। साथ मिलकर, हमारा लक्ष्य न केवल निर्माण करना, बल्कि अपने ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाना भी है। राइड वर्ल्ड वाइड द्वारा विशेष रूप से प्रतिनिधित्व किए जाने वाले रोहित शर्मा ने इस साझेदारी के बारे में कहा, मैं जेके लक्ष्मी सीमेंट के साथ अपनी यात्रा जारी रखने के लिए उत्साहित हूं। गुणवत्ता और नवोन्मेष के प्रति उनकी प्रतिबद्धता जीवन और क्रिकेट में हमेशा उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने तथा सीमा से आगे जाने के मेरे अपने दृष्टिकोण से मेल खाती है।

# ओला इलेक्ट्रिक ने नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम लॉन्च किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारत की सबसे बड़ी प्योर-प्ले ईवी कंपनी, ओला इलेक्ट्रिक ने अपना नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम लॉन्च किया। इस प्रोग्राम का उद्देश्य ईवी क्रांति को बढ़ाकर भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों तक ले जाना है, जिसमें वो शहरी इलाके शामिल हैं, जहाँ तक ईवी का विस्तार कम हुआ है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत कंपनी ने भारत में अपने सेल्स के फुटप्रिंट बढ़ाने के लिए 625 पार्टनर्स को जोड़ा है। ओला इलेक्ट्रिक द्वारा इस साल त्योहारों से पहले पार्टनर्स की संख्या को बढ़ाकर 1000 तक ले जाया जाएगा। इसके अलावा, कंपनी ने 2025 के अंत तक अपने सेल्स और सर्विस नेटवर्क में 10,000 पार्टनर्स को जोड़ने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के बारे में भी बताया। नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम द्वारा ओला को अपने प्रतिस्पर्धियों से बढ़त मिलेगी क्योंकि इसके अंतर्गत पार्टनर्स ऑटोमोटिव उद्योग के पारंपरिक डीलरशिप मॉडल के मुकाबले कम निवेश में ज्यादा तेजी से विस्तार कर सकते हैं। इस समय ओला के पास लगभग 800 कंपनी-ओन्ड स्टोर हैं, और 'नेटवर्क पार्टनर प्रोग्राम' के साथ आगामी त्योहारों से पहले इसके पास लगभग 1,800 सेल्स एवं सर्विस टच प्वाईट्स हो जाएंगे।

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हाराबाई यादव पति शिवचरण जाति रावत निवासी ग्राम बस्तीपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम बस्तीपाली दिनांक 05/08/2012 को आवेदक के पति शिवचरण की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 07/10/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

**शपथ पत्र**

मैं ऋषि कुमार तिवारी पिता रामेश्वर प्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम कांपा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) का रहने वाला हूं। मेरे पुत्र आदित्य तिवारी का आधार कार्ड में नाम आधित्य तिवारी गलत रूप से अंकित हो गया है। अन्य समस्त दस्तावेज में मेरे पुत्र का नाम आदित्य तिवारी है। केवल आधार कार्ड में नाम त्रुटि है जिसे सुधार किये जाने हेतु मेरे द्वारा क्षेत्रीय मुद्रणालय राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाना है। इस संबंध में आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है। जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा या आपत्ति हो तो निर्धारित 15 दिवस के भीतर दावा या आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं ऋषि कुमार तिवारी पिता रामेश्वर प्रसाद तिवारी, निवासी ग्राम कांपा, तहसील व जिला बेमेतरा (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र में वर्णित कथन मेरे स्वतः के ज्ञान से सत्य व सही है। आज दिनांक 27.09.2024 को स्थान बेमेतरा में पढ़कर, समझकर, हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

सत्यापनकर्ता

# 230 करोड़ का प्रोजेक्ट फेल... मोहारा तक कभी पहुंची ही नहीं अमृत मिशन की पाइप लाइन, भागीरथी की सप्लाई से दिए मिशन के नल कनेक्शन

## जल आपूर्ति की समस्या से जूझ रही 4300 की आबादी, अनशन के बाद निगम ने दो दिन का समय मांगा

- कई वार्डों में पाइप लाइन को लेकर शिकवा-शिकायतें आ रहीं, जांच की मांग

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शहर में 230 करोड़ का अमृत मिशन प्रोजेक्ट फेल हो गया है। मोहारा में जल आपूर्ति की समस्या को लेकर शुक्रवार की देर शाम तक अनशन जारी रहा। मोहारा की बस्ती में अमृत मिशन के तहत नल कनेक्शन तो दिए गए हैं लेकिन यहां कभी इस योजना के तहत पाइप लाइन बिछाई ही नहीं गई। अब भी इस बस्ती में भागीरथी योजना के डीआई पाइप लाइन का ही इस्तेमाल किया जा रहा है। नई पाइल लाइन और कनेक्शन्स के बीच निगम को पुरानी लाइनों को दोबारा शुरु करने की जुगत लगानी पड़ रही है। सालों तक चली अमतृ मिशन योजना अब भी अधूरी है। तमाम तरह कि



दिक्कतों के बीच ये प्रोजेक्ट निगम को हैंडओवर किया जा चुका है। जबकि अब तक कुछ शहरी इलाकों के साथ ही आउटर इलाकों में अमृत मिशन का पानी नहीं पहुंच रहा है। मोहारा में जल आपूर्ति को लेकर खड़े हुए विवाद की जड़ भी यही है।

निगम के सहायक अभियंता प्रणव मेश्राम ने कहा कि, मोहारा में कुछ इलाके उंचाई पर हैं। इंदिरा नगर से आपूर्ति होने पर फोर्स की कमी के चलते वहां पानी नहीं पहुंच पाता। इस कमी को दूर करने टैंकरों की व्यवस्था की जाती है। निगम लगातार मोहारा में टैंकर उपलब्ध करवा रहा है। हालांकि, अभियंता की इस तकनीकी बातों का अमृत मिशन से कोई सरोकार नज़र नहीं आता। अरबों के प्रोजेक्ट के बावजूद घरों तक पानी की सहूलियतें नहीं मिल पाना ही अपने आप में इस प्रोजेक्ट के तहत हुए काम पर सवाल खड़ा कर रहा है।

### इंदिरा नगर की टंकी से सप्लाई

पखवाड़े भर से जल आपूर्ति में कमी की समस्या झेल रहे मोहारा वार्ड में परेशानी का असल कारण अमृत मिशन की प्लानिंग में बड़ी गड़बड़ी है। शहर से लगे इस ग्रामीण हिस्से में करीब ढाई किलोमीटर दूर इंदिरा नगर की पानी टंकी से सप्लाई होती है। निगम के अभियंताओं का कहना है कि मोहारा का कुछ हिस्सा ऊंचाई पर है। इसके चलते पाईप लाइन में फोर्स न आने के चलते आपूर्ति धीमी होती है।

### पुरानी लाइन के भरोसे निगम, दोबारा शुरु करने की तैयारी

अमृत मिशन के फेल होने के बाद अब निगम मोहारा में पानी सप्लाई के लिए दोबारा पुरानी लाइन को दुरुस्त करने में जुटा हुआ है। मोहारा फिल्टर प्लांट से 4 इंच की पाइप लाइन दोबारा तैयार की जा रही है जिससे नदी के किनारे के इलाकों में सीधे जल आपूर्ति की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि, पहले भी प्लांट से ही मोहारा को सप्लाई की जाती थी लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया था। कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके ने बताया कि, व्यवस्था बन रही है और जल्द ही इसे शुरु किए जाने को लेकर काम हो रहा है। बताया गया है कि, आपूर्ति सीधे प्लांट से होती थी। नई योजनाओं में इस लाइन को बंद कर दिया गया। इसके बाद ही सप्लाई में दिक्कतें आने लगी। लंबे समय से मोहारा की एक बड़ी आबादी टैंकरों के भरोसे है।

### अनशन शुरु, आरोप – बहानेबाजी करते हैं निगम अधिकारी

पार्षद प्रतिनिधि अवधेश प्रजापति मोहारा में पानी की समस्या को लेकर अनशन पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि 15 दिनों से पानी नहीं मिल रहा है। टैंकर भी कम पड़ रहे हैं। हमारी शिकायतों पर निगम के जिम्मेदार बहानेबाजी करते हैं। 10-15 दिनों में भी मोटर ठीक नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि, जिस इलाके से पूरे शहर को पानी मिल रहा है, वहीं प्यासा है। देर शाम उन्होंने लिखित आश्वासन के बाद अनशन खत्म कर दिया।

### आपूर्ति की समस्या पर राजनीतिक बखेड़ा शुरु

महापौर ने मोहारा में पार्षद प्रतिनिधि के अनशन के बहाने डबल इंजन की सरकार और आयुक्त पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि, निगम के अफ्सर गैरजिम्मेदार रवैया अपना रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की शिकायतों को नज़र अंदाज किया जा रहा है। मोहारा में पेयजल आपूर्ति में समस्या का असल कारण कांग्रेसी पार्षद का शोषण किया जाना है। दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने आरोप लगाया कि महापौर ने अमृत मिशन की समीक्षा में कभी अपने दल के पार्षद को भी शामिल नहीं किया। कुल मिलाकर पिछले एक साल से आयुक्त और महापौर सिर्फअमृत मिशन में अपने कमीशन की समीक्षा करते रहे। उन्हें जनता से कोई सरोकार नहीं रहा।

### सीआरसी में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** सीआरसी राजनांदगांव में अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आस्था मूक बधिर संस्था के बच्चों व शिक्षकों एवं सीआरसी राजनांदगांव में अध्ययनरत डीएड (विशेष शिक्षा), आईडी प्रथम व द्वितीय वर्ष, सांकेतिक भाषा में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम डीआईएसएलआई के विद्यार्थियों तथा कौशल विकास के दिव्यांगजनों द्वारा रैली निकाली गई और सिल्वर स्क्रीन थियेटर में कांत मूवी दिखाई गई। सीआरसी निदेशक मती स्मिता महोबिया ने बताया कि सांकेतिक भाषा एक ऐसी भाषा है, जो अर्थ सूचित करने के लिए श्रवणीय ध्वनि पैटर्न में संप्रेषित करने के बजाय, दृश्य रूप में सांकेतिक पैटर्न संचारित करती है। जिसमें वक्त ा के विचारों को धाराप्रवाह रूप से व्यक्त करने के लिए हाथ के आकार विन्यास और संचालन, बांहों या शरीर तथा चेहरे के हाव-भावों का एक साथ उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम असिस्टेंट प्रोफेसर नैदानिक मानोविज्ञान डॉ. प्रशांत मेश्राम, पुर्नवास अधिकारी मेघा दुबे, विशेष शिक्षिका निधि राजन और फ्रीदा बेगम की देखरेख मे कार्यक्रम संपन्न हुआ। जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए 7 अक्टूबर तक पंजीयन राजनांदगांव। नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय परीक्षा के लिए ऑनलाईन पंजीयन की तिथि 7 अक्टूबर 2024 तक बढ़ा दी गई है।

# मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री बरगा आएंगे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा।

### प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट देखने जाएंगे

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल 28 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे रायपुर एयर पोर्ट से हेलीकाप्टर द्वारा रवाना होकर सुबह 11 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव पहुंचेगे। सुबह 11.10 बजे पीटीएस हेलीपेड से वाहन द्वारा सड़क मार्ग से प्रस्थान कर सुबह 11.20 बजे राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ग्राम बरगा में परकोलेशन टैंक साईट, स्वच्छता लक्षित इकाई (सीटीयू), जिला प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण करेंगे एवं फिकल स्लज मशीन का शुभारंभ करेंगे तथा कचरा संग्रहण के लिए ट्रायसाईकल प्रदान करेंगे। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल दोपहर 12.45 बजे ग्राम बरगा से डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 1.10 बजे ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निरीक्षण करेंगे एवं स्वच्छता दीदीयों से चर्चा करेंगे। दोपहर 1.25 बजे ग्राम अमलीडीह से प्रस्थान कर दोपहर 1.50 बजे सर्किट हाऊस राजनांदगांव पहुंचेगे। दोपहर 2.30 बजे से 2.45 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल दोपहर 3 बजे पीटीएस हेलीपेड राजनांदगांव से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

### गांधी जयंती पर शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा 2 अक्टूबर 2024 को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संजय अग्रवाल ने 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर राजनांदगांव जिले की सभी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेन्ट बार, होटल बार क्लब, मद्य भण्डारण-भाण्डागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं। संस्थानों में मदिरा का संव्यवहार संपूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# सरकारी दफ्तरों में ठप पड़ा कामकाज हड़ताल पर रहे शासकीय सेवक

## एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शासकीय दफ्तरों में शुक्रवार को काम ठप रहा। सभी विभागों के शासकीय सेवक डीए और गृहभाड़ा संबंधित मांगों को लेकर एक दिनी हड़ताल पर रहे।

राजनांदगांव जिले में शासकीय सेवकगण अपनी डीए और गृहभाड़ा भत्ते सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में एक दिवसीय प्रांतव्यापी धरना-प्रदर्शन के माध्यम से आंदोलनरत् हुए। कलम बंद-काम बंद के नारे के साथ अपनी मांगों को लेकर यह आंदोलन लगभग 10 बजे से शाम 4 बजे तक कलेक्ट्रेट के सामने फ्लाई ओव्हर के नीचे जारी रहा। शाम 4



बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें विभिन्न विभागों के शासकीय सेवक एकत्रित होकर अपनी लंबित मांगों के लिये जोर-शोर से एकजुट होकर नारेबाजी करते एवं राज्य शासन के कर्मचारियों को केन्द्र शासन के समान देय तिथि अनुसार 50 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि सहित सांतवे वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता की मांग करते हुए वृहद स्तर पर हड़ताल, एवं धरना-प्रदर्शन करते दिखाई दिये।

# फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने मनाया फार्मासिस्ट दिवस



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन के बैनरतले फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। इस मौके पर राजनांदगांव जिले के फार्मासिस्ट सहित नगर के वरिष्ठ फार्मासिस्टों के द्वारा आयुर्वेद भगवान धन्वंतरी की पूजा की गई। फार्मेसी पर एक संक्षिप्त गोष्ठी कर चर्चा की। अंत मे फार्मासिस्टों ने केक काटकर जश्न मनाया। उक्त अवसर पर बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे, नगर के फार्मासिस्ट सुरेश नखत, रितेश अग्रवाल, गिरीश पंसारी, अर्चना साहू, नीतू देवांगन, दिलीप मार्कण्डेय, विशाल खत्री, भोज कुमार साहू, अभिलाष गुप्ता, काजल गुप्ता, उमाशंकर साहू, खेमराज लहरे, उदय पटेल, शिशिर वैष्णव सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

# डीईओ के आदेश पर चली बीईओ की कलम प्रभारी अधिकारी की मनमानी, शिकायत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

शिक्षा विभाग में जिला शिक्षा अधिकारी के आदेशों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी संशोधित कर रहे हैं। अतिशेष शिक्षकों की अध्यापन व्यवस्था के तहत पदस्थापना आदेश को बीईओ ठेंगा दिखा रहे हैं। 12 जुलाई को अध्यापन व्यवसथा के तहत सहायक शिक्षक उकेश्वरी साहू को मूल शाला शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पार्रीकला से प्राथमिक शाला नवीन मनकी भेजा गया था। 19 सितंबर को राजनांदगांव के प्रभारी बीईओ ने जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश को संशोधित करते हुए उन्हें मनकी से परमालकसा संकुल के अंतर्गत शास.प्राथमिक शाला ठाकुरटोला में ज्वाईनिंग के आदेश दिए गए हैं। इस मामले में दो गड़बड़ियां हैं। पहला तो यह कि बीईओ ने अपने अधिकार से बाहर जाते हुए डीईओ के आदेश को संशोधित कर दिया। दूसरा कि, अध्यापन व्यवस्था के तहत पहले ही दूसरी शाला में संलग्न महिला शिक्षक को दोबारा इसी आवश्यकता के तहत दूसरी शाला में जाने के आदेश दिए गए हैं। इस मामले को लेकर शिक्षक संघ ने भी नाराजगी जाहिर की है और प्रभारी डीईओ को ज्ञापन सौंपा है।

### लाल बहादुर नगर तहसील में हुई सर्वाधिक 37 मिमी वर्षा

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 1110.8 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 13.3 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा लाल बहादुर नगर तहसील में 37 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 14.3 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 37 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 24.2 मिमी, घुमका तहसील में 1.5 मिमी, छुरिया में 8.5 मिमी, कुमरदा तहसील में 1 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 6.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

# स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम 28 सितम्बर को राजनांदगांव में, मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री होंगे शामिल

- 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का होगा भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, विधायक डोंगरगांव दलेश्वर साहू, विधायक खुज्जी भोलाराम साहू, विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, सभापति जिला पंचायत अशोक देवांगन, समाज सेवी रमेश पटेल, सरपंच बरगा कुमार सोनवानी उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व शिलान्यास तथा विभिन्न हितग्राहियों को सामग्री वितरण भी किया जाएगा। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बरगा में 28 सितम्बर 2024 को सुबह 10 बजे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 32 करोड़ 7 लाख 60 हजार रूपए के 35 कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। जिसमें 12 करोड़ 78 लाख 93 हजार रूपए के 21 कार्य का लोकार्पण एवं 19 करोड़ 28 लाख 67 हजार रूपए के 14 कार्य का भूमिपूजन शामिल है। लोक निर्माण विभाग अंतर्गत 2 करोड़ 59 लाख 77 हजार रूपए के 1 कार्य का लोकार्पण एवं 10 करोड़ 25 लाख 78 हजार रूपए के 7 कार्य का भूमिपूजन, स्वास्थ्य विभाग (सीजीएमएससी) अंतर्गत 4 करोड़ 25 लाख 48 हजार रूपए के 13 कार्य का लोकार्पण एवं 6 करोड़ 97 लाख 28 हजार रूपए के 4 कार्यों का भूमिपूजन, जल संसाधन संभाग अंतर्गत 4 करोड़ 94 लाख 22 हजार रूपए के 2 कार्यों का लोकार्पण एवं 1 करोड़ 65 लाख 62 हजार रूपए के 1 कार्य का भूमिपूजन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अंतर्गत 99 लाख 46 हजार रूपए के 5 कार्य का लोकार्पण।

### दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु प्रविष्टियां उपलब्ध कराने के निर्देश

**राजनांदगांव।** समाज कल्याण विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर को दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इसके अंतर्गत उत्कृष्ट दिव्यांग कर्मचारियों, दिव्यांगता के क्षेत्र में कार्य कराने वाली स्वैच्छिक संस्थाओं, नियोक्त ाओं के अतिरिक्त सर्वोत्तम जिला सवर्ग को पुरस्कृत किया जाता है। दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु इच्छुक एवं पात्र जिला कार्यालय एवं कनिष्ठ कार्यालयों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों की प्रतिष्टियां 5 अक्टूबर 2024 तक जिला कार्यालय समाज कल्याण राजनांदगांव में प्रस्तुत की जा सकती हैं।

# महाराष्ट्र-गोंदिया में इंटर स्टेट बैठक, आला अफसरों की मौजूदगी में नक्सल ऑपरेशन्स पर बनी रणनीति

## छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के पुलिस अफसर हुए शामिल

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

बीते गुरुवार महाराष्ट्र के गोंदिया में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के पुलिस अफसरों की बैठक हुई। हर तीन महीने में होने वाले इस इंटर स्टेट बैठक में आईजी-डीआईजी और एसपी के अलावा नक्सल मामलों के अफसर शामिल हुए।




गोंदिया में आयोजित इस बैठक में आगामी महीनों में नक्सलियों के खिलाफ बड़ा ऑपरेशन चलाने की सहमति के अलावा नक्सल सूचना आदान-प्रदान करने पर चर्चा हुई। महाराष्ट्र में संभावित चुनाव के दौरान सीमा पर चौकसी बढ़ाने पर भी अफ्सर सहमत हुए। राजनांदगांव रेंज आईजी दीपक झा इस बैठक में शामिल हुए। वहीं बालाघाट आईजी संजय कुमार और महाराष्ट्र के नक्सल डीआईजी अंकित गोयल समेत अन्य अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। केंद्र सरकार द्वारा दिए गए टॉस्क के आधार पर महाराष्ट्र, बालाघाट और छत्तीसगढ़ की सीमा पर नक्सलियों को ठिकाने लगाने की खास रणनीति तैयार की गई है। एमएमसी जोन में मौजूदा नक्सलियों को आत्मसमर्पण के प्रति प्रोत्साहित करने पर भी अफसर रजामंद हुए हैं। नक्सलियों की गतिविधियों को सीमित दायरे पर रखने के लिए तीनों राज्य के अफसरों की चर्चा हुई। बताया जा रहा है कि इस बैठक में मोहला-मानपुर-अं.चौकी, खैरागढ़ और कवर्धा के भी पुलिस अधीक्षक शामिल हुए हैं। इसके अलावा सीमावर्ती राज्यों के राज्य पुलिस सेवा के अफसरों की बैठक में उपस्थिति रही। कुल मिलाकर बैठक में नक्सल क्षेत्रों पर सख्ती के साथ अभियान चलाने सभी अफसरों ने एक स्वर में हामी भरी है। आने वाले दिनों में बैठक में तैयार रणनीति के अधार पर अभियान तेज होगा।

## गंभीर रोगों के ईलाज के लिए अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा

# कर्मचारी राज्य बीमा योजना पूरे राज्य में होगी लागू : लखनलाल देवांगन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ श्रमिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए में कर्मचारी राज्य बीमा योजना को पूरे राज्य में लागू होगी। श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की अध्यक्षता में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की क्षेत्रीय परिषद की बैठक में बिलासपुर में 100 बिस्तर नया अस्पताल प्रारंभ करने, रायपुर एवं कोरबा के अस्पतालों को 100 बिस्तर अस्पताल में उन्नयन और लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को जल्द प्रारंभ करने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। श्रमिकों को कैंसर, किडनी जैसे गंभीर रोगों के ईलाज के लिए औषधालयों से



सीधे अनुबंधित निजी अस्पतालों में कैशलेस रेफरल की सुविधा भी मिलेगी। बिलासपुर में नया 100 बिस्तर अस्पताल के लिए राज्य सरकार द्वारा जल्द भूमि उपलब्ध कराएगी। बीमित व्यक्तियों एवं नियोक्ताओं की सुविधा के लिए कोरबा, रायगढ़ और बिलासपुर के क्षेत्रों को मिलाकर कर्मचारी राज्य बीमा निगम का उप क्षेत्रीय कार्यालय प्रारंभ करने का प्रस्ताव का बैठक में अनुमोदन किया गया है। रायपुर एवं कोरबा के अस्पतालों को तीन माह के भीतर 50 बिस्तर से बढ़ाकर 100 बिस्तर किए जाने और लारा एवं खरसिया के अस्पतालों को नवंबर माह तक प्रारंभ करने का भी निर्णय लिया गया है। भिलाई एवं रायगढ़ के 100 बिस्तर अस्पतालों में मरीजों की भर्ती के लिए वार्ड मेटरनिटी वार्ड, एक्सरे, ऑपरेशन थयेटर तथा लैबोरेटरी की सुविधा प्रारंभ करने, कोरबा और रायपुर के अस्पतालों में आने के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि कोविड राहत योजना के तहत 386 बीमित व्यक्तियों के दावों को स्वीकृति दी गई तथा मार्च 2024 तक 16.21 करोड़ रूपए की राशि का भुगतान किया गया। इसी प्रकार उद्योगों एवं संस्थाओं के पंजीकृत बीमित व्यक्तियों को बीमारी हित लाभ, स्थायी अपंगता पर पेंशन मातृत्व अवकाश, अन्त्येष्टि व्यय आदि पर वर्ष 2023-24 में 33.04 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। बैठक में उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय परिषद, एवं सचिव श्रम विभाग, अलरमेलमंगई डी, कर्मचारी राज्य बीमा निगम के प्रभारी क्षेत्रीय निदेशक महेंद्र भोई, क्षेत्रीय परिषद के सदस्य सचिव डॉ रचिता विश्वास, क्षेत्रीय बीमा आयुक्त रांची (पूर्वी क्षेत्र) तथा क्षेत्रीय परिषद के सदस्य हरीश केडिया, डी. के. अग्रवाल, एल. पी. कटकवार शामिल थे।

# राज्य में सहायक उपनिरीक्षक (एम) के 263 पदों पर होगी भर्ती, मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग ने दी मंजूरी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार शासकीय विभागों में रिक्त विभिन्न संवर्ग के पदों की भर्ती के लिए वित्त विभाग से मंजूरी से लेकर विज्ञापन जारी करने और परीक्षाओं के आयोजन के प्रक्रिया अनवरत रूप से जारी है। इसी तारतम्य में पुलिस विभाग में सहायक उपनिरीक्षक (एम) के 263 पदों पर भर्ती को वित्त विभाग ने मंजूरी दी है। गौरतलब है कि गृह विभाग द्वारा सहायक उपनिरीक्षक (एम) की भर्ती के लिए प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा था, मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। सहायक उप निरीक्षक के विभिन्न रेंज में 213 पदों को मंजूरी दी गई है। इसमें पुलिस मुख्यालय सामान्य शाखा में 40, रायपुर रेंज में 20, बिलासपुर रेंज में 48, बस्तर रेंज में 28, दुर्ग रेंज में 10, सरगुजा रेंज में 35 और राजनांदगांव में 32 पद शामिल हैं। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय में कनिष्ठ श्रेणी, शीघ्रलेखक/सूबेदार (एम) के 50 पदों पर भर्ती को स्वीकृति दी गई है। यहां यह उल्लेखनीय है कि गृह विभाग में सूबेदार, उप पुलिस निरीक्षक, प्लाटून कमांडर, नगर सैनिक सहित कुल 806 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग द्वारा पूर्व में स्वीकृति दी जा चुकी है। सहायक उपनिरीक्षक की भर्ती के लिए स्वीकृत पदों को शामिल करने के बाद गृह विभाग के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के कुल 1069 पदों की भर्ती की मंजूरी वित्त विभाग से मिल चुकी है। इनमें से कुछ संवर्ग के पदों की पूर्ति के लिए भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। मुख्यमंत्री साय के निर्देश के परिपालन में अब तक राज्य शासन के विभिन्न विभागों द्वारा कुल 3737 पदों पर भर्ती के लिए वित्त विभाग ने मंजूरी दी है, जिनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में 181, स्वास्थ्य विभाग में 1201, आदिम जाति कल्याण विभाग में 300, वन विभाग में 66, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग आजीविका मिशन के अंतर्गत विभिन्न संवर्ग के 237, विधि विभाग के अंतर्गत न्यायालयों में व्यवहार न्यायाधीश सहित अन्य संवर्ग के कुल 362 पदों की स्वीकृति के साथ ही कृषि विभाग के अंतर्गत 321 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की भर्ती प्रक्रिया जारी हैं।

# जशपुर न.पा. उदासीन...विधायक के आवागमन मार्ग डीपू बगीचा के सामने दो महीने से सड़क पर पड़ा है विशाल पेड़ का डगाल

## अंधेरे में कभी भी हो सकता है कोई बड़ा हादसा, सूचना देने के बाद भी कार्रवाई नहीं





रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024
www.dailypioneer.com
पायनियर

डीपू बगीचा के सैंकड़ों साल पुराने खोखले पेड़ से राहगीरों और स्कूली बच्चों को खतरा, आए दिन टूटकर गिर रहे डाल

15 दिन पहले गिरे विशालकाय पेड़ अभी तक नहीं हट सका, हाई वोल्टेज तार भी जद में

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर

पायनियर सरोकार

पर किसी ने ध्यान नहीं दिया है।
अबतक नहीं हटा टूटा डगाल-20 अगस्त से पहले ही डीपू बगीचा का एक विशालकाय वृक्ष की शाखा टूटकर सड़क पर गिर गई। यह हादसा तड़के सुबह हुआ था। स्कूल आवागमन के दौरान होने पर बड़ा हादसा हो सकता था। उस डाल के गिरने से सड़क 3 घंटे तक जाम रहा। उसे काटकर किनारे किया गया लेकिन अबतक पूरी तरह से सड़क से नहीं हटाया गया है। टूटी शाखा के सड़क पर पड़े रहने से सड़क दुर्घटना होने की संभावना है। उक्त मार्ग में सड़क दुर्घटनाएं होती ही रहती है। घटनास्थल पर रोशनी के अभाव की वजह से गिरा हुआ लकड़ी का टुकड़ा भी लोगों को दिखाई नहीं देता है।

डीपू बगीचा की देखरेख का जिम्मा फिलहाल नगर पालिका को दिया गया है। पेड़ की डालियों की छंटनी करने के लिए वन विभाग को पत्र लिखकर जल्द से जल्द बेहतर किया जाएगा।
-योगेश्वर उपाध्याय, सीएमओ नगर पालिका

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला जशपुर प्रदेश में अब अलग स्थान रखता है। इसलिए यहां के लोगों में जिले के विकास को लेकर उम्मीदें बड़ी है। लेकिन हैरत की बात यह है कि विकास से पहले छोटे-छोटे कार्यों को पूर्ण करने में भी बड़ा नजर अंदाज किया जा रहा है। इसका एक जीता जागता उदाहरण वर्तमान में सुर्खियों में रहा डीपू बगीचा है। यहां पहले से सालों पुराने खोखले पेड़ जो राहगीरों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा लिए खड़े हैं। वहीं एक पेड़ जो बीते 9 अगस्त को टूटकर गिर गया जिससे घंटो सड़क जाम रही उस पेड़ के टूटे डगाल अभी भी बीच सड़क से थोड़ा किनारे पर पड़ा है। नगर पालिका को दर्जनों बार सूचना देने के बाद भी उनकी ओर से टाल मटौल किया जाता रहा है।

### विधायक का होता है आवागमन

डीपू बगीचा से होकर जाने वाली टिकैतगंज सड़क से जशपुर विधायक का भी लगभग रोजाना आवागमन होता है। यहां से रोजाना बड़ी गाड़ियां भी गुजरती हैं। बिजली विभाग की मेहरबानी की वजह से यहां अंधेरा भी छाया रहता है। ऐसे किसी दिन बड़ा हादसा होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त मार्ग इन दिनों शहर के व्यस्ततम् मार्गों में से एक है।

### स्कूली बच्चों पर भी खतरा

डीपू बगीचा मार्ग से होकर टिकैतगंज, करबला रोड, सन्ना रोड, पानी टंकी के साथ ही कई टोला पारा और मोहल्ले के बच्चे स्कूल और कॉलेज के लिए पैदल जाते हैं। बच्चों से भरे स्कूल वाहन, ऑटो भी सड़क से गुजरते हैं। कमजोर हो चुकी डालियों के गिरने का खतरा हमेशा मंडराता रहता है।

### बिजली की हाई वोल्टे तार भी

डीपू बगीचा सड़क पर शहर से टिकैतगंज की ओर हाई वोल्टेज बिजली के तार भी गुजरे हैं। कई खंभे लगे हुए हैं। विशालकाय पेड़ों की कमजोर डालियां टूटकर आए दिन बिजली के तारों पर गिर रहीं हैं। इससे रिहायसी इलाके में जान का खतरा का भी अंदेशा हैं। बिजली के तारों को हमेशा नुकसान होता है।

# छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में दर्जनों एनएसयूआई कार्यकर्ता हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com






प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर कांग्रेस पार्टी ने भाजपा को घेरते हुए एक बड़ा आंदोलन कर रही है जिसे छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का नाम दिया गया हैए यह न्याय यात्रा गिरौदपुरी धाम से शुरू होकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती के दिन राजधानी रायपुर में समाप्त होगी। कांग्रेस की इस छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में एनएसयूआई के 50 से अधिक कार्यकर्ता गिरौदपुरी पहुंचे कर इस न्याय यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया कि भाजपा शासन में प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ चुकी है, छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बनता जा रहा है और भाजपा सरकार कानून व्यवस्था सम्हालने में पूर्णता असफल साबित हुई है जिसका जीवंत उदाहरण बलौदा बाजार हिंसा कांड और गृहमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा के लोहरीगुड़ा जहां 3 हत्या हुई है महिलाओं और पुरुषों को बेहरमी से पीटा गया, फिर प्रशांत साहू की मौत को मिर्गी की बीमारी बताकर छिपाने का प्रयास किया गया जो भाजपा सरकार की नाकामी को दर्शाता है । इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा समानता एकता और भाईचारे का संदेश लेकर 125 किलोमीटर की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा कर प्रदेश की जनता को भाजपा के नाकामियो को बताने का काम करेगी।

जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने लिया बाबा घासीदास का आशीर्वाद - छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में शामिल होने पहुंचे एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने अपने साथियों के साथ बाबा घासीदास जी की जन्मभूमि गिरौदपुरी धाम पहुंचकर संत शिरोमणि बाबा घासीदास जी का आशीर्वाद लिया और प्रदेश में पुनः शांति और सद्भाव स्थापित करने की प्रार्थना की। इस न्याय यात्रा राजा देवांगन के साथ पारस मनी साहूए नोमेश सिन्हा, तेजप्रताप साहू, सुदीप सिन्हा, लक्ष्मीनारायण ध्रुव, लक्की ध्रुव, राकेश नेताम, जय प्रकाश,नेकू प्रते, त्रिभुवन मंडावी, कृष्णा लहरे, अन्नू कुर्रे, विनय गायकवाड, यतीन्द्र, उदय साहू, अजय सिन्हा सम्मिलित हुए।

# चोरों के हौसले हुए बुलंद रुद्री चौक में शटर उठाकर चोरी

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



अर्धरात्रि में सुबह 3 से 5 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने लगभग 10 दुकानो के शटर को तोड़ा गया है जिसमें से 4 दुकानों के अंदर घुसकर गल्ले में रखे पैसों और सामान की चोरी की गई है । प्राप्त जानकारी के अनुसार रुद्री के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू के दुकान चित्रा फोटो एवम् स्टेशनरी मार्ट में दुकान के बाहर और अंदर लगे सीसी टीवी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर चोरी किया गया है। इसी क्रम श्याम होटल रुद्री में शटर तोड़कर गल्ले में रखे 3 हजार रुपए के चिल्हर, नरेंद्र आटो सेंटर से लगभग 12 हजार रुपए नगद, नित्या फोटोकॉपी जनरल स्टोर्स से 5 हजार रुपए के सिगरेट, गुटखा की चोरी की गई है, चोरों के इस करतूतों के कारण पूरे रुद्री चौकवासियो में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि रुद्री चौक में पूर्व में भी कई बार चोरी हो चुकी है जिसकी विधिवत शिकायत रुद्री चौक के व्यापारियों द्वारा की गई है। लेकिन अज्ञात चोर नही पकड़े जाते है जिस कारण इन अज्ञात चोरों के हौसले बुलंद है,आज हुई चोरी के संबंध में सभी व्यापारियों ने विधिवत लिखित शिकायत कर पुलिस विभाग से उक्त अज्ञात चोरों के ऊपर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है साथ ही रात्रि में ज्यादा पुलिस गश्त करने की बात कही गई है। इस संबंध में पुलिस विभाग को खबर लगते ही अज्ञात चोरों को पकड़ने चौक और दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा हैए पुलिस विभाग द्वारा जल्द ही अज्ञात चोरों को पकड़े जाने की बात कही जा रही है ।

# आयुष्मान कार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक्टरों और कर्मचारियों का कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने किया सम्मान

## जशपुर जिला अस्पताल में सर्वाधिक 4772 आयुष्मान कार्ड दिए गए

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रदेश के आम नागरिकों तक आयुष्मान कार्ड से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने शुक्रवार को आयुष्मान कार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के डाक्टरों और कर्मचारियों प्रतीक चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनांतर्गत शासन के निर्देशानुसार जिले के समस्त विकास खंड में दिनांक 20 सितंबर से 30 सितंबर के दौरान आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाना है। पखवाड़े में विकासखण्ड स्तर पर छुटे हुए शेष हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन शिविर का अयोजना किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के सीएच मो,आर एचवो, एएनएम आयुष्मान मित्र एवं स्वास्थ्य मितानी के द्वारा पंजीयन किया जा रहा है. आयुष्मान स्वास्थ्य जाँच शिविर, आयुष्मान चौपाल सभा का आयोजन हितग्राहियो से अनुभव साझा करना जिससे संरपच मितानिनो, आगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं हितग्राहियो को योजना से संबंधित लाभ के बारे में बताया जा रहा है। जिले के हायर सेकेण्डरी एवं हाईस्कूल स्तर पर आयुष्मान, घर-घर आयुष्मान, हर घर आयुष्मान आयुष्मान ने बदली ग्रामीण भारत की तस्वीर, आयुष्मान भारत विकसित भारत की आधारशिला, आयुष्मान भारत विजीटल मिशन एवं स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम पहुंच में प्रौद्योगिकी का योगदान विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बेहतर कार्य करने वाले डाक्टरों और कर्मचारियों के लिए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने बधाई समारोह आयोजित किया जा रहा है।साथ साथ आयुष्मान सायकल रैली के माध्यम से लोगों तक योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आज कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राज देवशरण जिला चिकित्सालय जशपुर को जिले में सर्वाधित हितग्राही 4772 को निःशुल्क लाभ प्रदाय करने पर प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक दिया गया जिसने प्रशस्ती पत्र प्राप्त करने के लिए डॉ0 विपिन इन्द्वार सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, संदीप भगत नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत जिला चिकित्सालय जशपुर, हरावती सिंह मेडिको, रजनी सोनवानी आयुष्मान मित्र समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दुलदुला को 726 हितग्राहियों का लाभ प्रदाय करने हेतु प्रशस्ती पत्र प्रदाय दिया गया डॉ . शोभा मिंज (विकास खंड चिकित्सा अधिकारी दुलदुला उपस्थित थे, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा को 704 हितग्राहियों को लाभ प्रदाय करने पर प्रशस्ति पत्रक प्रदाय किया गया श्री आंनद लकड़ा विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक मनोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिछली जो अत्यंत कठिन एवं दूरस्थ स्थल में संचालित है उनके द्वारा 184 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। उन्हें प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया प्रभारी अधिकारी श्री रमेश कश्यप आर.एम.ए. एवं आयुष्मान मित्र राजू राम के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया गया। प्राथमिक स्थास्थ्य केन्द्र भेवला को 172 हितग्राहियां को लाभ प्रदाय किये जाने पर मोमेटो एवं प्रशस्ति पत्रक प्रदाय किया गया प्रभारी डॉ ममता भगत प्राप्त करने हेतु उपस्थित रहे। इसी के साथ साथ योजनांतर्गत अधिक आयुष्मान कार्ड बनाने वाले एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारीयों को भी मोमेटो एवं प्रशस्ति पत्रक प्रदय किया गया जिसमें सुश्री अनामिक कुजूर सी0एच0ओ0उप स्वास्थ्य क्षेन्द्र कपरोज, सुश्री अन्पूर्णा यादव सी0ए0ओ0 उप स्वास्थ कंन्द्र पंगशुबा थी अनुप लकड़ा उप स्वास्थ्य केन्द्र करतुर आरती भगत सी0ए0ओ0 उप स्वास्थ्य केन्द्र पुत्री चौरा संदीप साई आर.एच.ओ. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुजांरा दशरथ साहू सुपरवाईज़र सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बगीचा संजय राम विनोद यादव (स्वास्थ्य मितान) मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जशपुर कार्याक्रम को सफ्ल बनाने मुख्य रूप में डॉ0 जी0एस जात्रा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 विपिन कुमार इन्द्रवार (सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक सह जिला आयुष्मान नोडल अधिकारी गणपत नायक जिला कार्यक्रम प्रबंधक , शिशिर सिंह परमार जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत) राजेश कुरील अस्पताल प्रबंधक जिला चिकित्सालय जशपुर, कमलकांत सिंह, नरेन्द्र सिंह, पदमनी प्रजापति, विनोद यादव संजय राम स्वास्थ्य मितान का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आयोजित किया गया उन्मुखीकरण कार्यक्रम



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत आवासों को समय.सीमा में पूर्ण करने के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम 26 एवं 27 सितम्बर को आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी जनपद पंचायत एंव क्लस्टर स्तर के अधिकारी, कर्मचारी और हितग्राही उपस्थित रहे। उन्मुखीकरण कार्यक्रम में हितग्राहियों को आवास योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार आवास से संबंधित सभी जानकारी बारिकी से दी गई तथा आवासों का लेआउट भी किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत कुल 8 हजार 875 लक्षित हितग्राही हैं। इनमें धमतरी विकासखण्ड के एक हजार 507, कुरूद विकासखण्ड के एक हजार 487, मगरलोड विकासखण्ड के एक हजार 597 और नगरी विकासखण्ड के 4 हजार 284 हितग्राही शामिल हैं।

# गंगरेल पर्यटक मार्ग में स्थित क्षतिग्रस्त स्टेच्यु एवं प्रकाश व्यवस्था कराने जिलाधीश को श्यामा साहू ने सौंपां पत्र



पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सभापति महिला बाल कल्याण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विभाग जिपं धमतरी, उपाध्यक्ष छग राज मानस संघ जिला धमतरी श्यामा देवी साहू ने जिलाधीश नम्रता गांधी को गंगरेल पर्यटक मार्ग में स्थित क्षतिग्रस्त स्टेच्यु मरम्मत एवं प्रकाश व्यवस्था करने दिया पत्र। जिलाधीश को दिये पत्र में बताया कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा बांध एंव पर्यटन क्षेत्र गंगरेल में राष्ट्रीय स्तर पर जल जगार महोत्सव का आयोजन प्रसशनीय हैं जिसमें छत्तीसगढ के अलावा राष्ट्रीय स्तर के लोगो का आवागमन रहेगा। इस स्थिति को देखते हुए पर्यटक मार्ग में स्थित क्षतिग्रस्त स्टेच्यु मरम्मत करने, एवं रुद्री चौक से गंगरेल पहुंच मार्ग तक रात्रि में प्रकाश की व्यवस्था नही हैं और इस मार्ग में जगह.जगह अंधा मोड़ होने की वजह से दुर्घटना होती रहती है। आवागमन को सुगम एवं पर्यटन क्षेत्र की खुबसुरती बढ़ाने के लिए सौर उर्जा स्ट्रीट लाईट प्रकाश व्यवस्था करने की श्यामा साहू भाजपा् जिला उपाध्यक्ष ने पत्र सौंपा।

# जशपुर जिला में रिकार्ड तोड़ बारिश... कलेक्टर-एसपी ने दी प्रभावित रपटा पुलिया व पेड़ से दूर रहने की सलाह

- क्षतिग्रस्त पुल, पुलिया एवं रपटा की जानकारी लेकर आवश्यक कदम उठाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश की वजह से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ गया है। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल और पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सभी अनुविभागीय अधिकारियों से जिले में हो रही बारिश की वजह से नदी-नालों में बहाव की स्थिति की लगातार जानकारी ले रहे हैं। इसके साथ ही जहां तेज बारिश की वजह से जिन नदी-नालों पर बने रपटा या पुलिया के उपर से पानी बह रहा है उस जगह पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के निर्देश भी दिए हैं। विदित हो कि जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 1044.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 01 जून से आज तक औसत वर्षा 1022.1 मिमी हुई है। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को क्षतिग्रस्त पुल-पुलिया के मरम्मत की आवश्यक व्यवस्था एवं आवागमन की वैकल्पिक व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

**बैरिकेडिंग के निर्देश -** कलेक्टर के निर्देश पर सभी एसडीएम नदी-नालों के जलस्तर की लगातार निगरानी कर रहे हैं। कुनकुरी और दुलदुला तहसील में बारिश की वजह से किसी गांव में पुलिया क्षतिग्रस्त नहीं हुई है। तहसील कुनकुरी में ग्राम ढोढीडांड में ईब नदी में बने पुलिया कें उपर से पानी बहने की वजह से पुलिया के दोनों तहफबैरिकेट लगाया गया है और वहां पर सरकारी कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। मौके पर पुलिस बल को भी तैनात किया गया है। प्रशासन के द्वारा लोगों को नदी के आसपास नहीं जाने एवं पुल से आवागमन नहीं करने की अपील की गई है। अनुविभागीय अधिकारी जशपुर के अनुसार तहसील जशपुर अंतर्गत कोई भी पुलिया, पुल या रपटा क्षतिग्रस्त नहीं हुआ है। पटवारियों को मकानों एवं फसलों की क्षति का सर्वे कराने के साथ ही फील्ड में रहकर परिस्थितियों का आकलन कर तत्काल सूचित करने निर्देशित किया गया है। सोनक्यारी में 3 पुलिया टूटने के वजह से पुलिया के आसपास बेरिकेटिंग करवाई की गई है। सन्ना तहसीलदार के अनुसार विकासखंड बगीचा के अकरीकोना सन्ना बगीचा मार्ग में पुल व सड़क के उपर से पानी बहने की वजह मार्ग अवरूद्ध है। पुलिया के दोनो तरफ बैरिकेटिंग किया गया है एवं सरकारी कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। बगीचा के कलिया एवं गायलूगां में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क पर निर्मित पुल के दोनों ओर सड़क व मिट्टी का कटाव हुआ है। सरपंच को मिट्टी कटाव को भरने को कहा गया है। प्रशासन के द्वारा जानकारी दी गई है कि बच्छगांव-साहीडांड-सरकोम्बो होते हुए बगीर्चा वैक्लिपक मार्ग है। कलेक्टर ने संबंधित निर्माण विभाग को क्षतिग्रस्त पुल,पुलिया रपटा को तत्काल मरम्मत तत्काल करने के निर्देश दिए गए हैं।

**खतरे से दूर रहने की अपील** -कलेक्टर डॉ. मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने लोगों से अपील की है कि जिन रपटा या पुल-पुलिया के ऊपर से पानी बह रहा है उसे पार करने का जोखिम ना लें और बारिश से बचने के लिए किसी पेड़ का सहारा ना ले क्योंकि बारिश के दिनों में पेड़ में बिजली गिरने का खतरा बना रहता है। कलेक्टर डॉ. मित्तल ने किसी भी आपात स्थिति के लिए एनडीआरएफ को तैयार रहने के निर्देश दिए है। साथ ही स्वास्थ्य अधिकारियों को वर्षाजनित बीमारियों से बचाव के लिए दवाईयों की पर्याप्त उपलब्ध्ता एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर ने जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर इसकी पूर्व तैयारी करते हुए विस्थापितों हेतु सुरक्षित आश्रय स्थल चिन्हांकित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं।

## मनुष्य को ह्रदय एवम आत्मा को पवित्र कर श्रीमद्भागवत जी को कथा का श्रवण करना चाहिए।

# भागवत ऐसा ग्रन्थ है जिसका स्मरण मात्र से ही कल्याण हो जाता है,जो वेदों का सार है वह श्रीमद्भगवत है : पं.रामप्रतप शास्त्री

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



मनुष्य को ह्रदय एवम आत्मा को पवित्र कर श्रीमद्भागवत जी को कथा का श्रवण करना चाहिए। उन्होंने कहा एहमारे जीवन का सबसे बुरा दिन ही वह है जब हम भगवान का स्मरण नही करते है। पूजा और भक्ति के अंतर को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पूजा वह है जो हम प्रातःकालीन पूजा करते है। और भक्ति वह है जो ठाकुर जी से हमारा रिश्ता हम बना लेते है। धमतरी रुद्री में दुखुराम साहू, नरेन्द्र, दीनदयाल, कौशल साहू के शुभ संकल्प से आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा के दूसरे दिन गुरुवार को विख्यात कथा वाचक आचार्य रामप्रताप शास्त्री जी महाराज ने भागवत जी के कथा के अन्तर्गत कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान मनुष्य जीवित रहकर ही नही बल्कि मरने के बाद भी करता है जो कथा का श्रवण मरने के बाद भी कर लेता है उसको मोक्ष की प्राप्ति हो जाती है। राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया। श्री शास्त्री जी ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा, ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने शाप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा के दौरान धार्मिक गीतों पर श्रद्धालु जम कर झूमें। कथा में दूसरे दिन बड़ी संख्या में महिला.पुरूष कथा सुनने पहुंचे। मुख्य रूप से पूर्व विधायक हर्षद मेहता, विपिन साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी जोशी, अवनेंद्र साहू, डिपेन्द्र साहू, कोमल सार्वा, सुनील साहू,बलराम साहू, बिहारी लाल साहू, संत राम ध्रुव,रामकृष्ण, आरआर पांडे, विजय पदमवर, जीआर साहू,प्रकाश श्रीवास्तव, एनके साहू, गौतम साहू, माधवेन्द्र हिरवानी, अर्चना साहू माया साहू, गूंजा साहू ,चांदनी सहित श्रोतागढ़ बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

# शीतला मंदिर में नवरात्र की तैयारी जोरों पर, जोत बुकिंग चालू

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



धमतरी नगर की ग्राम्यदेवी मां शीतला मंदिर महिमासागर वार्ड में नवरात्र पर्व की जोर-शोर से तैयारी की जा रही है । 3 अक्टू को जोत प्रज्जवलन, 8 अक्टू को पंचमी एवं 11 अक्टू को हवन पूर्णाहुति नवकन्या भोज संपन्न होगी । मंदिर समिति एवं धीवर समाज धमतरी के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा ने कहा कि धीवर समाज द्वारा हर नवरात्र पर्व को भारी उत्साह एवं हर्षोल्लास से मनाया जाता है । इस वर्ष भी नवरात्र पर्व के सभी दिवसों में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। समाज के परिजनों के लिए 4 अक्टू को माता दर्शन धार्मिक यात्रा गंगा मैया झलमला से मां पाताल भैरवी राजनांदगांव से मां बम्लेश्वरी डोंगरगढ़ हेतु प्रातः 8 बजे शीतला माता मंदिर से प्रस्थान करेगी। 5 अक्टू को समाज के बच्चों का ड्राइंग एवं क्राफ्ट वर्क प्रतियोगिता, 6 अक्टू को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता एवं रात्रि में नृत्य एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, 7 अक्टू को सुबह रंगोली बनाओ प्रतियोगिता, प्रतिदिन सायं 7बजे गरबा नृत्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। 8 अक्टू पंचमी के दिन धीवर समाज के परिजनों द्वारा घड़ी चौक से भव्य शोभायात्रा निकालकर कर मां दुर्गाए मां बम्लेश्वरी एवं मां विंध्यवासिनी एवं माता शीतला को चुनरी एवं भोग चढ़ाया जाएगा ।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन हेतु छत्तीसगढ़ को प्रथम पुरस्कार









पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली में 26.09.2024 को बी.ई.ई. द्वारा प्रायोजित सोसाईटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स-सीम द्वारा आयोजित 9वें नेशनल एनर्जी मैनेजमेंट आवार्ड समारोह में ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में राष्ट्रिय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली राज्य नामित एजेंसी द State Designated Agency-SDAके रूप में इस वर्ष हेतु Star Performance Award श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को पूरे भारत देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है, तथा गुजरात राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (जेडा) को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में क्रेडा को ऊर्जा संरक्षण एवं ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियॉ हासिल की गई है। राजेश सिंह राणा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी (क्रेडा) द्वारा उक्त अवार्ड सीम् से प्राप्त किया गया। इस अवसर पर क्रेडा से जे.एन. बैगा, कार्यपालन अभियंता एवं निहार रंजन साहू, प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर भी मौजूद रहे। ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिएंसी, भारत सरकार की पीएटी परियोजना के अंतर्गत प्रथम एवं द्वितीय चरण में कुल 44 औद्योगिक संस्थानों द्वारा प्रदेश में लगभग 2.2 मिलियन टन ऑफ ऑयल इक्वीवेलेंट (एमटीओई) ऊर्जा की बचत कर लगभग 6.67 मिलियन टन का कार्बन उत्सर्जन कम किया गया है। इस परियोजना के तहत प्रदेश के उद्योगों को कुल दस लाख से भी अधिक एनर्जी सेविंग सर्टिफिकेट ब्यूरो ऑफ एफिसिएंसी के माध्यम से प्राप्त हुए हैं। इसी क्रम में क्रेडा द्वारा 100 से ज्यादा जागरूकता कार्यक्रम इंजीनियर्स एवं आर्कीटेक्ट हेतु आयोजित किये गये हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में ऊर्जा दक्ष उपकरणों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुल 76 ग्रामों को मॉडल ऊर्जा दक्ष ग्रामों में विकसित किया गया है। इसी तरह 68 स्वास्थ्य केन्द्रों को मॉडल ऊर्जा दक्ष स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। स्कूली छात्र-छात्राओं को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से क्रेडा द्वारा 601 से भी अधिक ऊर्जा क्लब का गठन किया गया है।

कृषि क्षेत्र में किसानों को ऊर्जा संरक्षण के विषय में क्रेडा द्वारा बहुआयामी जागरूकता कार्यशाला आयोजित किये गये हैं। जिसके तहत ऊर्जा दक्ष पंप के उपयोग से होने वाले ऊर्जा एवं पैसे के बचत के विषय पर राज्य के समस्त कृषि विज्ञान केन्द्रों में किसानों को जागरूक किया गया है। प्रदेश के शासकीय कार्यालय एवं संस्थानों में ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु क्रेडा द्वारा सतत् प्रयास किये जा रहे हैं, जिससे विद्युत खपत में कमी लाई जा सके। उल्लेख है कि सिम एक गैर लाभकारी संगठन है जो की ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के नेतृत्व में देश मैं ऊर्जा संरक्षण के दिशा में कार्य करती है। औद्योगिकी क्षेत्र में ऊर्जा की बचत हेतु सिम विगत कई दशकों से एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य कर रही है।

# मुख्यमंत्री ने की राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

मैं साल 1990 में नया-नया विधायक बना, तब साधु की तरह दिखने वाले लंबी कद काठी का एक व्यक्ति मेरे पास आवेदन लेकर आया। वे मेरे जन्म यानी साल 1964 से राजस्व के एक मामले को लेकर राजस्व कार्यालय के चक्क र लगा रहे थे। उन्हें अपने मामले की सारी जानकारियां याद थी और कागज पलटने तक की जरूरत नहीं पड़ती थी। मैं उन्हें अपनी गाड़ी से एसडीएम कार्यालय लेकर गया और मामले का निराकरण कराया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान यह प्रसंग सुनाया और कहा कि हमें राजस्व अमले की पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करना है। राजस्व विभाग सीधे आम आदमी से जुड़ा है और हमें इसकी छवि सुधारने के लिए काम करना है। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लंबे समय से एक ही जगह पर पर जमे हुए पटवारियों को हटाया जाए और एक ऐसी व्यवस्था तैयार करें जिसमें नियत समय के बाद पटवारी का अनिवार्य रूप से उस हल्के और तहसील क्षेत्र से स्थानांतरण हो जाए। उन्होंने कहा कि आम जनों को दैनिक सरकारी कामकाज में पटवारी के सहयोग की जरूरत पड़ती है। साय ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पटवारी अपने मुख्यालय में रहकर कार्य करें, यह सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश के विभिन्न शासकीय कार्यालयों की भूमि का शासन के पक्ष में नामांतरण का काम अभियान चलाकर पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नगरीय क्षेत्रों में शहरी पट्टों के वितरण के लिए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फौती नामांतरण, बंटवारा, अविवादित नामांतरण सहित राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी लाई जाए और इसे समय सीमा में ही पूरा करें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग नागरिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए डिजिटल नवाचारों पर भी तेजी के साथ काम करें।

# नितिन नबीन ने ली सदस्यता अभियान को लेकर बैठक, हर जिले का टारगेट 20 प्रतिशत बढ़ाया



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने छत्तीसगढ़ भाजपा को सदस्यता का लक्ष्य 10 लाख बढ़ाकर 60 लाख सदस्यता का लक्ष्य दिए जाने के परिप्रेक्ष्य में सदस्यता प्रभारी, सह प्रभारी, जिला अध्यक्षों और जिला सदस्यता प्रभारियों की बैठक ली। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में आहूत इस बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव भी उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक अनुराग सिंहदेव, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, भूपेंद्र सवन्नी, निरंजन सिन्हा, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भारत लाल वर्मा, रामजी भारती, जगदीश (रामू) रोहरा, रायपुर संभाग प्रभारी सौरभ सिंह, सह प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, बस्तर संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, राजीव अग्रवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय, जिला अध्यक्ष रायपुर शहर जयंती पटेल, भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा सहित बड़ी संख्या में जिला सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हम 60 लाख सदस्यता का लक्ष्य अर्जित करेंगे : नवीन

भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक सदस्य पूरी सक्रियता के साथ सदस्यता अभियान में लगा हुआ है। सभी चीजों का आंकलन करने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नडडा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ के लिए सदस्यता का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसे अब 10 लाख बढ़ाकर 60 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही नवीन ने हर जिले का लक्ष्य 20 प्रतिशत बढ़ाया है। भाजपा के सदस्यता अभियान में दिख रही एकजुटता के दृष्टिगत नडडा ने यह लक्ष्य दिया है। नवीन ने कहा लक्ष्य के आधार पर हमने ऑंकलन कर प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षों के साथ बैठकर सदस्यता अभियान में 10 लाख अतिरिक्त सदस्य बनाने के लक्ष्य पर चर्चा की है और 60 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य को हम लोग हासिल करेंगे, इसके लिए हमने राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय नेतृत्व को आश्वस्त किया है। नवीन ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने राज्य के विकास में मात्र 8 महीने में ही उन सारे वादों को भी पूरा किया है जो वादे पूर्व की कांग्रेस सरकार 5 वर्षों में पूरा नहीं कर पाई। भाजपा की सरकार ने 8 महीने में ही मोदी की गारंटी के तहत के गए अधिकांश वादे भी पूरे किए हैं। जनता हमारे साथ है और कार्यकर्ताओं का उत्साह इस अभियान में दिख रहा है।

# जेपी नड्डा से बीजापुर से सेवानिवृत्त कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से आईएएस एवं बीजापुर से सेवानिवृत्त कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव भी उपस्थित थे। अनुराग पाण्डेय छात्र जीवन से लगभग 4 दशकों तक नडडा से संपर्क में रहे हैं। वे जेएनयू दिल्ली आदि के विभिन्न कार्यक्रमो में नडडा के कुशल नेतृत्व में सहभागी रहें है। आईएएस एवं बीजापुर से सेवानिवृत्त कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने राज्य विशेष कर अन्दरुनी आदिवासी क्षेत्रों में कलेक्टर रहते किये गए कार्यों की नड्डा को जानकारी भी दी।

# विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने वन मंत्री केदार कश्यप को सांसद ने दिया न्यौता



पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप को उनके निवास कार्यालय में बस्तर के सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप के साथ प्रतिनिधिमण्डल ने सौजन्य मुलाकात कर बस्तर दशहरा पर्व में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। मंत्री कश्यप ने सभी आवश्यक तैयारियां की जानकारी ली तथा सफल आयोजन के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दी। मंत्री कश्यप ने कहा कि यह पर्व खास तौर पर यहां की आदिवासी संस्कृति देवी दंतेश्वरी की पूजा और बस्तर राजवंश की परंपराओं से जुड़ा हुआ है। यह त्यौहार बस्तर की सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है इसे देखने के लिए देश-विदेश के लोग आते हैं। उन्होंने कहा कि यह लगभग 75 दिनों तक चलने वाला पर्व है तथा बस्तर की विशिष्ट परंपराओं से जुड़ा हुआ है। दशहरा के दौरान पूरे बस्तर क्षेत्र में विशेष अनुष्ठान, परंपरागत नृत्य, संगीत और शोभायात्राएं की जाती है। उन्होंने मेला समिति के प्रतिनिधियों से कहा कि आयोजन की तैयारी में किसी भी प्रकार की असुविधा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को ना हो तथा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए।

# जिले में डेंगू के रोकथाम के लिए उठाएं प्रभावी कदम, मंत्री देवांगन ने कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com



वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा नगर और पूरे जिले में डेंगू से बचाव और रोकथाम के लिए कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक कदम तत्काल उठाने के निर्देश दिए हैं। मंत्री देवांगन ने अपने पत्र में लिखा है कि विधानसभा क्षेत्र कोरबा सहित पूरे जिले के लोगों में डेंगू बीमारी से ग्रसित होने की संख्या में निरंतर वृद्धि होने की जानकारी आम जनमानस से मिल रही है। जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र पोड़ी-उपरोड़ा, पाली और करतला क्षेत्र के साथ-साथ कोरबा शहरी क्षेत्र में भी लोग डेंगू बीमारी की चपेट में आ रहें हैं। इसकी रोकथाम के लिए नियमित तौर पर कीटनाशक का छिड़काव, नालियों व जल-जमाव के सफाई, आवश्यक चिकित्सकीय उपचार, दवाईयों के वितरण की अत्यंत आवश्यकता है। साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण की व्यवस्था भी करना जरूरी है। इसके अलावा ऐसे प्रभावित क्षेत्र जहां डेंगू के केस में लगातार वृद्धि हो रही है वहां स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से नियमित तौर पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों की जांच के साथ-साथ नये मरीजों की पहचान शीघ्र करने की आवश्यकता है।इसे देखते हुए कोरबा विधानसभा सहित पूरे जिले में डेंगू बीमारी की रोकथाम के लिए विशेष पहल करते हुए आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्था करने के संबंध में स्वास्थ्य विभाग को तत्काल निर्देशित करने कहा है।

# उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक करें विकास : अरुण साव

## नागरिकों से रखें अच्छा व्यवहार, उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर त्वरित निराकरण करें

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com




उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ राज्य के सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों और अभियंताओं को प्रदेश के नए उभरते शहरों की अपेक्षाओं और भावी जरूरतों के मुताबिक विकास कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को नागरिकों से अच्छा व्यवहार और लहजा रखने को कहा। उन्होंने लोगों की समस्याओं और जरूरतों को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक कुंदन कुमार भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार सवेरे वार्ड भ्रमण कर साफ-सफाई और निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण नहीं करने वाले अधिकारियों पर बैठक में गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने सभी अधिकारियों को शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने को कहा। उन्होंने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप कस्बों और छोटे शहरों की विकास की कार्ययोजना बनाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को दिए। उन्होंने लोगों का जीवन आसान और सुविधाजनक बनाने वाले कार्यों को डेवलपमेंट प्लान में शामिल करने को कहा। साव ने अच्छा काम करने वाले नगर पंचायतों की पीठ थपथपाते हुए अन्य नगर पंचायतों को उनकी अच्छी और प्रभावी कार्य प्रणाली का अनुसरण करने को कहा। उप मुख्यमंत्री साव ने बैठक में कहा कि शहरों के विकास और वहां जन सुविधाएं विकसित करने के काम में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जवाबदेही तय कर इस तरह के कार्यों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पूरा सम्मान देते हुए शहर की बेहतरी के लिए उनकी बातों को गंभीरता से सुनने को कहा। साव ने नगर पंचायतों के साथ ही विभाग के क्षेत्रीय (संभागीय) कार्यालयों में पदस्थ अभियंताओं को सक्रियता और जिम्मेदारी से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षेत्रीय कार्यालयों के कार्यपालन अभियंताओं को सप्ताह में तीन दिन नगर पंचायतों का दौरा कर निर्माण कार्यों का निरीक्षण, भौतिक सत्यापन और गुणवत्ता की जांच करने को कहा। साव ने बैठक में नगर पंचायतों में कर्मचारियों के लंबित वेतन और विद्युत देयकों के भुगतान की जानकारी ली। उन्होंने सभी सीएमओ को कर्मचारियों के लंबित वेतन का भुगतान प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संग्रहण की राशि का उपयोग वेतन और स्थापना मद में करने को कहा। उन्होंने निकाय के राजस्व का उपयोग अन्य कार्यों के भुगतान में नहीं करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जेम पोर्टल से ही खरीदी करने के निर्देश दिए गए।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403